शर्मा हार्डওয়্যার
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947
70025-06581

E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in

हिंदी दैनिक

गुवाहाटी, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

# विकसित भारत समाचार

वर्ष : 09 | अंक : 220 | गुवाहाटी | शनिवार, 4 मार्च, 2023 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 12 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

तीन सरकारी कर्मचारी घूस लेते रंगे हाथों गिरफ्तार पेज 3
लीक से हटकर सोच पर्यटन को नई ऊंचाइयों पर ले जा सकती है : प्रधानमंत्री पेज 4
उप्र विधानसभा : विशेषाधिकार हनन में 6 पुलिसकर्मियों को एक दिन का कारावास पेज 5
भाजपा विधायकों और पदाधिकारियों को आज जयपुर रहने का फरमान पेज 8

পূৰ্বাঞ্চল কেশৰী
(অসমীয়া দৈনিক)
PURVANCHAL KESARI
(ASSAMESE DAILY)
GOOD LUCK PUBLICATIONS
House No. 30, D. Neog Path,
ABC, Guwahati - 781005
Mob: 94350 14771, 97070 14771

door graph
Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path,
Near Dona Planet
ABC, G.S. Road,
Guwahati - 05
97079-99344

## सुप्रभात

तुम्हें अंदर से सीखना हैं सबकुछ...। तुम्हें कोई नहीं पढ़ा सकता..., कोई आध्यात्मिक नहीं बना सकता। अगर यह सब कोई सीखा सकता हैं तो यह केवल आपकी आत्मा हैं...।

**स्वामी विवेकानंद**

# मेघालय के कई इलाकों में हिंसा और कर्फ्यू



**शिलांग।** मेघालय विधानसभा चुनावों के नतीजे घोषित कर दिए गए हैं। किसी भी पार्टी को पूर्ण बहुमत नहीं मिला है। इस बीच राज्य के तमाम हिस्सों में हिंसा में हिंसक घटनाएं देखने को मिली हैं। मतगणना के बाद हुई हिंसा को देखते हुए पश्चिम जयंतिया हिल्स जिला प्रशासन ने सहस्नियांग गांव में अगले आदेश तक कर्फ्यू लगा दिया है। जानकारी के अनुसार, जमकर पत्थरबाजी हुई है। कारों को आग के हवाले कर दिया गया है और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाया गया है। हिंसा सोहरा और मायरंग जैसे क्षेत्रों में भी हुई है, जहां धारा 144 लागू की गई है। इसके अतिरिक्त सहस्नियांग में जिला मजिस्ट्रेट ने पोस्ट-काउंटिंग हिंसा के बारे में जानकारी मिलने करने के बाद एक कर्फ्यू लगाया। वेस्ट जेंटिया हिल्स के डीसी ने चिंता व्यक्त की है और उन्होंने कहा है कि अगर मेघालय के चुनावों के बाद हिंसा पर काबूं नहीं पाया जाता तो ये और फैल सकती थी। साथ ही साथ सार्वजनिक संपत्ति को बड़ा नुकसान पहुंचाया जा सकता था और लोगों की जान जा सकती थी। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कर्फ्यू लगाया गया है। जिला मजिस्ट्रेट बीएस सोहलिया ने कहा कि तुरंत हिंसा को रोकने और क्षेत्र में सार्वजनिक शांति को बहाल करने के लिए धारा 144 सीआरपीसी के तहत कर्फ्यू को साहस्नियांग गांव में तत्काल प्रभाव से लगाया गया है और आगे के आदेशों तक जारी रहेगा। बताया गया है कि सोहरा में एक -शेष पृष्ठ दो पर

# त्रिपुरा में प्रतिमा भौमिक भाजपा की पहली पसंद



**अगरतला।** त्रिपुरा के मुख्यमंत्री मानिक साहा ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। शुक्रवार को राज्यपाल सत्यदेव नारायण से मुलाकात के बाद उन्होंने अपना इस्तीफा सौंपा। इस्तीफा देने के बाद उन्होंने नई सरकार के गठन पर कोई बात नहीं कही है। इससे त्रिपुरा के नए मुख्यमंत्री को लेकर अटकलें बढ़ गई हैं। राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महिला दिवस (8 मार्च) पर त्रिपुरा में किसी महिला को मुख्यमंत्री बना सकते हैं। इसे भाजपा को अभूतपूर्व रूप से मिल रहे महिला मतदाताओं के समर्थन का परिणाम बताया जा रहा है। इस समय भाजपा शासित राज्यों में एक में भी महिला मुख्यमंत्री नहीं है। महिला मुख्यमंत्री के रूप में धनपुर सीट से जीतीं प्रतिमा भौमिक का नाम चर्चा में है। *दीदी* के नाम से मशहूर प्रतिमा भौमिक को मुख्यमंत्री बनाकर भाजपा अपनी महिला मतदाताओं में विशेष संदेश दे सकती है। इससे पूरे देश की महिला मतदाताओं के बीच एक बेहतर संदेश दिया जा सकता है। दरअसल, भाजपा ने त्रिपुरा विधानसभा चुनाव के अंतिम वर्ष में विप्लब देब को हटाकर मानिक साहा को राज्य का मुख्यमंत्री बनाया था। माना गया था कि बेहद साफ-सुथरी छवि के मानिक साहा के कारण भाजपा को एंटी-इनकम्बेंसी फैक्टर को कमजोर करने में मदद मिली और भाजपा इस वामपंथी गढ़ में दोबारा सत्ता में आने में कामयाब रही। भाजपा गठबंधन को 60 सीटों वाले सदन में 33 सीटों पर सफलता मिली है। माना जा -शेष पृष्ठ दो पर

## ऑस्कर 2023 में दिखेंगी दीपिका पादुकोण

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण इस साल ऑस्कर पुरस्कार समारोह में पुरस्कार प्रदान करने के लिए शिरकत करेंगी। दीपिका ने वीरवार रात सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर ऑस्कर 2023 के *प्रेजेंटर* की सूची साझा करते हुए यह जानकारी की। भारत इस साल तीन श्रेणियों में अपनी दावेदारी पेश कर रहा है। फिल्मकार एस. एस. राजामौली की फिल्म *आरआरआर* का गीत *नाटु नाटु* सर्वश्रेष्ठ मूल गीत श्रेणी में, भारतीय -शेष पृष्ठ दो पर

# हितेश कुमार शर्मा ने ली उप-लोकायुक्त पद की शपथ



**गुवाहाटी (हि.स.)।** राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने शुक्रवार को राजभवन में आयोजित एक समारोह में न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) हितेश कुमार शर्मा को असम के उप-लोकायुक्त के रूप में पद की शपथ दिलाई। इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा भी उपस्थिति रहे। बाद में राज्यपाल ने एक बयान में कहा कि मैं जिम्मेदारी की इस नई भूमिका के लिए उन्हें शुभकामनाएं देता हूं। निष्पक्षता, न्याय और निष्पक्षता के -शेष पृष्ठ दो पर

## न्यूज गैलरी

### सोनिया गांधी अस्पताल में

**नई दिल्ली।** पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को बुखार के कारण दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह जानकारी अस्पताल ने बयान जारी कर दी है। अस्पताल ने कहा कि वह निगरानी में है और उनके टेस्ट किए जा रहे है और हालत स्थिर है। सोनिया गांधी को गुरुवार को अस्पताल में भर्ती कराया गया था और वह चेस्ट मेडिसिन विभाग के सीनियर कंसल्टेंट डॉ. अरूप बसु और उनकी टीम की देखरेख में हैं। इस साल यह दूसरी बार है जब उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। -शेष पृष्ठ दो पर

### सांग्मा का दावा पहेली

**शिलांग।** नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) के प्रमुख कोनराड के सांग्मा ने शुक्रवार को मेघालय के राज्यपाल फागू चौहान से मुलाकात कर राज्य में सरकार बनाने का दावा पेश किया। राज्य के निवर्तमान मुख्यमंत्री सांग्मा ने दावा किया कि 60 सदस्यीय विधानसभा में 32 से अधिक विधायकों के समर्थन के साथ उनके पास स्पष्ट बहुमत है। हालांकि उन्होंने सहयोगी दलों के बारे में कोई जानकारी देने से इनकार कर दिया। सांग्मा ने राजभवन -शेष पृष्ठ दो पर

### आतंकवादी बासित अहमद की संपत्ति कुर्क

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में हिज्बुल मुजाहिदीन के आतंकवादी बासित अहमद रेशी की संपत्ति गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम कानून (यूएपीए) के तहत शुक्रवार को कुर्क कर ली गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि रेशी सीमा पार से कश्मीर में आतंकवाद के वित्तपोषण सहित कई आतंकी अपराधों में शामिल था। इन दिनों वह पाकिस्तान में है। अधिकारियों के अनुसार, -शेष पृष्ठ दो पर

# मेघालय-नगालैंड पर भाजपा का दावा गलत : एजेपी

**गुवाहाटी।** क्षेत्रीय दल असम जातीय परिषद (एजेपी) ने शुक्रवार को कहा कि भाजपा ने जो यह दावा किया है कि उसने मेघालय, नगालैंड एवं त्रिपुरा में सरकार बना ली है, वह पूरी तरह सही नहीं है क्योंकि पहले के दो राज्यों में उसकी नगण्य उपस्थिति है। अगप महासचिव जगदीश भूइंया ने कहा कि भाजपा ने नगालैंड में क्षेत्रीय दल एनडीपीपी के साथ मिलकर चुनाव लड़ा और मेघालय में उसने अपने बलबूते पर चुनाव लड़ा एवं वह महज दो सीट ही जीत पाई। उन्होंने कहा कि हम निरापद रूप से कह सकते हैं कि मेघालय एवं नगालैंड में असली राजनीतिक सत्ता अब भी क्षेत्रीय दलों के पास है। भूइंया ने कहा कि तीसरे राज्य त्रिपुरा में विधानसभा चुनाव में भाजपा की सीटें 36 से 32 रह गईं तथा उसका सहयोगी दल आठ से एक पर आ गया। इन दोनों दलों ने मिलकर 2018 में विधानसभा चुनाव लड़ा था और वाममोर्चा को सत्ता से बेदखल किया था। अगप नेता ने कहा कि दूसरी तरफ, विधानसभा चुनाव में पहली बार उतरी टिपरा मोथा -शेष पृष्ठ दो पर

# लालच ने भ्रष्टाचार को कैंसर की तरह बढ़ाया : एससी



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि धन के लिए अतृप्त लालच ने भ्रष्टाचार को कैंसर की तरह विकसित करने में मदद की है। संवैधानिक अदालतों का देश के लोगों के प्रति कर्तव्य है कि वे भ्रष्टाचार के प्रति शून्य सहनशीलता दिखाएं और अपराध करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें। शीर्ष अदालत ने कहा कि धन के समान वितरण को हासिल करने का प्रयास कर भारत के लोगों के लिए सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने के लिए संविधान के *प्रस्तावना के वादे* को प्राप्त करने में भ्रष्टाचार एक प्रमुख बाधा है। जस्टिस एस रवींद्र भट और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ ने छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के उस आदेश को रद्द करते हुए यह टिप्पणी की, जिसमें राज्य के पूर्व प्रिंसिपल सेक्रेटरी अमन सिंह और उनकी पत्नी के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के आरोप में दर्ज एफआईआर को रद्द कर दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट -शेष पृष्ठ दो पर

# मेघालय में मिलकर काम करेंगे : पीएम मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मेघालय विधानसभा चुनाव में सराहनीय प्रदर्शन के लिए नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) के प्रमुख कोनराड सांग्मा को शुक्रवार को बधाई दी। उन्होंने कहा कि मेघालय की प्रगति के लिए वह एनपीपी के साथ मिलकर काम करते रहने को लेकर उत्सुक हैं। दूसरी ओर, सांग्मा ने राज्यपाल फागू चौहान से मिलकर नई सरकार बनाने का दावा पेश कर दिया है। प्रधानमंत्री मोदी की ओर से सांग्मा के एक ट्वीट के जवाब में यह प्रतिक्रिया दी गई। सांग्मा के नेतृत्व में सरकार गठन के लिए भारतीय -शेष पृष्ठ दो पर

# सीजेआई को और ज्यादा काम करना होगा : कानून मंत्री



**नई दिल्ली।** केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रीजिजू ने कहा कि वह देश के विभिन्न हिस्सों में स्थापित फास्ट ट्रैक विशेष अदालतों के मौजूदा कामकाज से बहुत संतुष्ट नहीं है। उन्होंने इस तरह की अदालतों की क्षमता बढ़ाने के लिए जांच एजेंसियों और फोरेंसिक प्रयोगशालाओं को मजबूत करने की वकालत की। रीजिजू ने यहां राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) द्वारा आयोजित एक सम्मेलन में अपने संबोधन में किसी व्यक्ति या राज्य का नाम लिये बिना कहा कि कुछ उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीश और कुछ राज्यों के मुख्यमंत्रियों को और अधिक काम करना होगा। फास्ट ट्रैक विशेष अदालत (एफटीएससी) योजना को न्याय विभाग के अधीन संचालित किया जा रहा है। कानून मंत्री ने कहा कि मुझे सुनिश्चित करना है कि जो भी विधायी काम किए जाने हैं, जमीन पर किए जाएं। उन्होंने कहा -शेष पृष्ठ दो पर

# धर्म पर टिकी हुई है पूरी मानवता : राष्ट्रपति



**भोपाल (हि.स.)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि मानवता के दुख के कारण का बोध कराना और उस दुख को दूर करने का मार्ग दिखाना, पूर्व के मानववाद की विशेषता है, जो आज के युग में और अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। धर्म-धम्म की अवधारणा भारतीय चेतना का मूल स्वर रही है। हमारी परंपरा में कहा गया है कि जो सबको धारण करता है, वह धर्म है। धर्म की आधारशिला पर ही पूरी मानवता टिकी हुई है। राष्ट्रपति शुक्रवार को भोपाल में 7वें अंतर्राष्ट्रीय धर्म-धम्म सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि राग और द्वेष से मुक्त होकर मैत्री, करूणा और अहिंसा की भावना से व्यक्ति और समाज का विकास करना, पूर्व के मानववाद का प्रमुख संदेश रहा है। नैतिकता पर आधारित व्यक्तिगत आचरण और समाज व्यवस्था पूर्व के मानववाद का ही व्यावहारिक रूप है। नैतिकता पर आधारित इस व्यवस्था को बचाए रखना और मजबूत करना हर व्यक्ति का कर्तव्य माना गया है। उन्होंने कहा कि धर्म-धम्म की हमारी परंपरा में *सर्वे भवंतु सुखिन:* की प्रार्थना हमारे जीवन का हिस्सा रही है। यही पूर्व के मानववाद का सार-तत्व है और आज के युग की सबसे बड़ी जरूरत भी है। यह सम्मेलन मानवता की एक बड़ी जरूरत को पूरा करने की दिशा में सार्थक प्रयास है। यही कामना है कि समस्त विश्व समुदाय पूर्व के मानववाद से लाभान्वित हो। राष्ट्रपति मुर्मू ने धर्म-धम्म सम्मेलन के लिए राज्य सरकार, सांची विश्वविद्यालय और इंडिया -शेष पृष्ठ दो पर

# बिहारियों पर हमले की जांच करने आज तमिलनाडु जाएगी टीम



**पटना।** तमिलनाडु में बिहारी मजदूरों पर हमले के वीडियो वायरल होने के बाद प्रदेश में बवाल मचा हुआ है। तमिलनाडु सरकार इसे अफवाह करार दे चुकी है। बिहार में विपक्ष के हंगामे के बाद अब सच्चाई जानने के लिए बिहार सरकार अफसरों की एक टीम तमिलनाडु भेजेगी। बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने मुख्य सचिव आमिर सुबहानी और डीजीपी आरएस भट्टी के साथ बैठक के बाद यह निर्देश दिया। नेता प्रतिपक्ष विजय सिन्हा ने बताया कि उन्होंने सम्राट चौधरी व अन्य विपक्षी विधायकों के साथ शुक्रवार को सीएम से मुलाकात की है। उन्होंने कहा कि हम लोगों ने सीएम से मांग की कि बिहार से एक सर्वदलीय टीम अधिकारियों के साथ तमिलनाडु भेजी जाए। इस पर सीएम ने डीजीपी और मुख्य सचिव को बुलाकर कहा कि अधिकारियों की एक टीम कल ही भेजी जाए। सीएम ने कहा कि जो लोग भी तमिलनाडु से बिहार आना चाहते हैं, उन्हें वापस लाया जाएगा। फिलहाल डीजीपी और मुख्य सचिव की मुख्यमंत्री के साथ मीटिंग हो रही है। मीटिंग के बाद ही फैसला होगा कि टीम में कौन-कौन जाएंगे। बिहार विधानसभा की कार्यवाही के 5वें दिन तमिलनाडु में बिहारियों पर हो रहे हमलों को लेकर सदन में सरकार और विपक्ष आमने-सामने हैं। सदन में भाजपा विधायकों ने जमकर हंगामा किया। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजय सिन्हा ने कहा कि तमिलनाडु में मजदूरों के साथ दुखद घटनाएं हो रही हैं। उन्होंने कहा कि इस मामले में तमिलनाडु के डीजीपी झूठ बोल रहे हैं। जमुई और मुंगेर के लोग सहमे हुए -शेष पृष्ठ दो पर

# हिंदू ग्रंथों की फिर समीक्षा हो : भागवत



**नागपुर।** आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने हिंदू धर्म ग्रंथों की दोबारा समीक्षा करने की बात कही है। उन्होंने कहा कि हमारे यहां पहले ग्रंथ नहीं थे। हमारा धर्म मौखिक परंपरा से चलता आ रहा था। बाद में ग्रंथ इधर-उधर हो गए और कुछ स्वार्थी लोगों ने ग्रंथ में कुछ-कुछ घुसाया जो गलत है। उन ग्रंथों, परंपराओं के ज्ञान की फिर एक बार समीक्षा जरूरी है। भागवत का यह बयान नागपुर के कान्होलीबारा में आर्यभट्ट एस्ट्रोनोमी पार्क के उद्घाटन के दौरान आया। भागवत ने कहा कि हमारे पास वैज्ञानिक दृष्टिकोण भी था, जिसके आधार पर हम चले। लेकिन विदेशी आक्रमणों के -शेष पृष्ठ दो पर

**CLASSIFIED**

For all kinds of classified advertisements please contact

**97070-14771**
**86382-00107**

**MURTI AVAILABLE**

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

# पूर्वोत्तर को कांग्रेस सौतेली नजर से देखती है : भाजपा

**गुवाहाटी ( हि.स. )।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़के की पूर्वोत्तर के संबंध में की गयी एक टिप्पणी को असम प्रदेश भाजपा ने बेहद शर्मनाक करार दिया है। भाजपा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस पूर्वोत्तर क्षेत्र को शुरू से सौतेली नजर से देखती है। शुक्रवार को गुवाहाटी के वशिष्ठ में स्थित प्रदेश भाजपा मुख्यालय पर एक संवाददाता सम्मेलन में प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता रूपम गोस्वामी और कल्याण गोगोई ने कहा कि कांग्रेस पार्टी अतीत से ही पूर्वोत्तर को सौतेली नजर से देख रही है। प्रवक्ता गोस्वामी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने 1962 में असम को चीन को सौंपने में संकोच नहीं किया था। उनके पोते राहुल गांधी ने ट्विटर पर



कहा था कि भारत का मतलब कश्मीर से कन्याकुमारी तक, गुजरात से पश्चिम बंगाल तक फैला एक क्षेत्र है। इसे दोहराते हुए कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे की उत्तर-पूर्व के बारे में की गई हालिया टिप्पणी पूरे पूर्वोत्तर लोगों के लिए दुखदायी है। उन्होंने कहा कि मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष भूपेन बोरा को असम और पूर्वोत्तर राज्यों के पूरे लोगों से माफी मांगनी चाहिए। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि पूर्वोत्तर और उसके लोग लंबे समय तक विकास से वंचित रहे। उत्तर-पूर्व के प्रति कांग्रेस पार्टी के नेताओं के रवैये के विपरीत, भाजपा ने उत्तर-पूर्व को अत्यंत महत्व दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्वोत्तर को अष्टलक्ष्मी कहा है। उनके कुशल नेतृत्व में ही देश के अन्य भागों के साथ-साथ पूर्वोत्तर में भी चहुंमुखी विकास की प्रवृत्ति अपने चरम पर है। पत्रकार वार्ता में कल्याण गोगोई ने कहा कि कांग्रेस नेता का बयान निराशा का संकेत है।

# पाक में राजनेताओं-जजों व जनरलों से वसूला जाएगा टोल टैक्स

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की लोक लेखा समिति (पीएसी) ने *वीआईपी कल्चर* पर लगाम कसते हुए राजनेताओं, न्यायाधीशों और जनरलों सहित सभी से टोल टैक्स वसूलने का आदेश दिया है। इसमें केवल सशस्त्र बलों और पुलिस के ऑन-ड्यूटी कर्मियों को छूट दी जाएगी। पीएसी के अध्यक्ष नूर आलम खान ने मंगलवार को कहा कि न्यायाधीशों और जनरलों सहित किसी को भी छूट नहीं दी जानी चाहिए। पीएसी प्रमुख ने इस्लामाबाद-लाहौर मोटरमार्ग को पिछले सप्ताह कई घंटों के लिए बंद किए जाने की खबरों पर आपत्ति जताते हुए कहा कि वीआईपी आवाजाही के कारण कोई मोटर मार्ग बंद नहीं किया जाना चाहिए। कोई भी कानून और संविधान से ऊपर नहीं है। उन्होंने जोर देकर कहा कि देश की राजनीतिक और आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए वीआईपी कल्चर को खत्म करना जरूरी है। संचार मंत्रालय के सचिव ने समिति को सूचित किया कि संसद के निर्देश पर विधायकों के लिए टोल टैक्स के भुगतान में ढील दी जा रही थी, लेकिन अब छूट वापस लेने के बाद उन्हें लेवी का भुगतान करने के लिए कहा जा रहा है। सचिव मुहम्मद खुर्रम आगा ने कहा कि हम पीएसी के निर्देशों से बंधे हैं। पीएसी के सदस्यों ने बार-बार अनुरोध के बावजूद फ्रंटियर वर्क्स ऑर्गनाइजेशन (एफडब्ल्यूओ) के महानिदेशक द्वारा उपस्थित नहीं होने पर चिंता व्यक्त की और उन्हें अगली बैठक के लिए बुलाया। पीएसी ने संचार मंत्रालय के 2020-21 और 2021-22 के ऑडिट पैरा की समीक्षा की। बैठक में नोट किया गया कि ऐसे कई उदाहरण थे जहां धन व्यपगत हो गया था। लेकिन मंत्रालय का संस्करण यह था कि गलतियां जानबूझकर नहीं की गई थीं। कुछ मामलों में, धन समय पर जारी नहीं किया गया जबकि एक मामले में व्यपगत राशि नगण्य थी। एक अन्य मामले में, परियोजनाओं को पूरा करने के लिए अपर्याप्त धनराशि जारी की गई थी।

## पत्रकार के घर में चोरी

**गुवाहाटी ( हि.स. )।** कामरूप (ग्रामीण) जिलांतर्गत उत्तर गुवाहाटी स्थित एक पत्रकार गोपाल ठाकुरिया के घर में चोरी है। चोरी के समय ठाकुरिया अपने परिवार के साथ घर से बाहर थे। चोरी की घटना की जानकारी शुक्रवार को सामने आयी। बताया कि चोर घर का ताला तोड़कर घर में घुस गए और इनवर्टर, लैपटॉप, सोना एवं चांदी के आभूषण के साथ ही नकदी चुराकर फरार हो गये। इस संबंध में पीड़ित ने प्राथमिकी दर्ज करायी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## तेज रफ्तार कार दुर्घटनाग्रस्त, चार घायल

**तिनसुकिया ( हि.स. )।** तिनसुकिया जिला के डिगबोई के बोगापानी इलाके में हुई एक सड़क दुर्घटना में कार में सवार 4 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार को इलाके में स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग-38 के किनारे बोगापानी के भागारिया मंदिर के समीप एक कार (एएस-23एई-3537) सड़क के किनारे दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। घटना के समय कार में दो युवक और युवती सवार थे। घटना की खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने सभी घायलों को गंभीर अवस्था में इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। घायलों की पहचान प्रस्तुति खाटूवाल, शिवानी बरुवा, तपन गोगोई और सूरजीत बरुवा के रूप में की गई है। पुलिस इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

## राजनाथ ने इजराइली रक्षा मंत्री से टेलीफोन पर की बात

**नई दिल्ली ( हि.स.।)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को अपने इजरायली समकक्ष के साथ टेलीफोन पर बातचीत की। उन्होंने *आत्मनिर्भर भारत* के तहत स्वदेशी रक्षा निर्माण के लिए सरकार की प्राथमिकता पर प्रकाश डाला। राजनाथ सिंह ने इजराइली उद्योगों को भारत में निवेश करने और विशेष रूप से आला प्रौद्योगिकियों में सहयोग के लिए क्षेत्रों



की पहचान करने के लिए आमंत्रित किया। रक्षा मंत्री ने आज इजराइल के रक्षा मंत्री योआव गैलेंट के साथ टेलीफोन पर बातचीत की। यह दोनों मंत्रियों के बीच पहली बातचीत थी। उन्होंने इजरायल के रक्षा मंत्री के रूप में नियुक्ति पर श्री गैलेंट को बधाई दी। राजनाथ सिंह ने *आत्मनिर्भर भारत* के तहत रक्षा उपकरणों के स्वदेशीकरण और घरेलू विनिर्माण के लिए सरकार की प्राथमिकता को रेखांकित किया। उन्होंने विशेष रूप से आला प्रौद्योगिकियों में सहयोग के लिए क्षेत्रों की पहचान करने के उद्देश्य से भारतीय कंपनियों के साथ संयुक्त उद्यमों में अपने निवेश को गहरा करने के लिए इजरायली उद्योगों को आमंत्रित किया। उन्होंने हाल ही में संपन्न हुए एयरो इंडिया के दौरान भारतीय और इजरायली कंपनियों के बीच कुछ महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की। इजराइल के रक्षा मंत्री ने इस क्षेत्र में भारत की सकारात्मक भूमिका पर प्रकाश डाला और दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को बढ़ाने में अपनी सरकार की गहरी रुचि से अवगत कराया।

## ईएसआईसी मॉडल अस्पताल में लगा फाइब्रोस्कैन और बोन मैरो डेंसिटोमेट्री शिविर

**गुवाहाटी ( हि.स. )।** गुवाहाटी का ईएसआईसी मॉडल अस्पताल रोगियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रहा है। लीवर और हड्डी की विभिन्न प्रकार की समस्याओं का पूरी तरह नि:शुल्क निदान करने के लिए चिकित्सालय में शुक्रवार को फाइब्रोस्कैन कैंप आयोजित किया गया। इस कैंप में लीवर सिरोसिस एवं अन्य जटिल बीमारियों के निदान के लिए करीब एक करोड़ रुपए की मशीन से दोपहर तक करीब 250 मरीजों की जांच की गयी। इसके अलावा मूल्यवान मशीनों से युक्त बोन मैरो डेंसिटोमेट्री कैंप भी लगाया गया। तकनीशियनों और डॉक्टरों द्वारा लगभग इतने ही मरीजों की जांच की गई। डॉ. ईएसआईसी मॉडल अस्पताल गुवाहाटी की चिकित्सा अधीक्षक डॉ. विजय डेका ने दोनों शिविरों की जानकारी देते हुए फाइब्रोस्कैन एक गैर-इनवेसिव



डायग्नोस्टिक अल्ट्रासाउंड-आधारित उपकरण है जिसका उपयोग लीवर के विभिन्न रोगों के कारण होने वाले फाइब्रोसिस या लिवर के निशान को मापने के लिए किया जाता है। इसके अलावा, अस्थि मज्जा डेन्सिटोमेट्री हड्डी के माध्यम से दो अलग-अलग ऊर्जा स्तरों के साथ एक्स-रे पास करके हड्डी में कैल्शियम और अन्य खनिजों की मात्रा को मापता है। अस्थि घनत्व, शक्ति और मोटाई को भी मापा जा सकता है। हड्डी की समस्याओं का आमतौर पर निचली रीढ़, कूल्हों, निचली भुजाओं, कलाई, उंगलियों और टखनों का निदान किया जाता है। चिकित्सा अधीक्षक ने कहा कि गुवाहाटी ईएसआईसी मॉडल अस्पताल केंद्र सरकार की सार्वभौमिक स्वास्थ्य सुरक्षा को लागू कर रहा है। इसी सिलसिले में उन्होंने 27 फरवरी को ईएसआईसी का स्थापना दिवस समारोह मनाया।

No.JP.4/PMA Y/2022 /293

**RESULT OF THE WALK-IN-INTERVIEW**

The following candidate has been selected for the post of "**City Project Manager- MIS Specialist**" on contractual basis for Jorhat Municipal Board under PMAY-HFA (U), Assam as per walk-in-interview held on **10/01/2023.**

| Sl. No. | Name of Candidate | Father/ Husband Name of the Candidate | Address of the Candidate | Contact No. |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Bidyut Bikash Borpujzari | Dwizendra Nath Borpuzari | Tarajan Path, Near Hanuman Mandir, Jorhat | 9101068214 |

Deputy Commissioner, Jorhat.

***-- Janasanyog /D/22980/22***

# पृष्ठ एक का शेष

## मेघालय के कई ...

स्थानीय समाचार चैनल ने गलत खबर चला दी कि एनपीपी उम्मीदवार ग्रेस मैरी खारपुरी को शेला विधानसभा क्षेत्र से जीत हासिल हुई है। हालांकि वह बढ़त बनाए हुई थीं, लेकिन बाद में इस सीट से यूडीपी के उम्मीदवार बालाजिद सिंक ने जीत हासिल की। इसी के साथ एनपीपी के कार्यकर्ता हिंसा पर उतारू हो गए और जमकर पत्थरबाजी की। मेघालय में 27 फरवरी को हुए विधानसभा चुनाव के नतीजे गुरुवार को घोषित किए गए। इनके मुताबिक, एनपीपी राज्य में सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी है और उसने 59 में से 26 सीट पर जीत दर्ज की है। एनपीपी बहुमत का आंकड़ा हासिल करने से कुछ सीट से चूक गई है। इस बीच, असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि सांग्मा ने नई सरकार के गठन के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से समर्थन मांगा है। यूनाइटेड डेमोक्रेटिक पार्टी (यूडीपी) ने 11 सीट जीती हैं। वह सांग्मा के नेतृत्व वाली मौजूदा सरकार में एनपीपी की सहयोगी थी। 2018 के विधानसभा चुनाव में उसने सिर्फ छह सीट जीती थीं।

## त्रिपुरा में प्रतिमा ...

रहा है कि पीएम नरेंद्र मोदी की महिला केंद्रित योजनाओं के कारण वे भाजपा की बड़ी समर्थक बनकर उभरी हैं, जिससे भाजपा को लगातार चुनावों में सफलता मिल रही है। एक्सिस माई इंडिया के एक सर्वे ने पाया था कि 2022 में हुए उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में पुरुषों के 44 फीसदी की बजाय 48 फीसदी महिला मतदाताओं ने भाजपा को समर्थन दिया था। उत्तराखंड में 42 फीसदी पुरुषों के मुकाबले 46 फीसदी महिला मतदाताओं ने भाजपा को वोट दिया। इसी प्रकार मणिपुर विधानसभा चुनाव में 42 फीसदी महिला मतदाताओं ने भाजपा को वोट डाला था।

## ऑस्कर 2023 में ...

वृत्तचित्र *ऑल दैट ब्रीद्स* वृत्तचित्र फीचर श्रेणी में और द *एलिफेंट व्हिस्परर्स* लघु विषय श्रेणी में नामित है। द *एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज* (एएमपीएएस) के अनुसार, पुरस्कार समारोह का अयोजन 12 मार्च को अमेरिका के लॉस एंजिलिस के *डोली थिएटर* मे किया जाएगा। इससे पहले दीपिका ने कान फिल्म उत्सव 2022 की 75वीं वर्षगांठ पर बतौर *ज्यूरी* भारत का नेतृत्व किया था। अर्जेंटीना और फ्रांस के बीच फाइनल से पहले पिछले साल 18 दिसंबर को लुसैल स्टेडियम में फीफा विश्व कप ट्रॉफी का भी उन्होंने अनावरण किया था।

## हितेश कुमार शर्मा ...

प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता निश्चित रूप से सकारात्मक बदलाव और न्याय प्रदान करेगी। शपथ ग्रहण समारोह में असम सरकार के मुख्य सचिव पबन कुमार बरठाकुर, गुवाहाटी हाई कोर्ट के न्यायाधीश, कानूनी क्षेत्र के सदस्य, डीजीपी जीपी सिंह और राज्य सरकार के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## मेघालय-नगालैंड पर ...

ने 13 सीट जीत ली जो राज्य में उसकी लोकप्रियता एवं सफलता की कहानी कहती है। उन्होंने कहा कि नगालैंड में भाजपा 20 सीटों पर चुनाव लड़ी और वह बस 12 सीट ही जीत पाई जबकि यह क्षेत्रीय दल एनडीपीपी ही है जिसने 40 में से 25 सीट जीती और इस गठबंधन को बहुमत मिला। भूइंया ने कहा कि इसलिए, यह वाकई भाजपा नहीं बल्कि एनडीपीपी है जिसका राज्य में कोई असल प्रभाव है।

## लालच ने भ्रष्टाचार ...

ने मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि यद्यपि यह भारत के लोगों को धन के समान वितरण को प्राप्त करने के लिए प्रयास करके सामाजिक न्याय को सुरक्षित करने के लिए संविधान का प्रस्तावना वादा है, यह अभी तक एक दूर का सपना है। यदि मुख्य नहीं, तो प्रगति प्राप्त करने के लिए अधिक प्रमुख बाधाओं में से एक है। यह क्षेत्र नि:संदेह *भ्रष्टाचार* है। पीठ ने कहा कि भ्रष्टाचार एक अस्वस्थता है, जिसकी उपस्थिति जीवन के हर क्षेत्र में व्याप्त है। यह अब शासन की गतिविधियों तक सीमित नहीं है, अफसोस की बात है कि जिम्मेदार नागरिक कहते हैं कि यह किसी के जीवन का एक तरीका बन गया है। शीर्ष अदालत ने कहा कि यह पूरे समुदाय के लिए शर्म की बात है कि हमारे संविधान निर्माताओं के मन में जो ऊंचे आदर्श थे, उनका पालन करने में लगातार गिरावट आ रही है और समाज में नैतिक मूल्यों का ह्रास तेजी से बढ़ रहा है। कोर्ट ने अपनी टिप्पणी में हिंदू धर्म का भी उल्लेख किया। कहा कि भ्रष्टाचार की जड़ का पता लगाने के लिए अधिक बहस की आवश्यकता नहीं है। हिंदू धर्म में सात पापों में से एक माना जाने वाला *लालच* अपने प्रभाव में प्रबल रहा है। वास्तव में, धन के लिए अतृप्त लालच ने भ्रष्टाचार को कैंसर की तरह विकसित करने में मदद की है। यदि भ्रष्टाचारी कानून लागू करने वालों को धोखा देने में सफल हो जाते हैं, तो उनकी सफलता पकड़े जाने के डर को भी खत्म कर देती है। वे इस अहंकार में डूबे रहते हैं कि नियम और कानून विनम्र लोगों के लिए हैं न कि उनके लिए। पकड़ा जाना उनके लिए पाप है।

## मेघालय में मिलकर...

जनता पार्टी (भाजपा) की ओर से एनपीपी को समर्थन पत्र सौंपे जाने पर उन्होंने (सांग्मा) एक ट्वीट कर भाजपा नेतृत्व का आभार जताया था। इसके जवाब में पीएम मोदी ने एक ट्वीट में कहा कि मैं मेघालय विधानसभा चुनावों में कोनराड सांग्मा की पार्टी के सराहनीय प्रदर्शन के लिए उन्हें बधाई देना चाहता हूं। मेरे मित्र स्वर्गीय पी ए सांग्मा जी को आज बहुत गर्व होता। मेघालय की प्रगति के लिए साथ मिलकर काम करते रहने को लेकर उत्सुक हूं। मालूम हो कि पी ए सांग्मा लोकसभा के अध्यक्ष रह चुके हैं। कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) से अलग होने के बाद उन्होंने एनपीपी का गठन किया था। साल 2016 में दिल का दौरा पड़ने से राष्ट्रीय राजधानी स्थित राम मनोहर लोहिया अस्पताल में उनका निधन हो गया था। इससे पहले, कोनराड सांग्मा ने समर्थन देने के लिए भाजपा का आभार प्रकट करते हुए कहा कि मेघालय और वहां की जनता की साथ मिलकर सेवा करेंगे। मेघालय में कल गुरुवार को घोषित हुए चुनाव परिणाम में एनपीपी 59 में से 26 सीटें जीत कर सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी। जबकि भाजपा सिर्फ दो ही सीट जीत सकी। चुनाव नतीजों के बाद सांग्मा ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को फोन कर सरकार बनाने में भाजपा की मदद मांगी थी। इसके बाद, भाजपा ने देर रात एनपीपी को समर्थन देने का पत्र उन्हें सौंपा था। दूसरी ओर, एनपीपी के प्रमुख कोनराड सांग्मा ने आज शुक्रवार को मेघालय के राज्यपाल फागू चौहान से मुलाकात कर राज्य में सरकार बनाने का दावा पेश कर दिया। राज्य के निवर्तमान मुख्यमंत्री सांग्मा ने दावा किया कि 60 सदस्यीय विधानसभा में 32 से अधिक विधायकों के समर्थन के साथ उनके पास स्पष्ट बहुमत है। हालांकि उन्होंने सहयोगी दलों के बारे में कोई जानकारी देने से इनकार कर दिया। सांग्मा ने राजभवन जाने से पहले संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे पास स्पष्ट बहुमत है। भाजपा पहले ही समर्थन दे चुकी है। कुछ अन्य ने भी अपना समर्थन दिया है।

## सीजे को और ...

कि यह केंद्र प्रायोजित योजना है और शुरू में 2019 में एक साल के लिए शुरू हुई थी जिसे बढ़ा दिया गया है और योजना के आगे विस्तार की प्रक्रिया चल रही है। मैं आश्वासन दे सकता हूं कि हम इसे आगे बढ़ाएंगे। कानून मंत्री ने अपने भाषण में एफटीएससी के संबंध में आंकड़े साझा करते हुए कहा कि मार्च 2018 में मामलों के लंबित रहने के आधार पर न्याय विभाग ने कुल 1,023 फास्ट ट्रैक विशेष अदालतें चिह्नित कीं जिन्हें बलात्कार और पॉक्सो कानून से जुड़े मामलों के त्वरित निस्तारण के लिए 31 राज्यों और केंद्रशासित क्षेत्रों में लागू किया जाना था। इनमें 389 विशेष पॉक्सो अदालत हैं। किरेन रिजिजू ने बताया कि इन 1,023 एफटीएससी में से 769 अदालत अभी तक 28 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में शुरू हो चुकी हैं और 1,37,000 से अधिक मामलों का निस्तारण कर चुकी हैं। उन्होंने यहां विज्ञान भवन में राष्ट्रीय अधिवेशन में अपने संबोधन में कहा कि कानूनी प्रावधानों के अतिरिक्त भी काम करना होगा और समाज को महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के लिए आगे आना होगा।

## धर्म पर टिकी हुई ...

फाउंडेशन की सराहना की। उन्होंने श्रद्धेय कुशाभऊ ठाकरे का स्मरण करते हुए कहा कि इस सभागार को कुशाभाऊ ठाकरे का नाम दिया गया है। जन-सेवा के कार्य में धर्म-धम्म के आदर्शों के अनुरूप नि:स्वार्थ और संपूर्ण समर्पण का उदाहरण प्रस्तुत करने वाले ठाकरे जी का स्मरण सभी को नैतिकता, धर्म और सेवाभाव से जोड़ता है। राष्ट्रपति ने कहा कि हमारे देश की परंपरा में समाज व्यवस्था और राजनैतिक कार्य-कलापों में प्राचीन काल से ही धर्म को केंद्रीय स्थान प्राप्त है। स्वाधीनता के बाद हमने जो लोकतांत्रिक व्यवस्था अपनाई उस पर धर्म-धम्म का गहरा प्रभाव स्पष्ट दिखाई देता है। हमारे राष्ट्रीय प्रतीकों से यह स्पष्टत: प्रदर्शित होता है। अंतर्राष्ट्रीय धर्म-धम्म सम्मेलन में विभिन्न देशों के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं, जो धर्म-धम्म के विचार की वैश्विक अपील का प्रतीक है। प्रारंभ में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राज्यपाल मंगूभाई पटेल, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की उपस्थिति में सम्मेलन का उद्घाटन किया। पुलिस बैंड द्वारा राष्ट्र-गान की धुन का वादन किया गया। सांची विश्वविद्यालय के गीत की विजुअल प्रस्तुति भी हुई। राष्ट्रपति मुर्मू को मुख्यमंत्री चौहान ने अंगवस्त्रम्, प्रतीक-चिन्ह शंकराचार्य जी का चित्र और एकात्म धाम पर केंद्रित पुस्तक भेंट की। राज्यपाल पटेल को आर्गेनाइजिंग कमेटी के को-चेयर प्रो. एस.आर. भट्ट ने प्रतीक-चिन्ह तथा अंगवस्त्रम् भेंट किया। मुख्यमंत्री चौहान को सांची बौद्ध विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. नीरजा गुप्ता द्वारा प्रतीक-चिन्ह भेंट किया गया। राष्ट्रपति ने प्रो. एसआर भट्ट द्वारा लिखित पुस्तक द *पेनारोमा ऑफ इण्डियन फिलॉस्फर्स एण्ड थिंकर्स* का विमोचन किया।

## बिहारियों पर हमले ...

हैं। पलायन कर रहे हैं। तमिलनाडु में एक टीम बनाकर भेजनी चाहिए। इसकी जांच होनी चाहिए। मामला सही निकलेगा। अगर मामला गलत निकला तो मैं माफी मांगूंगा नहीं तो आपको सदन में माफी मांगनी पड़ेगी। विजय सिन्हा के आरोपों पर उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कहा कि तमिलनाडु में बिहार के सभी मजदूर सुरक्षित हैं, इस पर सियासत नहीं करें। जो भी मामला है उसकी सरकार जांच करेगी। जो दोषी पाए जाएंगे उन पर कार्रवाई की जाएगी। बिहार डीजीपी ने वायरल हो रहे वीडियो को झूठा बताया है। आपको हम पर विश्वास नहीं है तो केंद्रीय गृहमंत्री इसकी जांच करवा लें। सिन्हा ने कहा कि उनकी मजदूरों से बात भी हुई है। मजदूरों ने बताया कि तमिलनाडु में हत्याएं हुई है। वह लोग अपने घर नहीं जा पा रहे हैं। उप मुख्यमंत्री जी इस मामले को फर्जी बता रहे हैं। वे एक गुंडे की भाषा बोल रहे हैं। विधानसभा अध्यक्ष भी उन्हीं के इशारे पर चल रहे हैं। सरकार और तमिलनाडु के डीजीपी का बयान झूठा है। वहां से हमारे लोगों को सुरक्षित निकालकर लाएं, नहीं तो हम सड़क पर उतरकर प्रदर्शन करेंगे। तमिलनाडु में 12 लोगों की हत्याएं हुई हैं। बिहार विधान परिषद में नेता विरोधी दल सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार सरकार तमिलनाडु मामले में जनता को गुमराह कर रही है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है। वहां के कई परिवार के लोग यह बता रहे कि तमिलनाडु में उनके साथ क्या-क्या हो रहा है। इसकी जांच होनी चाहिए। पुलिस मुख्यालय भी दबाव में गलत बयान दे रहा है। लोजपा (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने इस मामले पर गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखा है। उन्होंने लिखा कि मैंने भी वीडियो देखा है। बिहार के कई ऐसे मजदूर हैं जो तमिलनाडु में रह रहे हैं उन्होंने मुझसे संपर्क किया है और सोशल मीडिया पर चल रहे वीडियो को सत्य बताया है। परंतु तमिलनाडु का स्थानीय प्रशासन इन खबरों को भ्रामक बता रहा है। इसकी क्या सत्यता है, मैं नहीं जानता, लेकिन अगर यह सत्य है तो यह बिहारियों के लिए बहुत चिंताजनक है। अत: आपसे आग्रह है अपने स्तर से जांच कराकर सच और झूठ का फैसला करें। इस मामले पर वीआईपी सुप्रीमो मुकेश सहनी ने मदद की घोषणा की है। वीआईपी के संस्थापक मुकेश सहनी ने तमिलनाडु में बिहार के मजदूरों पर हो रहे हमले की निंदा की। पटना में शुक्रवार को पत्रकारों से बात की।

## हिंदू ग्रंथों की ...

कारण हमारी व्यवस्था नष्ट हो गई, हमारी ज्ञान की परंपरा खंडित हो गई। हम बहुत अस्थिर हो गए। इसलिए हर भारतीय को कम से कम कुछ बुनियादी ज्ञान होना चाहिए कि हमारी परंपरा में क्या है, जिसे शिक्षा प्रणाली के साथ-साथ लोगों के बीच सामान्य बातचीत के जरिए हासिल किया जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर भारतीयों ने अपने पारंपरिक ज्ञान के आधार का पता लगाया और पाया कि वर्तमान समय के लिए क्या स्वीकार्य है, तो दुनिया की कई समस्याओं को हमारे समाधान से हल किया जा सकता है। भागवत ने कहा कि भारत का पारंपरिक ज्ञान का आधार बहुत बड़ा है, हमारी कुछ प्राचीन किताबें खो गईं, जबकि कुछ मामलों में स्वार्थी लोगों ने इनमें गलत दृष्टिकोण डाला। लेकिन नई शिक्षा नीति के तहत तैयार किए गए सिलेबस में अब ऐसी चीजें भी शामिल हैं, जो पहले नहीं थीं।

## सोनिया गांधी अस्पताल...

जनवरी में, सोनिया गांधी को वायरल रेस्पिरेटरी इंफेक्शन के इलाज के लिए दिल्ली के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इस साल यह दूसरी बार है जब उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जनवरी में, सोनिया गांधी को वायरल रेस्पिरेटरी इंफेक्शन के इलाज के लिए दिल्ली के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनकी बेटी और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा उनके साथ अस्पताल गईं थीं। पार्टी सूत्रों ने बताया था कि सोनिया गांधी सांस संबंधी संक्रमण से पीड़ित थी। हालांकि बाद में बताया गया था उन्हें रुटीन चैक-अप के लिए भर्ती कराया गया था।

## सांग्मा का दावा...

जाने से पहले संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे पास स्पष्ट बहुमत है। भाजपा पहले ही समर्थन दे चुकी है। कुछ अन्य ने भी अपना समर्थन दिया है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की राज्य इकाई के अध्यक्ष अर्नेस्ट मावरी ने बताया कि एनपीपी को 34 विधायकों का समर्थन प्राप्त है, जिनमें हिल स्टेट पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (एचएसपीडीपी), पीपुल्स डेमोक्रेटिक फ्रंट (पीडीएफ), निर्दलीय और भाजपा के विधायक शामिल हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या एनपीपी किसी अन्य पार्टी का समर्थन मांगेगी, इसपर मावरी ने कहा कि इसकी संभावना नहीं है क्योंकि सरकार बनाने के लिए आवश्यक समर्थन हासिल कर लिया गया है। मावरी ने यह दावा भी किया कि नई सरकार सात मार्च को शपथ लेगी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे। मेघालय में 27 फरवरी को विधानसभा की 59 सीटों पर मतदान हुआ था। गुरुवार को चुनाव के परिणाम घोषित किए गए, जिनमें एनपीपी 26 सीट जीतकर सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी। एनपीपी के सहयोगी दल यूनाइटेड डेमोक्रेटिक पार्टी (यूडीपी) ने 11 सीट पर जीत हासिल की है जबकि 2018 के चुनाव में उसे केवल छह सीट पर जीत मिली थी। कांग्रेस और ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस ने पांच-पांच जबकि भाजपा ने दो सीट पर जीत हासिल की है। नवगठित पार्टी वॉयस ऑफ पीपुल्स पार्टी (वीपीपी) ने चार, एचएसपीडीपी तथा पीडीएफ ने दो-दो सीट पर जीत हासिल की है जबकि दो निर्दलीय उम्मीदवारों ने भी जीत दर्ज की है।

## आतंकवादी बासित ...

पिछले साल अक्तूबर में केंद्र द्वारा जारी एक अधिसूचना के माध्यम से उसे यूएपीए के तहत आतंकवादी घोषित किया गया था। पाकिस्तान-स्थित आतंकवादियों के खिलाफ कश्मीर घाटी में इस तरह की यह दूसरी कार्रवाई है। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने गुरुवार को आतंकवादी मुश्ताक अहमद जरगर की संपत्ति कुर्क की थी, जिसे 1999 में अपहृत इंडियन एयरलाइंस के विमान के बंधक यात्रियों को सकुशल छुड़ाने के बदले में दो अन्य आतंकवादियों के साथ रिहा किया गया था। जरगर उर्फ लत्राम 1989 में तत्कालीन केंद्रीय गृहमंत्री मुफ्ती मोहम्मद सईद की बेटी रुबैया सईद के अपहरण सहित आतंकवाद से जुड़े कई मामलों में वांछित था।

## स्वर्वेद भाष्य




**चतुर्थ मंडल** **नवम अध्याय**

**( संत )**

**पूरण ज्ञान विराग में, सन्त छका दिन रात।**
**मस्ताना झूमत रहैं, मैगल इव सव गात॥ 03॥**

**शब्दार्थ :** (छका) पूर्ण तृप्त (मैगल इव) झूमने वाले हाथी के समान (झूमत) हिलना।

**भाष्य :** ज्ञान, वैराग्य से पूर्ण तृप्त संत दिन-रात मैगल हाथी के शरीर के समान मस्ताना हो कर झूमते रहते हैं।

**बैठे धाम विराज में, अनुभव सुख रस सोम।**
**अधह में सृष्टि विराट है, छूटे अक्षर औम॥ 04॥**

**शब्दार्थ :** (सोम रस) ब्रह्मरस (अधह) नीचे (अक्षर) आदि अक्षर (ओम) ब्रह्मांडी ओंकार आदि क्षर शब्द।

**भाष्य :** संत विराजधाम में भैटकर अनुभव सुख सोमरस का उपभोग करते हैं, जिस काल में अध: विराट सृष्टि और अक्षर एवं पंचशब्द ओऽम् आदि छूट जाते हैं।

# तीन सरकारी कर्मचारी घूस लेते रंगे हाथों गिरफ्तार



**गुवाहाटी ( हि.स. )।** असम पुलिस की भ्रष्टाचार निरोधी शाखा द्वारा शुक्रवार को राज्य के विभिन्न हिस्सों में चलाए गए अभियान के दौरान 3 सरकारी कर्मचारियों को रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। इसकी जानकारी असम पुलिस की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा के एडीजीपी सुरेंद्र कुमार ने दी है। एडीजीपी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार आज सबसे पहले पुलिस की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा द्वारा नगांव जिला के कोलियाबोर रेवेन्यू सर्किल के लाट मंडल (लेखपाल) प्रांजल बोरा को रंगेहाथ पकड़ा गया। बोरा ने शिकायतकर्ता से भूमि बिक्री की अनुमति देने और शिकायतकर्ता को कार्रवाई करने के लिए रिश्वत की मांग स्वीकार की थी। दूसरे अभियान के दौरान पुलिस की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा की एक टीम ने रंगे हाथों सहकारी समिति के रजिस्ट्रार कार्यालय के वरिष्ठ सहायक बिद्याधर दास को गिरफ्तार किया। गुवाहाटी के खानापाड़ा स्थित सहकारी समिति के रजिस्ट्रार को शिकायतकर्ता से उसकी पेंशन फ़ाइल पर कार्रवाई करने के लिए मांगी गई रिश्वत को स्वीकार करने के बाद पकड़ा गया। जबकि, तीसरी गिरफ्तारी पुलिस की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा की एक टीम ने मटिया प्रखंड के प्रखंड प्राथमिक शिक्षा अधिकारी बाजलुल बासित सरकार को शिकायतकर्ता के बैंक लोन (व्यक्तिगत) दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने के एवज में रिश्वत के रूप में मांगी गयी धनराशि को स्वीकार करते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। तीनों मामलों में अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## भारी मात्रा में इमारती लकड़ी जब्त की

**कोकराझाड़ ( हि.स. )।** कोकराझाड़ जिलांतर्गत रानीगुली स्थित सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की 6वीं वाहिनी की समवाय टुकड़ाबस्ती के बीओपी सोनापुर एवं समवाय दादगिरी की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर संयुक्त कार्यवाही करते हुए भारी मात्रा में इमारती लकड़ी जब्त की। एसएसबी के सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि भारत-भूटान सीमावर्ती पिलर संख्या-168 से लगभग 12.5 किमी दूर भारत की ओर नाकेदारा जंगली इलाके में संयुक्त गस्ती की और इस दौरान एक पिकअप गाड़ी पर लदे हुए 450 सेफ्टी इमारती लकड़ी जब्त की गई। हालांकि, इस संबंध में किसी की भी गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। जब्त कि गई अवैध लकड़ी एवं पिकअप वाहन को कानूनी कार्रवाई के लिए रूनीखाता वन विभाग ऑफिस को सौंप दिया गया। एसएसबी के द्वारा लगातार भारत-भूटान सीमा पर भारतीय वन क्षेत्रों में गस्ती एवं चौकसी के कारण तस्करों की अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने में सफलता मिल रही है।

# एसएसबी ने सीमावर्ती क्षेत्रों में आयोजित किए नागरिक कल्याण कार्यक्रम




**कोकराझाड़ ( हि.स. )।** कोकराझाड़ जिला के रानीगुली स्थित सशस्त्र सीमा बल के 6वीं वाहिनी सीमा चौकी शशिपुर (चिरांग जिलांतर्गत) में शुक्रवार को नागरिक कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत वहां के सुदूर सीमावर्ती क्षेत्रों में रह रहे नागरिकों एवं पशुधन के लिए चिकित्सा शिविर आयोजित किये गये। इस कार्यक्रम का उद्घाटन सीमावर्ती नागरिकों की उपस्थिति में वाहिनी के कमांडेंट पशु चिकित्सा डॉ. ई चौबा सिंह के द्वारा किया गया। वहीं वाहिनी के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सौम्या हलदर ने बताया कि एसएसबी द्वारा समय-समय पर नागरिकों के साथ संवाद स्थापित करने और सीमा क्षेत्र के ग्रामीणों को उनके घर तक मानव एवं पशु चिकित्सा सुविधा प्रदान करने तथा उनके साथ समन्वय बनाने के लिए इस तरह के शिविरों का आयोजन किया जाता रहा है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत सीमावर्ती क्षेत्रों के लगभग 500 ग्रामीणों एवं पशुओं को उचित चिकित्सा सहायता एवं दवाइयां उपलब्ध कराई गई। साथ ही साथ सीमा चौकी शशिपुर के क्षेत्र में मालविता कम्युनिटी हॉल में कौशल विकास कार्यक्रम के अंतर्गत नरेंद्र सोपान कुटे, उप-कमांडेंट के द्वारा 20 युवतियों के लिए चलाए जाने वाले 15 दिवसीय सिलाई बुनाई प्रशिक्षण कार्यक्रम का भी शुभारंभ किया गया और उपस्थित सभी प्रशिक्षुओं को विशेषज्ञ टेलर द्वारा अच्छी तरह से प्रशिक्षण लेने की सलाह दी गयी। उन्होंने बताया कि इस तरह का व्यवसायिक प्रशिक्षण जो जरूरतमंद नागरिकों के कौशल को बढ़ावा देता है, ऐसे कार्यक्रम एसएसबी के द्वारा आयोजित किया जाता है, ताकि सीमावर्ती क्षेत्र में रहने वाली युवतियों में रोजगारपरक भावना का विकास हो सके एवं वे स्वावलंबी तथा आत्मनिर्भर बन सकें। कार्यक्रम के दौरान सीमावर्ती क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति शेखर बस्ताला (एनजीओ मालविता के उपाध्यक्ष), राजेश पाठक (सामाजिक कार्यकर्ता), जोन नार्जारी (एनजीओ मालविता), निर्जला छेत्री (आंगनवाड़ी सहायिका) तथा समवाय मुख्यालय के प्रभारी निरीक्षक नमग्याल दोरजे सहित समवाय के समस्त कर्मचारी उपस्थित थे।

# होजाई में छात्राओं पर हमला, तीन गिरफ्तार

**होजाई ( होसं )।** होजाई में छात्राओं पर धारदार हथियार से हमला करने की भयानक घटना आज सामने आने के बाद सनसनी व्याप्त है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पिछले कुछ दिनों से कुछ अज्ञात बदमाशों ने कॉलेज जाने वाली छात्राओं पर उस समय धारदार हथियार से हमला किया है, जब वे अपने पीजी की और लोट रही थीं। समाचारों के अनुसार, पिछले दो दिनों के दौरान होजाई के नया बाजार स्थित तालुकदार पीजी में रहने वाली दो छात्राओं पर बाइक सवार अज्ञात बदमाशों ने धारदार हथियार से हमला किया गया। एक लड़की पर उस समय हमला किया गया जब वह शांतिबन इलाके के पास परीक्षा देकर वापस लौट रही थी। वहीं दूसरी लड़की पर उस समय हमला किया गया जब व अपनी दोस्त को किताबें लोटा कर बिहुतूली रोड के शिव मंदिर के समीप से लौट रही थी। इस घटना की सूचना मिलने के बाद होजाई पुलिस हरकत में आई और एक मामला नं. 120/23 दर्ज किया और भारतीय दंड संहिता, 1860 की धारा 324/354डी के तहत तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। दूसरी ओर नग्न पुरुष द्वारा पीजी से महिलाओं के कपड़े चुराने की एक और घटना सामने आई है, पूरी घटना सीसीटीवी में रिकॉर्ड हो गई है। होजाई पुलिस ने दोनों घटनाओं में गंभीरता दिखाते हुए की जांच शुरू कर दी है व सीसीटीवी की रिकॉर्डिंग भी चेक की जा रही है। इस घटना से होजाई में छात्राओं की सुरक्षा को लेकर होजाईवासी चिंतित हैं।

# श्री श्याम सत्संग मंडल का गौरवशाली 54वां वार्षिकोत्सव शुरू



**गुवाहाटी।** फैंसी बाजार के एमएस रोड स्थित साधना मंदिर प्रांगण में शुक्रवार से खाटू नरेश श्री श्याम प्रभु का दो दिवसीय 54वां वार्षिक महोत्सव विभिन्न रंगारंग कार्यक्रमों के साथ धूमधाम से शुरू हुआ। श्री श्याम सत्संग मंडल, गुवाहाटी के तत्वावधान में आयोजित गौरवशाली 54वे वार्षिक महोत्सव में बाबा का भव्य दरबार बैठाया गया है, जिसमें शीश के दानी श्याम प्रभु का अलौकिक सिंगार किया गया। फूलों से सजा बाबा का सिंहासन श्रद्धालुओं के बीच आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। महोत्सव के पहले दिन आज प्रात: अखंड ज्योत प्रज्वलित कर बाबा की महाआरती की गई, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों की उपस्थिति देखी गई। तत्पश्चात श्री श्याम सत्संग मंडल सहित विभिन्न जानी मानी भजन मंडलियों द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी गई। इस मौके पर महानगर की अग्रणी भजन मंडलियों द्वारा 24 घंटे का अष्ट प्रहर संकीर्तन किया गया। तत्पश्चात शाम 7 बजे से बीकानेर से आमंत्रित कलाकार प्रवेश शर्मा, कोलकाता से प्रकाश मिश्रा सहित कई स्थानीय गायक कलाकारों द्वारा अपने अपने भजनों के पुष्प बाबा के दरबार में अर्पित किए गए। इस दौरान उपस्थित श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे एवं रात भर भक्तों ने श्याम प्रभु के भजनों का आनंद लेते रहे। आयोजकों ने बताया कि महोत्सव के दूसरे दिन शनिवार को सुबह 10 बजे से हवन, पूर्णाहुति के पश्चात श्री श्याम सत्संग मण्डल के गायक कलाकारों द्वारा भजन प्रस्तुत किए जाएंगे। वहीं दोपहर को आरती के पश्चात सायं 5 बजे साधना मंदिर से विराट निशान व शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें शीश के दानी श्याम प्रभु का रथ शोभायात्रा में शामिल रहेगा। इस दौरान महिलाओं द्वारा निशान यात्रा तथा विभिन्न देवि-देवताओं की झांकी, बैंड-बाजा इत्यादि आकर्षण का केंद्र होंगे। आयोजकों ने सभी धर्म परायण लोगों से दो दिवसीय महोत्सव में शामिल होकर इसे सफल बनाने की आह्वान किया है।

# होजाई की गलियों में गूंज रहे फागुनी गीत



**होजाई ( निसं )।** फाल्गुन का महीना आते ही हर उम्र के लोगो मे हर्ष एवं उल्लास छा जाता है। लोग बसंत पंचमी के दिन से हाथो मे चंग एवं सुरताल लेकर गली गली मे रात्रि बेला मे फाल्गुन के गीत गाते हुए नजर आते हैं। कुछ ऐसा ही नजारा होजाई की गलियों में भी दिखाई देता है।सांध्यकालीन बेला में बच्चे, बूढ़े, जवान आदि चंग की ताल पर नाचते गाते देखे जाते हैं। उक्त टोली मे राजेश केजरीवाल, प्रमोद मोर, संतोष सरावगी, राधेश्याम सराफ, मनोज शर्मा, भगवान सेन, नारायण सेन, दिनेश दीक्षित, सुरेंद्र सिंग, तानसेन दयाल मनोज तोलावत, शुभम केजरीवाल, अमन केजरीवाल, अंकुर सराफ, अजय गाड़ोदिया, सोंटी भीमसरिया, श्रवण शर्मा आदि दिखाई देते हैं। उक्त कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज की संस्कृति को बढ़ावा देते हुए अधिक से अधिक युवाओं को जोड़ना है

# रंगिया : पीएमईजीपी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित




**रंगिया ( निसं )।** रंगिया ग्राम स्वराज परिषद प्रांगण में एक दिवसीय कार्यक्रम के साथ मंगलवार को केभीआईसी (असम की एमएसएमई सरकार) के सहयोग से प्रधानमंत्री नियोग सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) नामक एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में रंगिया महाविद्यालय, रंगिया मानवेंद्र बालिका महाविद्यालय सहित अन्य क्षेत्रों के 100 छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम में खादी ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) के मार्केटिंग परिचालक-बाबुल मंडल ने पीएमईजीपी का मुख्य उद्देश्य और इसके सफल प्रयोग के जरिए किस तरह बेरोजगार इससे लाभ प्राप्त करते आ रहे है इसके बारे में अपने भाषण में बताया। दूसरी ओर नागरिक समवाय बैंक लिमिटेड के मुख्य परिचालक प्रशांत कुमार बुजरबरुआ ने इस विषय में करने वाले जरूरी कार्यो के लिए प्रार्थियों को किस तरह आगे बढ़ना पड़ेगा इसके विषय में बताया। इसके अलावा रंगिया ग्राम स्वराज परिषद के सचिव दिव्य ज्योति कलिता, एआईडीसी के चेयरमेन बलिन बरदलै और समाज सेवक हितेंद्र शर्मा ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस आयोजन में रंगिया ग्राम स्वराज परिषद के अनिल कलिता, प्रवक्ता मुकुल कलिता, गौरी प्रभा महंत, खगेन कलिता, दीपांजलि शर्मा सहित बहुत से विशिष्ट व्यक्ति मौजूद रहे।

# लायंस गुवाहाटी ग्रेटर ने मनाया रंगोत्सव



**गुवाहाटी ( नसं )।** फागुन माह के आगमन के साथ ही वातावरण में एक अलग ही उल्लास भर जाता है ढ्ढ नगर की जाने-माने क्लब लायंस क्लब ऑफ गुवाहाटी ग्रेटर ने भी इसी उल्लास के साथ क्लब की अध्यक्ष लायन बेला नाउका के नेतृत्व में स्थानीय औरनेट होटल में रंगों का त्योहार रंगों की फुहार कार्यक्रम आयोजित किया ढ्ढ उक्त कार्यक्रम में कार्यक्रम के संयोजक लायन सुरेश साबू के अथक प्रयास एवं प्रयत्न के साथ नगर की जानी-मानी होली गायन की टीम होलीटोली के सदस्यों द्वारा प्रस्तुत होली के गीतों का कार्यक्रम अत्यंत उल्लास के साथ मनाया गया। क्लब की अध्यक्ष लायन बेला नाउका ने सभी कलाकारों का स्वागत करते हुए कहां की यह सभी कलाकार प्रत्येक वर्ष होली के कार्यक्रम में चार चांद लगा देते हैं। कार्यक्रम में क्लब के सदस्यों ने ना सिर्फ भरपूर सहयोग प्रदान किया बल्कि होलीटोली के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम का भरपूर आनंद उठाया। कार्यक्रम के अंत में प्रीतिभोज का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए क्लब के कार्यक्रम संयोजक लायन सुरेश साबू ने होलीटोली के सभी कलाकारों का धन्यवाद ज्ञापन करते हुए सभी का आभार व्यक्त किया। क्लब के जनसंपर्क अधिकारी लायन रतन खाखोलिया ने यह जानकारी दी।

# श्याम फाल्गुन मेले में श्याममयी हुआ महानगर



**गुवाहाटी ( विभास )।** फाल्गुन शुक्ला एकादशी के उपलक्ष्य में छत्रीबाड़ी स्थित श्याम मंदिर में दो दिवसीय श्याम फाल्गुन मेले का आज प्रथम दिन श्याम निशान यात्रा से शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर श्याम मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित गोपाल शर्मा ने प्रात: काल श्याम बाबा की विशेष पूजा अर्चना व अभिषेक कार्य संपन्न किया। शाम को ग्यारह सौ से भी अधिक पुरुष व महिलाओं ने श्याम बाबा के निशान के साथ नगर शोभा यात्रा निकाली। शोभायात्रा में शीश के दानी श्याम बाबा के शीश कौ सुसज्जित रथ पर विराजमान किया गया।निशान यात्रा को मुख्य अतिथि प्राइड ईस्ट इंटरटेनमेंट की प्रबंध निदेशिका रिनीकी भुंईया ने श्याम निशान को लहरा कर रवाना किया। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी व फिल्म निर्माता शंकरलाल गोयंका, उद्योगपति कैलाश लोहिया, पार्षद प्रमोद स्वामी और सौरभ झुनझुनवाला, युवा समाजसेवी घनश्याम धानुका ने रथारूढ श्याम बाबा के शीश की आरती उतारी। केसरिया वस्त्रों में सुसज्जित महिलाओं एवं सफेद कुर्ते में पुरुषों ने श्याम जयकारे से नगर की सड़कों को गुंजायमान कर दिया। शोभायात्रा एटी रोड, तीन नंबर रेल गेट, एसआरसीबी रोड,सिख मंदिर, एसएस रोड, एमजी रोड, एसएस रोड, चार नंबर गेट होते हुए वापस छत्रीबाड़ी श्याम मंदिर पहुंची। रात्रि को स्थानीय कलाकार संतोष शर्मा, उज्जवल मोर एवं कोलकाता के आयुष शर्मा, डोली अग्रवाल ने श्याम बाबा के भजनों की गंगा प्रवाहित की। भजनों के मध्य श्याम बाबा को पुष्प की होली खिलाई गई। भक्तों के बीच अनमोल खजाने को भी लुटाया गया।

# समपार फाटक के स्थान पर पूसीरे बना रही बो-स्ट्रिंग आर्क स्टील गर्डर पुल



**गुवाहाटी ( विभास )।** पूर्वोत्तर सीमा रेल (पूसीरे) ने लमडिंग मंडल के अधीन तेतेलिया रेलवे स्टेशन के पास एक नए रोड ओवरब्रिज (आरओबी) का निर्माण कार्य शुरू कर दिया है। कुल 680 मीटर से अधिक लंबे इस आरओबी के मुख्य स्पैन में 48 मीटर बो-स्ट्रिंग आर्क स्टील गर्डर शामिल है। पूसीरे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सब्यसाची डे ने शुक्रवार को बताया कि गुवाहाटी-लमडिंग अनुभाग में हाल ही में पूरी हुई दोहरी लाइन के कारण ट्रेनों की आवाजाही में हुई बढ़ोतरी और स्टार सीमेंट साइडिंग एवं मेघालय कनेक्टिविटी के लिए निर्माणाधीन तेतेलिया-बर्निहाट नई लाइन के लिए रेल लाइनों की आवश्यकता के साथ-साथ सड़क जाम के कारण समपार फाटक एसटी-22 के स्थान पर एक आरओबी के निर्माण की जरूरत पड़ी। उन्होंने बताया कि तेतेलिया रेलवे स्टेशन के पास आरओबी का निर्माण सामता-हाहरा-मायंग मार्ग पर समपार फाटक के स्थान पर किया जा रहा है। 67 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से नवनिर्मित आरओबी को इस वर्ष 31 मई तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। आरओबी निर्माण में लगभग 6000 एमटी सीमेंट, अधिसंरचना में 950 एमटी से अधिक स्टील और 47000 सीयूएम से अधिक मिट्टी भरने का कार्य शामिल हैं। उन्होंने बतायाकि आरओबी के निर्माण के बाद, तेतेलिया स्टेशन यार्ड के स्टेशन सीमा क्षेत्र के अधीन समपार फाटक को बंद किया जाएगा, जिसके परिणामस्वरूप रेल और सड़क उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा में भी वृद्धि होगी। यह आरओबी परिचालन दक्षता में भी वृद्धि करेगा, जिसके परिणामस्वरूप इस क्षेत्र में ट्रेन के साथ-साथ सड़क परिवहन की सुचारू आवाजाही होगी। आरओबी एनएच-37 किनारे अवस्थित समता पथार गांव, स्टार सीमेंट फैक्ट्री को दूसरे छोर पर कलंगपार, पोबितरा अभयारण्य को जोड़ेगा। एक सींग वाले भारतीय गैंडों के लिए प्रसिद्ध पोबितरा वन्यजीव अभयारण्य आरओबी से केवल 20 किमी की दूरी पर स्थित है। पर्यटक आधे घंटे के भीतर यहां पहुंच सकते है। दोनों तरफ के स्थानीय ग्रामवासी, जिन्हें मानसून की अवधि के दौरान समपार फाटक होकर आवागमन करना मुश्किल होता है, क्योंकि मानसून की अवधि के दौरान बाढ़ के पानी से आसपास का क्षेत्र अक्सर जलमग्न हो जाता है, आरओबी बन जाने से लाभ होगा। एक बार आरओबी चालू हो जाने पर, रेलवे लाइन पर आवाजाही की कठिनाई स्थायी रूप से हल हो जाएगी।

## होली पर सम्मेलन करेगा सांस्कृतिक कार्यक्रम

**गुवाहाटी।** श्री गौहाटी गोशाला प्रांगण में आज आयोजित मारवाड़ी सम्मेलन गुवाहाटी शाखा के होली प्रीती सम्मेलन समिति की बैठक में आगामी दिनांक 8 मार्च 2023 को पारम्परिक प्रीती सम्मेलन के आयोजन की तैयारियां पर समीक्षा हूई। सचिव शंकर बिड़ला ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष समाज के बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जायेगा जिसकी रिहर्सल जोरशोर से चल रही है तकरीबन 50 से अधिक कलाकार अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन इस मंच से करेंगे। अध्यक्ष सुशील गोयल ने बताया कि प्रीति सम्मेलन सांय 4:30 से 6 बजे तथा 6 बजे से 8 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। कार्यकारी अध्यक्ष श्री प्रदीप भूवालका ने बृहत्तर समाज की सभी संस्थाओं से सामुहिक रूप से एक छत के नीचे एकत्रित होकर पारम्परिक मिलन समारोह में आपसी प्रेम प्यार और भाईचारे को प्रगाढ़ करने का आह्वान किया है। इस बृहद्ध आयोजन को सतरंगी बनानें में रमेश कुमार चांडक, माखनलाल अग्रवाल, सूरज सिंघानिया, प्रभास अग्रवाल व सम्मेलन कार्य कारिणी जूटी हुई है।

# लोखरा में तीन दिवसीय अष्टयाम महायज्ञ का शुभारंभ



**गुवाहाटी ( निसं )।** गुवाहाटी महानगर के लोखरा में श्री बजरंग सेवा समिति के तत्वावधान में तीन दिवसीय अष्टयाम महायज्ञ का शुभारंभ हुआ, प्रथम दिन वशिष्ठ गंगा नदी से 501 महिलाओं ने कलश में जल भरकर पैदल लोखरा के यज्ञ स्थल तक पदयात्रा की, यज्ञ स्थल पर पहुंचने पर आयोजकों द्वारा कलशधारी महिलाओं के ऊपर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया आयोजन समिति के अनुसार कल 4 मार्च से 24 घंटे का यज्ञ आरंभ हो जाएगा जो 5 मार्च तक चलेगा 24 घंटे चलने वाले संकीर्तन में हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे, हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे का नामजप किया जायेगा, इस दौरान अखंड भंडारे का भी आयोजन किया गया है जो 4 मार्च दिन के 12:00 बजे से आरंभ होकर 5 मार्च दिन के 12:00 बजे तक चलेगा महायज्ञ की पूर्णाहुति के बाद बाहर के राज्यों से आए हुए भजन कलाकारों के द्वारा राम विवाह प्रसंग का संगीत में मंचन एवं गायन किया जाएगा श्री बजरंग सेवा समिति के पदाधिकारियों ने सभी भक्तजनों से विनम्र आग्रह किया है कि उक्त महायज्ञ में शामिल होकर पुण्य के भागी बने।

# लीक से हटकर सोच पर्यटन को नई ऊंचाइयों पर ले जा सकती है : प्रधानमंत्री मोदी



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि भारत में पर्यटन क्षेत्र को नई ऊंचाई देने के लिए लीक से हटकर सोचना होगा और दीर्घकालिक योजना बनानी होगी। उन्होंने कहा कि धार्मिक स्थलों के कायाकल्प से पर्यटन को बढ़ावा मिला है, पिछले साल 7 करोड़ लोगों ने काशी विश्वनाथ धाम के दर्शन किए। प्रधानमंत्री मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 'विकासशील पर्यटन मिशन' को बढ़ावा देने पर बजट के बाद के वेबिनार को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आज का 'नया भारत नए वर्क कल्चर' के साथ आगे बढ़ रहा है। इस बार भी बजट की खूब वाहवाही हुई है। देश के लोगों ने इसे पॉजिटिव तरीके से लिया है। उन्होंने कहा, भारत में हमें टूरिज्म सेक्टर को नई ऊंचाई देने के लिए आउट ऑफ द बॉक्स (लीक से हटकर) सोचना होगा और लंबे समय की योजना करने चलना होगा। उन्होंने कहा कि जब भी कोई टूरिस्ट डेस्टिनेशन को विकसित करने की बात आती है तो तीन सवाल बहुत महत्वपूर्ण होते हैं। पहला-उस स्थान का पोटेंशियल (संभावना) क्या है। दूसरा- यात्रा में आसानी के लिए वहां की अवसंरचनात्मक आवश्यकता क्या है, उसे कैसे पूरा करेंगे। तीसरा- प्रोमोशन (संवर्धन) के लिए नया क्या करेंगे। उन्होंने कहा कि जब सभी हितधारक कार्यों को रणनीतिक और कुशलता से संभालने के लिए हाथ मिलाते हैं तो वांछनीय और समय पर परिणाम सामने आते हैं। आज हम पर्यटन क्षेत्र को बदलने की राह पर हैं। उन्होंने कहा कि जब हम पर्यटन के बारे में बात करते हैं, तो कुछ लोग सोचते हैं कि यह एक फैंसी शब्द है और यह केवल उन लोगों का प्रतिनिधित्व करता है जो संपन्न हैं। भारत के सन्दर्भ में पर्यटन का दायरा बहुत बड़ा है और युगों से हमारी संस्कृति और परंपरा का हिस्सा रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के संदर्भ में देखें तो टूरिज्म का दायरा बहुत बड़ा है। सदियों से हमारे यहां यात्राएं होती रही हैं, ये हमारे सांस्कृतिक-सामाजिक जीवन का हिस्सा रहा है। जब संसाधन नहीं थे, तब भी कष्ट उठाकर लोग यात्राओं पर जाते थे। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा, द्वादश ज्योतिर्लिंग की यात्रा, 51 शक्तिपीठ की यात्रा, ऐसी कितनी यात्राएं हमारे आस्था के स्थलों को जोड़ती थीं। उन्होंने कहा कि हमारे देश में तटीय पर्यटन, समुद्र तट पर्यटन, हिमालयी पर्यटन, मैंग्रोव पर्यटन, साहसिक पर्यटन, वन्यजीव पर्यटन, इको-टूरिज्म, हेरिटेज टूरिज्म, आध्यात्मिक पर्यटन, विवाह स्थल, खेल पर्यटन जैसे पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। हमें इन्हें मजबूत करना सुनिश्चित करना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यात्राओं की इस पुरातन परंपरा के बावजूद दुर्भाग्य ये रहा कि इन स्थानों पर समय के अनुकूल सुविधाएं बढ़ाने पर ध्यान नहीं दिया। पहले सैकड़ों वर्षों की गुलामी और आजादी के बाद के दशकों में इन स्थानों की राजनीतिक उपेक्षा ने देश का बहुत नुकसान किया। अब आज का भारत इस स्थिति को बदल रहा है। उन्होंने कहा कि जब-जब यात्रियों के लिए सुविधाएं बढ़ती हैं, तो कैसे यात्रियों में आकर्षण बढ़ता है, उनकी संख्या में भारी वृद्धि होती है, देश में ये भी हम देख रहे हैं।

उन्होंने कहा कि भारत के विभिन्न स्थलों में अगर नागरिक सुविधाएं बढ़ाई जाएं, वहां डिजिटल कनेक्टिविटी अच्छी हो, होटल-हॉस्पिटल अच्छे हों, गंदगी का नामोंनिशान ना हो, बेहतरीन इंफ्रास्ट्रक्चर हो, तो भारत के टूरिज्म सेक्टर में कई गुना वृद्धि हो सकती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर के कारण हमारे दूर-सुदूर के गांव अब टूरिज्म मैप पर आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने बॉर्डर किनारे बसे गांवों के लिए वाइब्रेंट बॉर्डर विलेज योजना भी शुरू की है। ऐसे में होम स्टे, छोटे होटल-रेस्टोरेंट ऐसे अनेक बिजनेस के लिए लोगों को ज्यादा से ज्यादा सपोर्ट करने का काम हमें करना है। ये वो समय है, जब हमारे गांव भी टूरिज्म का केंद्र बन रहे हैं। बेहतर होते इंफ्रास्ट्रक्चर के कारण अब दूर-सुदूर के गांव टूरिज्म मैप पर आ रहे हैं। उन्होंने वेडिंग डेस्टिनेशंस को बड़ा बिजनेस बताते हुए कहा कि इसको लेकर भारत में अपार संभावनाएं हैं। लोग इसमें रुचि लेकर यात्रा करेंगे। उन्होंने विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए कहा कि हमें कम से कम 50 गंतव्यों का विकास करना चाहिए जो पर्यटकों की सूची में दिखाई दे तब वे भारत आने के बारे में सोचेंगे।

# बंगाल में शिक्षक भर्ती घोटाले के आरोपी पार्थ चटर्जी की न्यायिक हिरासत 16 मार्च तक बढ़ी



**कोलकाता (ईएमएस)।** पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता की एक विशेष सीबीआई अदालत ने गत दिवस गुरुवार को राज्य में करोड़ों रुपये के शिक्षक भर्ती घोटाले के सिलसिले में पश्चिम बंगाल के पूर्व शिक्षा मंत्री और तृणमूल कांग्रेस के पूर्व महासचिव पार्थ चटर्जी की न्यायिक हिरासत 16 मार्च तक बढ़ा दी। घोटाले के 12 अन्य आरोपियों के लिए भी इसी तरह का आदेश जारी किया गया था, जिसमें पश्चिम बंगाल माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष कल्याणमय गांगुली, पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष सुबीरेश भट्टाचार्य, डब्ल्यूबीएसएससी की स्क्रीनिंग कमेटी के पूर्व प्रमुख एसपी सिन्हा और आयोग के पूर्व सचिव अशोक साहा सहित अन्य शामिल हैं। चटर्जी बुधवार को अदालत में पेश हुए। उन्होंने कहा था कि हालांकि केंद्रीय एजेंसियों ने कहा है कि एक गिरफ्तार युवा तृणमूल कांग्रेस के नेता कुंतल घोष ने दावा किया है कि चटर्जी घोटाले में शामिल हैं, अब वे कह रहे हैं कि उन्हें पता नहीं है कि घोष कौन है। पार्थ चटर्जी ने कहा कि भर्ती घोटाले में मेरा नाम घसीटा गया है, लेकिन तत्कालीन शिक्षा मंत्री के रूप में मेरे पास कोई भर्ती प्राधिकार नहीं था। ये भर्तियां शिक्षा विभाग के तहत स्वायत्त निकायों द्वारा की गई थीं। हालांकि, उनके और 13 अन्य आरोपियों के वकील द्वारा दी गई दलीलें अदालत को संतुष्ट नहीं कर सकीं और न्यायाधीश ने आरोपी की न्यायिक हिरासत और 14 दिनों के लिए बढ़ा दी। वहीं विशेष केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) अदालत के न्यायाधीश ने मामले में जांच एजेंसी की धीमी प्रगति पर असंतोष जताया।


# 4 से 6 मार्च तक महाराष्ट्र में बेमौसम बरसात होने का अनुमान



**मुंबई, (ईएमएस)।** महाराष्ट्र में मौसम काफी तेजी से बदल रहा है. मौसम विभाग ने अब 4 से 6 मार्च तक बरसात होने का अनुमान जताया है. वहीं बारिश के बाद फिर गर्मी और उमस बढ़ने का आसार है. कहा जा रहा है कि इस बार झुलसा देने वाली गर्मी पड़ेगी. यह मौसम विभाग का अनुमान है. यानी जो गर्मी अपना असर अप्रैल और मई महीने में दिखाया करती थी, वो इस बार मार्च-अप्रैल में ही जोरदार असर दिखा देगी. मौसम विभाग के मुताबिक मार्च महीने के तीन दिन यानी 4 मार्च से 6 मार्च तक बरसात का अनुमान है. इस बार फरवरी महीने में पारा कहीं-कहीं चालीस डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था. हीट वेव की स्थिति सामने नजर आ रही थी. अब इसी तरह बे मौसम बरसात के भी हालात बन रहे हैं. मौसम विभाग के मुताबिक महाराष्ट्र के कई इलाकों में कम दाब का क्षेत्र तैयार हो रहा है, इसीलिए बरसात होने का अनुमान है. उत्तर महाराष्ट्र, विदर्भ और मराठवाड़ा के कई इलाकों में बरसात का अनुमान है. पांच मार्च को नागपुर, वर्धा, चंद्रपुर, अमरावती, अकोला और बुलढाणा में बारिश के आसार हैं. जबकि छह मार्च को विदर्भ के लगभग सभी इलाकों में बरसात होने का अनुमान जताया गया है. इस बीच मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक फिलहाल मराठवाड़ा में तापमान घटने की कोई गुंजाइश नहीं है. बल्कि वहां तापमान अभी और 2 से 3 डिग्री सेल्सियस बढ़ने वाला है. इसलिए मराठवाड़ा में फिलहाल बारिश तो होगी लेकिन बाकी इलाकों के मुकाबले कम बारिश होगी. इसके मुकाबले विदर्भ और उत्तर महाराष्ट्र में बारिश ज्यादा होने वाली है.

# श्रवण विकारों की प्रारंभिक पहचान व उपचार के बारे में जागरुकता जरूरी: डॉ. मांडविया

अजय त्यागी



**नई दिल्ली।** आज विश्व श्रवण दिवस है। इस मौके पर केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने लोगों से श्रवण विकारों और श्रवण हानि के बारे में जागरूकता बढ़ाने का संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने शुक्रवार को ट्वीट करके कहा कि जनभागीदारी के साथ, श्रवण विकारों की प्रारंभिक पहचान और समय पर उपचार के लाभों के बारे में समुदायों के बीच मौजूदा ज्ञान में बहुत योगदान दिया जा सकता है। उल्लेखनीय है विश्व भर में प्रत्येक वर्ष 03 मार्च विश्व श्रवण दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिवस का प्राथमिक लक्ष्य इस संदेश को प्रसारित करना है कि समय पर और प्रभावी देखभाल लोगों को श्रवण बाधित से मुकाबला करने में मदद करता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा आयोजित किया जाने वाला यह दिवस श्रवण तंत्रिकाओं की सुरक्षा और निवारक उपायों को अपनाने के लिए की जाने वाली कार्यवाही के बारे में जागरुकता फैलाने का अवसर प्रदान करता है। विश्व स्तर पर तकरीबन 1.5 बिलियन लोग पूर्ण अथवा आंशिक रूप से श्रवण बाधा का सामना कर रहे हैं। इसमें से लगभग 430 मिलियन लोगों को जल्द से जल्द इलाज की आवश्यकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट के मुताबिक 2050 तक विश्व भर में 2.5 मिलियन लोग या 4 में से एक व्यक्ति पूर्ण अथवा आंशिक रूप से श्रवण बाधित से प्रभावित होगा।

# गुजरात के अमरेली में निर्माणाधीन पुल धराशायी



**अमरेली (गुजरात), (हि.स.)।** गुजरात के अमरेली जिले की राजुला तहसील के भावनगर-सोमनाथ नेशनल हाइवे पर दातरडी के समीप निमार्णाधीन पुल धराशायी हो गया। यह स्लैब पर रखा गया था। इसके मलबे को रातोंरात हटा दिया गया। पुल के गिरे हिस्सों का वीडियो फुटेज वायरल होने के बाद यह घटना सामने आई है। कांग्रेस विधायक अमित चावडा ने इसे गंभीर मामला बताते हुए जांच की मांग की है। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी आणंद जिले में ब्रिज शुरू होने से पहले ही गिर चुका है। मोरबी में भी झूलता पुल हादसे में लोगों की जान जा चुकी है। यह वीडियो लालभाई आहिर ने वायरल किया है। राज्य सरकार और जिला प्रशासन के अधिकारियों ने मौके का दौरा किया है। बताया गया है कि जांच शुरू कर दी गई है। फिलहाल पुल गिरने के बाद दोनों ओर की सड़क को बंद कर दिया गया। वहां काम कर रहे सभी लोगों के मोबाइल फोन ले लिए गए हैं।

# इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह से की मुलाकात

अजय कुमार



**नई दिल्ली।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। पीटरसन को दिल्ली में रायसीना संवाद 2022 कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया है। पीटरसन ने ट्वीट किया, "आपके जन्मदिन पर चीतों की रिहाई के बारे में इतनी भावुकता और गर्मजोशी से बात करना सम्मान की बात है। आपकी संक्रामक मुस्कान और दृढ़ हैंडशेक के लिए धन्यवाद। मैं वास्तव में आपको फिर से देखने के लिए उत्सुक हूं, सर!" इससे पहले पीटरसन ने गुरुवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भी मुलाकात की। पीटरसन ने ट्विटर पर अपनी गुरुवार की बैठक की कुछ फोटो साझा की। अपने ट्वीट में, पीटरसन ने शाह को 'दयालु' और 'प्रेरणादायक' बताया। पीटरसन ने ट्वीट किया, "सबसे शानदार स्वागत के लिए धन्यवाद।" बता दें कि दक्षिण अफ्रीका के बारह चीते पिछले महीने मध्य प्रदेश के ग्वालियर हवाई अड्डे पर उतरे। वहां से उन्हें अपने नए घर में ले जाया जाएगा जो मध्य प्रदेश राज्य में कुनो नेशनल पार्क है। 12 चीतों को कुनो में पुनर्वासित करने के बाद, राष्ट्रीय उद्यान में उनकी कुल संख्या बढ़कर 20 हो गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कुनो नेशनल पार्क में 12 चीतों के नए बैच का स्वागत किया। पीटरसन वन्यजीवों को बचाने और उनकी रक्षा करने में भी एक सक्रिय भूमिका निभाते हैं और गैंडों को बचाने के लिए अफ्रीका में एक परियोजना पर काम कर रहे हैं। पीटरसन ने इंग्लैंड के लिए 104 टेस्ट, 136 एकदिनी और 37 टी 20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। टेस्ट क्रिकेट में, उन्होंने 47.29 की औसत से 8181 रन बनाए हैं। उन्होंने एकदिनी में 4440 रन और टी-20 में 1176 रन बनाए हैं। आईपीएल में भी उन्होंने 36 मैच खेले हैं, जिसमें उनके नाम 1001 रन दर्ज हैं।

# महिलाओं व बच्चों के स्वस्थ भविष्य के लिए भारत मजबूती से प्रगति कर रहा है: बिल गेट्स

आशीष वर्मा




**नई दिल्ली।** माइक्रोसॉफ्ट के संस्थापक बिल गेट्स ने गुरुवार को महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित 'पोषण के माध्यम से सशक्तिकरणः नए भारत की महिलाओं का जश्न' कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर भाग लिया। इस दौरान उन्होंने पोषण 2.0 योजना के तहत काम करने वाले प्रशासकों से भी मुलाकात की, जो देश में महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने की दिशा में काम कर रही हैं। बिल गेट्स ने ट्वीट करके कहा कि भारत डेटा और निगरानी पर ध्यान केंद्रित करने के साथ पोषण 2.0 के माध्यम से महिलाओं और बच्चों के लिए स्वस्थ भविष्य की दिशा में मजबूती से प्रगति कर रहा है। उन्होंने कहा कि वे इस कार्यक्रम में दो अद्भुत प्रशासकों, एमी जोसेफ और लक्ष्मी प्रिया से मिले, जो पोषण परिणामों को बेहतर बनाने में मदद कर रही हैं। वहीं, महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पोषण, स्वास्थ्य और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने वाली केन्द्र सरकार की विभिन्न योजनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पोषण, जनधन, आयुष्मान भारत जैसी पहल ने भारत में लाखों महिलाओं के जीवन को बदल दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश की विकास यात्रा में महिलाएं न सिर्फ केन्द्र में रही हैं बल्कि नेतृत्व भी कर रही हैं। इस मौके पर बिल गेट्स ने बच्चे का अन्नप्राशन संस्कार भी किया। बिल गेट्स ने भारत के सुपर फूड और इसके पोषण घटक को समझा और तारीफ की। उन्होंने केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी से श्रीअन्न खिचड़ी पकाने की विधि भी सीखी और तड़का भी लगाया।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किया 7वें अंतरराष्ट्रीय धर्म-धम्म सम्मेलन का शुभारम्भ




**भोपाल, (हि.स.)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को मप्र की राजधानी भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित तीन दिवसीय 7वें अंतरराष्ट्रीय धर्म-धम्म सम्मेलन का शुभारंभ किया। सम्मेलन 'नए युग में मानववाद का सिद्धांत" विषय पर हो रहा है, जिसमें 15 देशों के 350 से ज्यादा विद्वान और पांच देशों के संस्कृति मंत्री शामिल हैं। उद्घाटन अवसर पर प्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, संस्कृति मंत्री उषा ठाकुर और सांची बौद्ध-भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. नीरजा गुप्ता भी मौजूद रही। सम्मेलन पांच मार्च तक चलेगा। धर्म-धम्म के वैश्विक विचारों को मंच प्रदान करने वाले सम्मेलन में भूटान, मंगोलिया, श्रीलंका, इंडोनेशिया, थाइलैंड, वियतनाम, नेपाल, दक्षिण कोरिया, मॉरिशस, रूस, स्पेन, फ्रांस, अमेरिका और ब्रिटेन की सहभागिता है। सम्मेलन में राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि कुशाभाऊ ठाकरे का मुझे सानिध्य प्राप्त हुआ था। मैं उन्हें नमन करती हूं। महर्षि पतंजलि, गुरु नानक, भगवान बुद्ध ने दुख से निकलने के मार्ग सुझाए हैं। मानवता के दुख के कारण का बोध करना और इस दुख को दूर करने का मार्ग दिखाना पूर्व के मानववाद की विशेषता है। ये आज के युग में और अधिक महत्वपूर्ण है। महर्षि पतंजलि ने अष्टांग योग की पद्धति स्थापित की। भगवान बुद्ध ने अष्टांगिक मार्ग प्रदर्शित किया। गुरु नानक देव जी ने नाम सिमरण का रास्ता सुझाया, जिसके लिए कहा जाता है- नानक नाम जहाज है, चढ़े सो उतरे पार...। उन्होंने कहा कि कभी-कभी कहा जाता है कि धर्म का जहाज हिलता-डुलता है, लेकिन डूबता नहीं है। धर्म-धम्म की अवधारणा भारत चेतना का मूल स्तर रही है। हमारी परंपरा में कहा गया है कि जो सब को धारण करता है, वो धर्म है। धर्म की आधारशिला मानवता पर टिकी हुई है। राग और द्वेष से मुक्त होकर, अहिंसा की भावना से व्यक्ति और समाज करना पूर्व के मानववाद का प्रमुख संदेश रहा है। नैतिकता पर आधारित व्यक्तिगत आचरण और समाज पूर्व के मानववाद का व्यावहारिक रूप है। मुख्यमंत्री शिवराज चौहान ने कहा कि यह मध्य प्रदेश का सौभाग्य है कि सातवां धर्म-धम्म सम्मेलन भोपाल में हो रहा है। एक ही चेतना सभी में है। सियाराम मय सब जग जानी। सब में सियाराम है। विशाल हृदय वाले कहते हैं कि सारी धरती ही हमारा परिवार है। भारत के गांव-गांव में आज भी हर धार्मिक आयोजन में बच्चा-बच्चा इस मंत्र का उद्घोष करता है कि धर्म की जय हो, अधर्म का नाश हो, प्राणियों में सद्भावना हो और विश्व का कल्याण हो। भारत का बच्चा-बच्चा यह गाता है। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि हमारे देश की सदियों पुरानी परंपरा विश्व जाति और मानव जाति के कल्याण में विश्वास रखती है। इसे बढ़ावा देती है। हमारी मान्यता इस विश्वास में निहित है कि विश्व सबके लिए है, युद्ध की कोई आवश्यकता नहीं है। मानवता के कल्याण के लिए शांति, प्रेम और विश्वास जरूरी है। ऋषियों का चिंतन ही आज के समय में समाधान का रास्ता प्रस्तुत करता है। इस सम्मेलन का उद्देश्य दो प्राचीन सभ्यताओं के बीच सद्भाव को बढ़ा देना है।

# जेएनयू कैंपस में हिंसा पर 50 हजार जुर्माना



**नई दिल्ली (ईएमएस)।** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) ने परिसर में शारीरिक हिंसा गाली-गलौज और धरना देने पर छात्रों पर 50000 रुपये का जुर्माना लगाने वाले नियमों को वापस ले लिया है। जेएनयू विश्वविद्यालय की कुलपति शांतिश्री डी पंडित ने दावा किया कि उन्हें इस तरह का दस्तावेज तैयार होने और जारी किये जाने की जानकारी नहीं थी। नये नियम वाले 10 पन्नों के दस्तावेज पर छात्रों और शिक्षकों की कड़ी प्रतिक्रिया आने के बाद चीफ प्रॉक्टर रजनीश कुमार मिश्रा ने बृहस्पतिवार रात में अधिसूचना जारी कर कहा कि जेएनयू छात्रों के अनुशासन और नियम से संबंधित दस्तावेज को प्रशासनिक कारणों से वापस लिया जाता है। जेएनयू के छात्रों के अनुशासन और उचित आचरण के नियम शीर्षक वाले दस्तावेज में प्रदर्शन और जालसाजी जैसे विभिन्न कृत्यों के लिए दंड का प्रावधान है। इसमें प्रॉक्टर स्तर की जांच की प्रक्रिया और बयान दर्ज करने का भी प्रावधान है। इसमें 5000 रुपये से लेकर 50000 रुपये तक जुर्माने या विश्वविद्यालय से निष्कासित करने और प्रवेश निरस्त करने का भी प्रावधान है। जेएनयू की कुलपति शांतिश्री डी पंडित ने कहा मुझे इस तरह के सर्कुलर की जानकारी नहीं थी।मैं किसी अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन की वजह से हुबली में हूं। मुख्य प्रॉक्टर ने दस्तावेज जारी करने से पहले मुझसे सलाह नहीं ली।

मुझे नहीं पता था कि इस तरह का दस्तावेज तैयार किया जा रहा है। अब वापस लिये जा चुके दस्तावेज के अनुसार नियम तीन फरवरी को प्रभाव में आये थे। परिसर में बीबीसी के वृत्तचित्र की स्क्रीनिंग को लेकर विरोध प्रदर्शनों के बाद नये नियम लागू किये गये।

# भारत के साथ रूसी लड़ाकू योद्धा मिग-21 ने पूरे किये 60 साल, अब विदाई की तैयारी

**- वायु सेना प्रमुख ने मिग-29 में उड़ान भरकर सुपरसोनिक विमान की हीरक जयंती मनाई**
**- विंग कमांडर अभिनंदन इसी रूसी विमान से कूदकर बने थे पाकिस्तान के 'बंधक मेहमान'**



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** भारत के लिए पाकिस्तान के साथ तीन युद्ध जीतने वाले रूसी लड़ाकू योद्धा मिग-21 ने भारतीय वायु सेना के साथ 60 साल पूरे कर लिए हैं। वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने गुरुवार को 14 मिग-29 विमानों के फॉर्मेशन में उड़ान भरकर सुपरसोनिक विमान की हीरक जयंती मनाई। अपने आखिरी कारनामे में इसी रूसी विमान ने बालाकोट स्ट्राइक के दौरान पाकिस्तानी एफ-16 को मार गिराया था और विंग कमांडर अभिनंदन इसी विमान से कूदकर पाकिस्तान के 'बंधक मेहमान' बने थे। साठ साल की उम्र पूरी करने के बाद अब भारतीय वायुसेना से रूसी लड़ाकू विमान मिग वेरिएंट की विदाई का वक्त करीब आ गया है। भारतीय वायु सेना के बेड़े में मार्च, 1963 में शामिल हुआ पहला सुपरसोनिक विमान मिग-21 अब 60 साल पूरे कर चुका है। 1971 के युद्ध के नायक और कई लड़ाकू भूमिका निभाने के लिए वर्षों में अपग्रेड किए गए विमान आज भी देश की सेवा कर रहे हैं। वायु सेना की 28 स्क्वाड्रन 'फर्स्ट सुपरसोनिक्स' के 60 साल पूरे पर वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी और वेस्टर्न एयर कमांड के कमांडिंग-इन-चीफ एयर मार्शल पीएम सिन्हा ने 14 मिग-29 विमानों के फॉर्मेशन में उड़ान भरकर हीरक जयंती मनाई। एयर चीफ मार्शल चौधरी ने 2001 से 2003 तक 'फर्स्ट सुपरसोनिक्स' स्क्वाड्रन की कमान संभाली थी। कई लड़ाकू भूमिका निभाने के लिए वर्षों में अपग्रेड किए गए यह रूसी विमान आज भी देश की सेवा कर रहे हैं। भारतीय वायुसेना ने 1960 में कई अन्य पश्चिमी प्रतिस्पर्धियों के बीच मिग-21 खरीदने का विकल्प चुना। इस सौदे के बदले में सोवियत संघ ने भारत को प्रौद्योगिकी हस्तांतरण की। 1963 तक वायुसेना ने अपने बेड़े में 1,200 से अधिक विमानों को अपनी सेवा में लिया। 1964 में मिग-21 भारतीय वायुसेना के साथ पहला सुपरसोनिक फाइटर जेट बन गया। रूसी कंपनी ने कुल 11,496 मिग-21 का निर्माण किया, जिसमें से 840 विमान भारत में बनाये गए। भारत ने इस विमान का पहली बार 1965 में पाकिस्तान के साथ युद्ध में इस्तेमाल किया। हालांकि इस युद्ध में मिग-21 ने इसलिए सीमित भूमिका निभाई, क्योंकि उस समय तक वायुसेना में इनकी संख्या सीमित थी और प्रशिक्षित पायलट भी नहीं थे। पाकिस्तान के साथ युद्ध के दौरान मिग-21 का संचालन करते हुए भारतीय वायुसेना को काफी बहुमूल्य अनुभव मिले। मिग-21 की क्षमताओं को एक बार फिर 1971 के बांग्लादेश मुक्ति संग्राम के दौरान परखा गया। 1971 के इस युद्ध में उपमहाद्वीप में पहली सुपरसोनिक हवाई लड़ाई देखी गई, जब भारतीय मिग-21 ने पाकिस्तानी 104ए स्टार फाइटर का मुकाबला किया। इस दौरान पूर्वी क्षेत्र में मिग-21 ने डक्का में गवर्नर हाउस पर अंतिम हमला करके सैनिकों को आत्मसमर्पण करने के लिए मजबूर किया। इस युद्ध में भारत के मिग-21 का प्रदर्शन इस कदर शानदार रहा कि बाद में इराक सहित कई राष्ट्रों ने मिग-21 पायलट प्रशिक्षण के लिए भारत से संपर्क किया। 1970 के दशक तक भारत ने 120 से अधिक इराकी पायलटों को प्रशिक्षित किया। हालांकि 1970 के बाद से मिग-21 सुरक्षा के मुद्दों से इस कदर त्रस्त हो चुका था कि दुर्घटनाओं में 170 से अधिक भारतीय पायलट और 40 नागरिक मारे गए। 1966 से 1984 के बीच 840 विमानों में से लगभग आधे दुर्घटनाओं में क्रैश हो गए। इन विमानों में से अधिकांश के इंजनों में आग लग गई या फिर छोटे पक्षियों से टकराकर नष्ट हुए। मिग-21 के लगातार दुर्घटनाग्रस्त होने पर इसे 'उड़ता ताबूत' कहा जाने लगा था। कारगिल युद्ध के दौरान एक मिग-21 पाकिस्तानी सैनिक की 'कन्धा मिसाइल' से मारा गया। 10 अगस्त, 1999 को भारतीय वायुसेना के दो मिग-21 विमानों ने पाकिस्तानी नौसेना के अटलांटिक समुद्री गश्ती विमान को उस समय मार गिराया, जब उसने आर-60 मिसाइल के साथ भारतीय हवाई क्षेत्र में प्रवेश किया था। आखिरकार 50 वर्षों तक वायुसेना की सेवा में रहने के बाद 11 दिसम्बर, 2013 को इसे रिटायर कर दिया गया। उस समय तक भारत के पास 110 से अधिक मिग-21 बचे थे। इसके बाद मिग-21 तब सुर्खियों में आया जब भारतीय वायु सेना के विंग कमांडर अभिनंदन वर्थमान ने 27 फरवरी, 2019 को बालाकोट स्ट्राइक के दौरान इसी विमान से पाकिस्तानी एफ-16 को मार गिराया, लेकिन पाकिस्तान इससे इनकार करता है। हालांकि, इसी दौरान उनके मिग-21 को भी गोली मार दी गई, जिसकी वजह से विंग कमांडर अभिनंदन वर्थमान पैराशूट से नीचे उतरे। पाकिस्तानी क्षेत्र में लैंड करने के कारण पाकिस्तानी सेना ने उन्हें बंदी बना लिया, लेकिन कूटनीतिक दबावों के बाद उन्हें चंद दिन बाद रिहा करना पड़ा।

**मिग-21 बाइसन** - रूसी कंपनी ने 11,496 मिग-21 विमानों का निर्माण करने के बाद अपने आखिरी मिग-21 को मिग बाइसन के रूप में 1985 में अपग्रेड किया था। इस परिष्कृत मॉडल में पहले वाले मिग-21 वेरिएंट की कई कमियों को दूर किया गया था। इसके बाद रूसी कंपनी ने भारतीय वायुसेना के पास बचे 54 मिग-21 विमानों को भी मिग-21 बाइसन के रूप में अपग्रेड किया। इसलिए भारतीय वायु सेना का मिग-21 अपग्रेड होकर 'मिग-21 बाइसन' हो गया। कई अन्य संशोधनों ने हवाई जहाज की क्षमता में चार गुना वृद्धि की और इसे अपग्रेड करके एफ-16 वेरिएंट के स्तर तक लाया गया। इस समय भारतीय वायुसेना के पास 54 मिग-21 बाइसन हैं, जो आज भी देश की सेवा कर रहे हैं।

# उप्र में तीन आईपीएस और दो पीपीएस के तबादले, अपर्णा गुप्ता बनी महोबा एसपी

**लखनऊ, (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश सरकार ने शुक्रवार को तीन आईपीएस और दो पीपीएस अधिकारियों के तबादले किए हैं। इनमें आईपीएस अपर्णा गुप्ता को स्थाई एसपी महोबा के पद पर तैनात किया गया है। आईपीएस सुधा सिंह को सेनानायक 47वीं वाहिनी पीएसी गाजियाबाद बनाया गया है। इससे पहले वह महोबा की पुलिस अधीक्षक के पद पर तैनात थी। जबकि सेनानायक 47वीं वाहिनी पीएसी गाजियाबाद में तैनात कल्पना सक्सेना को एसपी पीटीएस मुरादाबाद बनाया गया है। आईपीएस के अलावा दो पीपीएस



अधिकारियों के तबादले हुए है, जिसमें प्रयागराज में सहायक पुलिस आयुक्त पद तैनात योगेंद्र सिंह को पुलिस उपाधीक्षक एसटीएफ लखनऊ भेजा गया है। वहीं, गाजियाबाद के सहायक पुलिस आयुक्त एलआईयू राजेश कुमार सिंह को एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स में नयी तैनाती दी है। उल्लेखनीय है कि पुलिस अधीक्षक बिजनौर दिनेश सिंह की अचानक तबीयत खराब होने के चलते उनकी पत्नी एसपी महोबा सुधा सिंह अवकाश पर चली गई थीं। उनकी जगह पर शासन ने आईपीएस अपर्णा गुप्ता को महोबा का कार्यवाहक एसपी बनाया गया था, अब उन्हें उसी जिले का स्थायी एसपी बनाया गया है। वहीं, सुधा सिंह को भी गाजियाबाद जनपद में पीएसी में तैनाती दी गई है।

# प्रेमपाल के घर पहुंचे भाजपा नेता, बेटे-बहू और पोती के निधन पर जताया दुख

**मुरादाबाद, (हि.स.)।** थाना सिविल लाइन क्षेत्र के हरतला सोनकपुर निवासी प्रेमपाल दिवाकर के बेटे बहू और पोती की बुधवार सुबह जनपद हापुड़ में हुए सड़क हादसे में मृत्यु हो जाने पर गुरुवार को भाजपा महानगर अध्यक्ष धर्मेंद्र नाथ मिश्रा, महानगर महामंत्री श्याम बिहारी शर्मा, मंडल अध्यक्ष विपिन प्रजापति, क्षेत्रीय सह मीडिया प्रभारी निमित्त ने उनके घर पहुंच कर शोक संवेदना व्यक्त की और परिवार को ढांढस बताया। भाजपा महानगर महामंत्री श्याम बिहारी शर्मा ने उप जिलाधिकारी सदर परमानंद से बात करके बताया कि हापुड़ में हुए सड़क हादसे में हरथला सोनकपुर निवासी प्रेमपाल के पुत्र मोहित, पुत्रवधू रिया, पोती सानवी और कार चालक पुष्पम की मौत हो गई हैं। श्याम बिहारी शर्मा ने एसडीएम सदर से कहा कि मोहित दिल्ली में सर्विस करता था और अपने परिवार के साथ अपने माता-पिता व भाई-बहन का पालन पोषण करता था उसके निधन से आश्रित परिवार के लिए जीविका चलाना बड़ा ही असमर्थ हो जाएगा। श्याम बिहारी शर्मा ने एसडीएम से किया की मृत आश्रित परिवार की आर्थिक सहायता शासन स्तर से कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई करें। मुरादाबाद के थाना सिविल लाइन के हरथला निवासी प्रेमपाल दिवाकर की बेटी रिया की 25 फरवरी को शादी थी।



इस शादी में शामिल होने के लिए दिल्ली में रहने वाला उनका बेटा मोहित भी अपनी पत्नी और बेटी के साथ शामिल हुआ था। 28 फरवरी को गौना की रस्में पूरी होने के बाद रिया को विदा किया गया। मंगलवार देर रात्रि मोहित पत्नी रिया, बेटी सानवी और कार चालक पुष्पम के साथ दिल्ली वापिस जा रहा था। हापुड़ में बाबूगढ़ थाना क्षेत्र में फ्लाईओवर पर पहले से खड़े कैंटर में मोहित की कार टकरा गई जिसके बाद पीछे से आ रहे एक अन्य दूसरे कैंटर ने भी कार में पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में मोहित रिया मासूम सानवी और कार चालक पुष्पम की मौके पर ही मौत हो गई सूचना पर पहुंची थाना क्षेत्र की पुलिस ने कार में फंसे चारों लोगों के शवों को बाहर निकाला और कार में मिले मोबाइल के माध्यम से मोहित के परिजनों को सूचना दी जिसके बाद मोहित के परिवार में शादी की खुशियां मातम में बदल गई। बुधवार देर रात्रि मोहित, उसकी पत्नी और बेटी के शव घर पहुंचे तो पूरे परिवार में चीख पुकार मच गई। गुरुवार को प्रेमपाल के घर से एक साथ तीन अर्थी उठी तो पूरे क्षेत्र में गमगीन माहौल छा गया और सभी की आंखों से आंसू टपकने लगे।

# रैयतों को जमीन वापस दिलाने के लिए राज्य सरकार एक रिपोर्ट तैयार कराएगी : जोबा मांझी


**रांची, (हि.स.)।** सदन में शुक्रवार को मंत्री जोबा मांझी ने कहा कि सीएनटी एक्ट के तहत रैयतों को उनकी जमीन वापस दिलाने के कार्य में तेजी के लिए राज्य सरकार एक रिपोर्ट तैयार कराएगी। उन्होंने कहा कि अबतक 901 मामलों का निष्पादन किया गया है। हालांकि, तीन हजार 326 आवेदन अभी भी लंबित हैं। दखल दिहानी के तहत सरकार को आवेदन प्राप्त हुए हैं। सरकार की कोशिश है कि इन मामलों को जल्द से जल्द निष्पादित किया जाय। विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने सरकार से पूछा था कि दखल दिहानी के तहत कितने आवेदन सरकार को प्राप्त हुए हैं और प्राप्त आवेदनों पर कार्रवाई करते हुए कितनों को दखल दिहानी का आदेश दिया है। सरकार की ओर से मिले जवाब से असंतुष्ट शिल्पी ने कहा कि सिर्फ रांची में दस हजार से ज्यादा मामले हैं। सरकार की ओर से जो जवाब मुझे दिया गया है, वहीं जवाब एक और विधायक के सवाल पर पहले भी दिया गया था। जो यह दिखाता है कि सरकार इस मामले में गंभीर नहीं है। स्पीकर रबिन्द्रनाथ महतो ने मामले की गंभीरता को देखते हुए मंत्री जोबा मांझी से कहा कि अगर एक ही जवाब दुहराया जा रहा है तो इसे देखा जाना चाहिए। अबतक जो भी इस मामले में अपडेट है, उसकी एक रिपोर्ट तैयार कर के दिया जाना चाहिए, जिसके बाद मंत्री जोबा



मांझी ने कहा कि आपके आदेश का पालन करेंगे। कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी ने कहा कि जामताड़ा में पुलिस के लोग आरएसएस और भाजपा के कार्यकर्ता की तरह काम कर रहे हैं। पुलिस और अल्पसंख्यकों में झड़प हुआ था। पुलिस ने 80 लोगों पर झूठा एफआईआर कर दिया है। पुलिस की इस हरकत से बड़ी आबादी परेशान है। इसके बाद सदन में हंगामा होने लगा। विधायक लंबोदर महतो ने तमिलनाडु में फंसे झारखंड के प्रवासी मजदूरों का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि वहां हिंदी भाषियों की हत्या हो रही है। कई लोगों की हत्या हो चुकी है। झारखंड के भी कई लोग वहां फंसे हुए हैं। अमित यादव ने कहा कि वहां के मुख्यमंत्री ने प्रवासियों को स्टेट खाली करने का आदेश जारी कर दिया है। ऐसे में झारखंड सरकार को इसपर पहल कर वहां के सरकार से बात करना चाहिए। उन्होंने कहा कि उन्हें समाचार पत्रों के माध्यम से तमिलनाडु में काम कर रहे राज्य के मजदूरों पर हो रहे हमले की जानकारी मिली है। वहां के मुख्यमंत्री ने भी 20 मार्च तक झारखंडी मजदूरों को चेन्नई खाली करने को कहा है। यह गलत है। अमित यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को इस मामले में हस्तक्षेप करना चाहिए। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री से बात कर के मजदूरों की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए।

# हिंदुस्तान हिंदू राष्ट्र था और हिंदू राष्ट्र ही रहेगा, लागू हो जनसंख्या नियंत्रण कानून : प्रवीण तोगड़िया

**बेगूसराय, (हि.स.)।** अन्तर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के अध्यक्ष प्रवीण तोगड़िया ने कहा है कि भारत में जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू नहीं होगा, तो पूर्णिया सहित पूर्वांचल और उत्तरांचल में कश्मीर जैसे हालात हो जाएंगे। जहां हिंदुओं की हत्या, लूट, अपहरण एवं बलात्कार की घटनाएं हो रही है, लोग पलायन कर रहे हैं। यही स्थिति इस क्षेत्र में भी 20 वर्ष बाद सुनने और देखने को मिलेगा। बेगूसराय में एक कार्यक्रम में शामिल होने बीते रात आए प्रवीण तोगड़िया ने कहा कि हिंदुस्तान हिंदू राष्ट्र था, है और हिंदू राष्ट्र ही रहेगा। हमारा डीएनए औरंगजेब एवं गजनी से नहीं मिलता है, हमारा डीएनए तो शिवाजी महाराज वाला है। जब औरंगजेब हमारी आस्था को नहीं डिगा पाया, तो बिहार के शिक्षा मंत्री चन्द्रशेखर जैसे जयचंद हमारी आस्था को क्या डिगा पाएंगे। साढ़े चार सौ वर्ष पहले राम मंदिर को




तोड़ा गया और हमने राम मंदिर बना लिया है। उन्होंने कहा कि सनातनी आस्था को कोई डिगा नहीं सकता है। शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर ने रामायण पर टिप्पणी कर गलती किया है। भगवान कृष्ण के वंशज हैं, उन्हें कृष्ण के साथ-साथ राम के प्रति भी श्रद्धा भाव रखनी चाहिए। हिंदू एवं मुसलमानों का डीएनए एक नहीं है। कैंसर का डॉक्टर होने के नाते हमारी समझ डीएनए मामले में किसी से भी ज्यादा है। समृद्ध हिंदू, शिक्षित हिंदू, स्वस्थ्य हिंदू बनाने के लिए 15 संगठनों के माध्यम से लगातार 24 घंटा काम कर रहे हैं। इसके लिए हिंदू हेल्पलाइन-स्वस्थ हिंदू में निजी चिकित्सकों के माध्यम से मुफ्त चिकित्सा सेवा उपलब्ध करा रहे हैं। जेल में बंद हिंदुओं को निःशुल्क अधिवक्ता की सेवा उपलब्ध करवा मदद कर रहे हैं। कोई हिंदू भूखा नहीं सोए, इसके लिए प्रतिमाह अनाज का वितरण कर रहे हैं, लोगों से एक मुट्ठी अनाज मांग रहे हैं। डॉ. तोगड़िया ने कहा कि तीन माह में उन्होंने करीब चार हजार किलोमीटर की यात्रा की है। इस दौरान बिहार, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश सहित अन्य राज्यों का भ्रमण किया है। गैस सिलेंडर का दाम बढ़ाना गलत है। जिन्हें पाकिस्तान अनाज भेजना है भेजें, जिन्हें मस्जिद जाना है जाएं। वे काशी, मथुरा जाने के लिए निकले थे और उसी मार्ग पर चल रहे हैं।

# उप्र विधानसभा: विशेषाधिकार हनन में 6 पुलिसकर्मियों को एक दिन का कारावास

**लखनऊ, (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में शुक्रवार को ऐतिहासिक नजारा देखने को मिला। विधानसभा ने कोर्ट की तरह कार्यवाही की। 19 साल पुराने एक विधायक के विशेषाधिकार हनन के मामले में एक सेवानिवृत्त क्षेत्राधिकारी और पांच अन्य पुलिस कर्मियों को एक दिन के कारावास की सजा सुनाई गई। संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने सदन में प्रस्ताव रखा, जिस पर विधान सभा अध्यक्ष ने सर्व सम्मति से फैसला सुनाया। बजट सत्र के दौरान शुक्रवार की सुबह 11 बजे प्रश्नकाल के साथ सदन की कार्यवाही शुरू हुई। प्रश्नकाल के बाद शून्य प्रहर की कार्यवाही शुरू हुई नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने नेता सदन के समाजवाद पर सदन में आये वक्तव्य का हवाला देते हुए सदन से वहिर्गमन कर गए। विधान सभा अध्यक्ष यह कहकर सपा के सदस्यों को बैठने के लिए कहा कि सदन में महत्वपूर्ण मुद्दा आने जा रहा है लेकिन सपा के सदस्य वहिर्गमन कर गए। इसके बाद संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने सदन में कहा कि 2004 में बिजली व्यवस्था को लेकर तत्कालीन विधायक सलिल विश्नोई शांतिपूर्ण ढंग से प्रदर्शन कर रहे थे। तब स्थानीय पुलिस ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया। लाठी चार्ज किया और गाली गलौज किया। 25 अक्टूबर, 2004 को यह मामला विशेषधिकार समिति के समक्ष आया। उसका एक वीडियो आया। विशेषाधिकार समिति ने 28 जुलाई, 2006 को दोषी पुलिस कर्मियों को दंडित करने का फैसला सुनाया। इस मुद्दे पर महाधिवक्ता से परामर्श भी लिया गया है। सदन को आर्टिकल 194 में यह अधिकार दिया गया है कि हम ऐसे लोगों को दंडित कर सकें। सुरेश खन्ना ने मौजूदा 18वीं विधानसभा अध्यक्ष से



पूरे सदन को कोर्ट के रूप में परिवर्तित कर कार्यवाही संचालित करने का प्रस्ताव रखा। खन्ना के प्रस्ताव पर सदन में मौजूद सभी दलों ने अध्यक्ष को संरक्षक बताते हुए फैसला सुनाने के लिए अधिकृत किया। जनसत्ता दल, अपना दल एस, सुभासपा, निषाद पार्टी, बसपा और कांग्रेस ने भी इसका समर्थन किया। इस पर विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि इन सभी छह लोगों को सदन की अवमानना का दोषी पाया गया है। खन्ना के प्रस्ताव पर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने सेवानिवृत्त क्षेत्राधिकारी व अन्य पांच पुलिसकर्मियों को एक दिन के कारावास की सजा सुनाई। इसके बाद खन्ना ने कहा कि दोषी पुलिसकर्मियों को भी अपना पक्ष रखने का मौका दिया जाना चाहिए। पीठ से अनुमति मिलने पर आरोपितों ने क्षमा याचना की। इस पर संसदीय कार्य मंत्री खन्ना ने कहा कि सब लोग क्षमा मांग रहे हैं। विधायकों को जनता चुनकर भेजती है। पुलिस के अधिकारी भी शासन के निदेशों का पालन करते हैं लेकिन इन्हें कोई अधिकार नहीं है कि किसी को अपमानित करें, गाली गलौज करें। अध्यक्ष के निर्णय को किसी भी कोर्ट में चैलेंज नहीं किया जा सकता। इसलिए इन्हें कम से कम सजा सुनाई जाए। इन्हें आज रात 12 बजे तक (एक दिन) की कारावास की सजा सुनाई जाए। इस पर उन्हें एक दिन की सजा सुनाई गई। अध्यक्ष ने सदन को अवगत कराया कि उन्हें विधान भवन में बने सेल (लॉकअप) में ही रखा जाएगा।

**दंडित होने वाले पुलिस कर्मी :** जिन पुलिसकर्मियों पर विशेषाधिकार समिति की संस्तुति पर कार्रवाई हुई, उनमें बाबू पुरवा के तत्कालीन क्षेत्राधिकारी अब्दुल समद, किदवईनगर के तत्कालीन थानाध्यक्ष रिषिकांत शुक्ला, तत्कालीन उपनिरीक्षक त्रिलोकी सिंह, तत्कालीन कांस्टेबल छोटे सिंह यादव, विनोद मिश्र और मेहरबान सिंह यादव हैं।

**क्या कहते हैं पूर्व विधायक व मौजूदा एमएलसी सलिल विश्नोई:** तत्कालीन भाजपा विधायक व मौजूदा विधान परिषद सदस्य सलिल विश्नोई ने हिन्दुस्थान समाचार को बताया कि 2004 में 12 से 14 घंटे बिजली कटौती हो रही थी। उसके विरोध में हमारी पार्टी ने आंदोलन किया था। उस आंदोलन में हम तत्कालीन मुख्यमंत्री का पुतला फूंकने जा रहे थे तो तो हमारे ऊपर 50 से ज्यादा पुलिसकर्मियों ने बर्बर लाठीचार्ज किया। हम बेहोश हो गए। हमारे पैर में कई फ्रैक्चर हुए। हमारी पार्टी के लोग हमें स्ट्रेचर पर लादकर तत्कालीन मुख्यमंत्री और राज्यपाल के यहां लेकर गए। थाने में उस वक्त हमारी रिपोर्ट नहीं लिखी गई थी। तब हमने अपनी पीड़ा विधानसभा अध्यक्ष के समक्ष उठाई। विधानसभा अध्यक्ष ने हमारी शिकायत को विशेषाधिकार समिति को सौंप दिया। विशेषाधिकार समिति ने डेढ़ साल तक मौके का परीक्षण किया। साक्ष्यों और गवाहों का परीक्षण किया। उसके बाद सर्वसम्मति से दोषियों को दण्डित करने का निर्णय किया। उस विशेषाधिकार समिति में सभी दलों के सदस्य होते हैं। विशेषाधिकार समिति की सिफारिश पर आज दोषियों को दण्डित किया गया है। रही बात अखिलेश यादव के विरोध की तो अखिलेश यादव और समाजवादी पार्टी का दोषियों और अपराधियों को बचाने का चरित्र रहा है। आज भी उनका यह आचरण देखने को मिला। हालांकि अखिलेश यादव बहुत दिनों तक विधायकों की आवाज दबा नहीं पाएंगे।

# पूर्व विधायक शेखर तिवारी समेत चार को गैंगस्टर के मामले में 5 साल सजा

**औरैया, (हि.स.)।** गैंगस्टर के मामले में पूर्व विधायक शेखर तिवारी समेत चार आरोपितों को 5 साल सजा और 8000 अर्थदंड से दंडित किया गया। फिलहाल सभी आरोपित जेल में बंद हैं। अभियोजन के अनुसार औरैया के तत्कालीन बसपा विधायक शेखर तिवारी को वर्ष 2008 में इंजीनियर मनोज गुप्ता हत्याकांड में जेल भेजा गया के बाद शेखर तिवारी, विनय तिवारी, मनोज कुमार अवस्थी और पुती उर्फ रामबाबू के खिलाफ वर्ष 2008 में ही दिबियापुर थानाध्यक्ष की ओर से गैंगस्टर की कार्यवाही कि गई थी। मामले में आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। इसके बाद विशेष न्यायाधीश एमपी एमएलए कोर्ट में मुकदमे का विचारण किया गया। अभियान की ओर से पैरवी डीजीसी अभिषेक मिश्रा और एडीजीसी अरविंद राजपूत ने करते हुए कड़ी सजा देने की पहल की' विशेष न्यायाधीश एमपी एमएलए को संजय सिंह के



समक्ष मामले की सुनवाई दोनों को सुनने के बाद विशेष न्यायाधीश संजय सिंह ने पूर्व विधायक शेखर तिवारी, विनय तिवारी, मनोज कुमार अवस्थी और पुती उर्फ रामबाबू को गैंगस्टर गिरोह बद अधिनियम का दोषी माना और पांच पांच साल कारावास और 8 हजार रुपये की सजा से दंडित किया। फिलहाल पूर्व विधायक शेखर तिवारी और अन्य आरोपित इंजीनियर हत्याकांड में आजीवन कारावास की सजा काट रहे है। अर्थदंड जमा ना कराने की स्थिति में एक माह का अतिरिक्त कारावास मुगततना पड़ेगा। सजा पाने वाले आरोपितों की ओर से जेल में बिताई गई अवधि सजा में समायोजित की जाएगी।

# केशव प्रसाद मौर्य ने की राहुल गांधी के बयान की आलोचना

**लखनऊ, (हि.स.)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी विदेश की धरती पर अपने ही देश भारत के बारे में दिये गये बयान पर घिर गये हैं। राहुल गांधी के बयान की आलोचना चहुंओर हो रही है। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि राहुल गांधी विदेशी धरती पर अपने ही देश का अपमान कर रहे हैं। उपमुख्यमंत्री ने ट्वीट किया कि राहुल गांधी विदेशी धरती पर अपने ही देश को, देश की जनता द्वारा चुनी हुई सरकार को कटघरे में खड़ा करना, उन पर आरोप लगाना भारतीय संस्कार नहीं हैं। यह पूरे देश का अपमान है। सत्तावियोग में झूठ बोलने की मशीन बनने से भी सत्ता नहीं मिलेगी। दरअसल कांग्रेस नेता राहुल गांधी इन दिनों लंदन में हैं। लंदन में कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में



एमबीए के छात्रों को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा है कि भारत में लोकतंत्र के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। मीडिया और न्यायालय पर सरकार का नियंत्रण है। भारत सरकार हमारी भी जासूसी कराती है। इस बयान के बाद राहुल गांधी घिर गये हैं।


# सीईओ स्तर पर होगा जमीन जमाबंदी के विवादों का समाधान : मुख्यमंत्री

**रांची, (हि.स.)।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के पांचवें दिन शुक्रवार को सदन में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि अवैध जमीन जमाबंदी मामले पर सरकार गंभीरता से विचार कर रही है। उन्होंने कहा कि जब जमीन की अवैध जमाबंदी हो जाती है तो उसे सीधे तौर पर रद्द नहीं किया जाता है। इस मामले की जांच सीओ स्तर से शुरू होकर डीसी, कमिश्नर के माध्यम से सरकार तक आती है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार में 15,490 केस का निष्पादन हुआ है। जहां तक कैंप लगाने की बात है तो विभिन्न योजनाओं के लिए सरकार कैंप लगाती है। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत दो बार के कैंप में एक करोड़ से अधिक आवेदन आये हैं, जिसमें अवैध जमीन जमाबंदी के लाखों मामले सामने आए हैं। सरकार ने निर्णय लिया है कि अवैध जमीन




जमाबंदी के विवादों का समाधान सीईओ स्तर पर कराया जाएगा। अभी पूरे राज्य में ऐसे कम से कम एक करोड मामले लंबित हैं। मेरे कार्यकाल में लाखों मामलों का निबटारा हुआ है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने नीलकंठ सिंह मुंडा के सवाल पर यह जवाब दिया। दरअसल, नीलकंठ सिंह मुंडा ने मुख्यमंत्री से सवाल किया कि क्या यह बात सही है कि राज्य में अवैध जमाबंदी के 1.75 लाख मामले लंबित हैं। सरकारी कर्मचारियों की लापरवाही से 3.62 लाख एकड़ से अधिक जमीन की अवैध जमाबंदी की जा चुकी है। इस सवाल पर मुख्यमंत्री ने जवाब दिया।

# स्वामी निश्चलानंद सरस्वती 16 मार्च को आयेंगे रांची



**रांची, (हि.स.)।** गोवर्धन मठ, परी पीठ के पूज्यपाद जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती 16 मार्च को रांची आयेंगे। इस दिन वे शाम 5:30 बजे से हरमू मैदान में धर्म सभा को संबोधित करेंगे। धर्म सभा में अलग अलग विषयों पर शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती अपने विचार रखेंगे। राष्ट्रोत्कर्ष अभियान के तहत शंकराचार्य राष्ट्र भर में साल में 250 दिनों तक भारत के अलग अलग हिस्सों में राष्ट्र, धर्म, विज्ञान, गणित को लेकर आम जनमानस को संबोधित करेंगे। यह जानकारी आदित्य वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेम चंद्र झा और आदित्य ह्यवाहिनी झारखंड के संयोजक शिशिर ठाकुर ने दी।

# होली मे डीजे के साथ पकड़े जाएंगे तो होगी कार्रवाई



**बेतिया, (हि.स)।** होली का त्योहार शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हो सके इसको लेकर पुलिस ने थाना क्षेत्र के लगभग चार दर्जन लोगों पर 107 की करवाई किया है।साथ ही क्षेत्र के डीजे संचालकों को चिन्हित करने की जिम्मेवारी चौकीदारों को सौंपी गई है। थानाध्यक्ष सुरेश कुमार यादव ने आज बताया कि क्षेत्र में होली का त्यौहार शांतिपूर्ण व आपसी भाईचारे में संपन्न हो सके। इसको लेकर पुलिस पूरी तरह से तत्पर है। जिसको लेकर थाना क्षेत्र के लगभग चार दर्जन लोगों पर 107 की कार्रवाई की गई है। आगे भी लोगों को चिन्हित कर 107 की कार्रवाई जारी रहेगी। थानाध्यक्ष ने बताया कि सभी चौकीदारों को थाना क्षेत्र के डीजे संचालकों की सूची उपलब्ध कराने को कहा गया है। होली के दिन जो भी डीजे संचालक डीजे बजाते पकड़े जाएंगे साथ ही साथ अश्लील गाना बजाते हुए पकड़े जाएंगे उनके डीजे को जब्त करते हुए डीजे बजाने व बजवाने वालो पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। किसी भी हाल में डीजे पर अश्लील गाना बजाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। इसको लेकर सभी डीजे संचालकों के पास संदेशा भेजा जा रहा है। जो डीजे संचालक डीजे के साथ पकड़े जाएंगे उन पर कार्रवाई होगा।

# बिहार के गया अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट सहित अन्य स्थानों पर होली के दिन ड्रोन और केमिकल से हमले की धमकी

**-एयरपोर्ट डायरेक्टर को मिला पत्र**
**-बढ़ायी गयी एयरपोर्ट की सुरक्षा**

**पटना, (हि.स.)।** बिहार के गया इंटरनेशनल एयरपोर्ट को उड़ाने की धमकी भरा पत्र किसी आतंकी संगठन ने एयरपोर्ट के डायरेक्टर को भेजा है। पत्र में हवाई अड्डों पर ड्रोन और केमिकल से हमले की धमकी दी गयी है। इसके बाद गया एयरपोर्ट की सुरक्षा बढ़ा दी गयी है। पुलिस के अनुसार धमकी भरा यह पत्र गया एयरपोर्ट के डायरेक्टर बंगजीत साहा को मिला है। पत्र में गया-बोधगया रोड स्थित गया अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट सहित अन्य कई स्थानों पर होली के दिन ड्रोन और केमिकल से हमला करने का जिक्र है। इस पत्र में 27 लोगों के नाम और पते हैं, जिसमें से तीन लोग गया के हैं। एयरपोर्ट डायरेक्टर बंगजीत साहा ने जिला पुलिस और तमाम एजेंसियों को सूचना दे दी है। इस धमकी भरे पत्र को गया एयरपोर्ट डायरेक्टर ने गृह मंत्रालय दिल्ली और गया एसएसपी को भेजा है। इस धमकी भरे पत्र मिलने के बाद चौकसी बढ़ा दी गयी है। गया में हाई अलर्ट जारी किया गया



है। साथ ही पुलिस और जांच एजेंसियां भी एक्शन में आ गई हैं। एयरपोर्ट के आंतरिक परिसर में यात्रियों की जांच की प्रक्रिया को और सख्त कर दी गयी है। सुरक्षा से संबंधित सभी बिंदुओं पर निगरानी बढ़ा दी गयी है। मुख्य रूप से ड्रोन अटैक को लेकर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। एयरपोर्ट टैफिक कंट्रोल यानी एटीसी को भी अलर्ट मोड में रखा गया है। सुरक्षा में तैनात सीआईएसएफ के जवानों को भी हाई अलर्ट मोड पर रहने को कहा गया हैं। एयरपोर्ट पर हर आने-जाने लोगों पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

**पत्र में कुल 27 व्यक्तियों के है नाम और पते -** एसएसपी आशीष कुमार भारती के अनुसार गया अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा के डायरेक्टर बंगजीत साहा को एक पत्र के माध्यम से इस संबंध में जानकारी मिली है। पत्र में कुल 27 व्यक्तियों के नाम और पते हैं। इसमें बिहार राज्य के कथित 21 व्यक्तियों के नाम और पते (जिसमें से गया जिला के कथित 3 व्यक्तियों का नाम पता अंकित है)। झारखंड के कथित दो व्यक्तियों के नाम पते और असम के कथित चार व्यक्तियों के नाम पते हैं। एसएसपी के मुताबिक मामले को गंभीरता से लेते हुए इसकी जांच और कार्रवाई के लिए गया पुलिस के संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया है। पत्र में जिनका नाम है उनमें से दो महिलाओं के नाम पते के संबंध में जांच की गई है, जिसमें एक महिला चिकित्सक और एक महिला शिक्षक है। उल्लेखनीय है कि गया में हर साल बड़ी संख्या में देशी और विदेशी सैलानी आते हैं। दुनिया के कई देशों से यहां हिंदू और बौद्ध धर्म के लोग आते हैं। ऐसे में धमकी मिलने के बाद से पुलिस और प्रशासन में हड़कंप मच गया है।

## संपादकीय

# लुढ़कती विकास दर

**वित्त** वर्ष 2022-23 की तीसरी तिमाही, अक्तूबर-दिसंबर, में हमारी जीडीपी की विकास दर लुढक कर 4.4 फीसदी दर्ज की गई है। पहली तिमाही, अप्रैल-जून, में विकास दर 13.2 फीसदी तक उछली थी और दूसरी तिमाही, जुलाई-सितंबर, में भी 6.3 फीसदी रही थी। उन्हीं के आधार पर अनुमान लगाए गए थे कि मौजूदा वित्त वर्ष के दौरान औसत विकास दर 7 फीसदी के करीब रह सकती है, लेकिन अब उस स्तर को छूना है, तो अंतिम तिमाही, जनवरी-मार्च, में यह दर कमोबेश 5.1 फीसदी होनी चाहिए। लाल संकेत ये हैं कि अर्थशास्त्रियों के आकलन हैं कि अंतिम तिमाही में विकास दर 4 फीसदी के करीब हो सकती है। इसके मायने ये नहीं हैं कि हमारी अर्थव्यवस्था उबरने के बाद फिर गोता खाने की स्थिति में पहुंच गई है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अब भी भारत की विकास दर अमरीका, जर्मनी, फ्रांस, जापान आदि देशों से बहुत बेहतर स्थिति में है। हम चीन के लगभग बराबर ही हैं, लेकिन तीसरी तिमाही के दौरान निजी खपत की मांग, सरकारी व्यय, निर्यात और मैन्यूफैक्चरिंग के क्षेत्र में गिरावट दर्ज की गई है, नतीजतन विकास दर भी प्रभावित हुई है। लोगों की क्रय-शक्ति कम हुई है, तो मांग घटी है। मांग और खपत परस्पर पूरक हैं। मांग कम होगी, तो कारखाने उत्पादन भी कम करेंगे। नतीजतन रोजग़ार भी प्रभावित होगा। मैन्यूफैक्चरिंग क्षेत्र में 1.1 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई है, जबकि बीते वर्ष इसी तिमाही में यह दर 11.2 फीसदी थी। मैन्यूफैक्चरिंग जीडीपी का बेहद महत्वपूर्ण घटक है, क्योंकि सबसे अधिक रोजग़ार देने वाले क्षेत्रों में एक है। लोगों की निजी खपत 2.1 फीसदी कम हुई है, तो सरकारी उपभोग व्यय भी 1.0 फीसदी घटा है और नेट निर्यात भी 6.7 फीसदी कम किया गया है। राष्ट्रीय सांख्यिकी आयोग की रपट है कि औसत महंगाई दर 7.2 फीसदी है, जो तय लक्ष्य से ज्यादा है। जुलाई-सितंबर की तिमाही में महंगाई दर 6.3 फीसदी थी। उपभोक्ता को सीधे प्रभावित करने वाली महंगाई को इस तरह समझा जा सकता है कि रसोई गैस के दाम 50 रुपए प्रति सिलेंडर बढ़ा दिए गए हैं। अब राजधानी दिल्ली में यह सिलेंडर 1103 रुपए में मिलेगा, जबकि अन्य महानगरों में ज्यादा महंगा कर दिया गया है। कमर्शियल सिलेंडर भी 350 रुपए महंगा किया गया है। अनाज की कीमतें 15 फीसदी तक बढ़ी हैं, जबकि आटा 40 फीसदी महंगा हो गया है। दूध भी कई गुना महंगा हुआ है। इसका संपूर्ण विश्लेषण हम पहले ही कर चुके हैं। अब आसार ऐसे हैं कि कमोबेश इस साल खाने-पीने की महंगाई से कोई भी राहत मिलने वाली नहीं है। बेशक हम विश्व में सबसे तेज उभरने वाली अर्थव्यवस्था हैं, लेकिन जी-20 समूह के देशों में हम सबसे गरीब देश हैं, क्योंकि हम निम्न मध्य वर्ग की अर्थव्यवस्था हैं। भारत आने वाले वर्षों में जर्मनी और जापान सरीखे देशों को पीछे कर तीसरे स्थान की अर्थव्यवस्था भी बन सकता है, लेकिन हमारी अर्थव्यवस्था और आर्थिक असमानताओं के कारण हमारी विकास दर भी प्रभावित होती रहेगी। मुद्रास्फीति जैसे मुद्दों पर केंद्र और राज्य सरकारें आपस में मिल-बैठ कर विमर्श कर सकती हैं। कृषि पर भी कोई सर्वमान्य रास्ता निकाला जा सकता है, लेकिन हमारे देश में गैर-जिम्मेदाराना राजनीति बहुत है। कृषि को भारत में राजनीतिक गतिविधि मान रखा है। कृषि को आर्थिक गतिविधि नहीं माना गया है, जबकि उसकी विकास दर कोरोना-काल में भी सकारात्मक थी। बेशक सरकार दलीलें देती रहे कि हमारा जीएसटी संग्रह बढ़ रहा है, विदेशी मुद्रा कोष और निवेश भी बढ़ते रहे हैं, लेकिन आम नागरिक का चिंतित सरोकार महंगाई से है। वह अर्थव्यवस्था के साथ-साथ विकास दर को भी प्रभावित करती है। अर्थशास्त्री मान रहे हैं कि जो आंकड़े राष्ट्रीय सांख्यिकी आयोग ने जारी किए हैं, उनके मद्देनजर कहा जा सकता है कि भारत अपने विकास की गति तेजी से खो रहा है, लिहाजा इस वित्त वर्ष में विकास दर को 7 फीसदी तक पहुंचना संभव नहीं होगा। महंगाई के कारण गरीब और मध्यम वर्ग परेशान हो चुका है। इस समस्या से बाहर निकलने का कोई समाधान भी नहीं दिख रहा है।

लाल संकेत ये हैं कि अर्थशास्त्रियों के आकलन हैं कि अंतिम तिमाही में विकास दर 4 फीसदी के करीब हो सकती है। इसके मायने ये नहीं हैं कि हमारी अर्थव्यवस्था उबरने के बाद फिर गोता खाने की स्थिति में पहुंच गई है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अब भी भारत की विकास दर अमरीका, जर्मनी, फ्रांस, जापान आदि देशों से बहुत बेहतर स्थिति में है। हम चीन के लगभग बराबर ही हैं, लेकिन तीसरी तिमाही के दौरान निजी खपत की मांग, सरकारी व्यय, निर्यात और मैन्यूफैक्चरिंग के क्षेत्र में गिरावट दर्ज की गई है, नतीजतन विकास दर भी प्रभावित हुई है। लोगों की क्रय-शक्ति कम हुई है, तो मांग घटी है। मांग और खपत परस्पर पूरक हैं। मांग कम होगी, तो कारखाने उत्पादन भी कम करेंगे। नतीजतन रोजग़ार भी प्रभावित होगा। मैन्यूफैक्चरिंग क्षेत्र में 1.1 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई है, जबकि बीते वर्ष इसी तिमाही में यह दर 11.2 फीसदी थी। मैन्यूफैक्चरिंग जीडीपी का बेहद महत्वपूर्ण घटक है, क्योंकि सबसे अधिक रोजग़ार देने वाले क्षेत्रों में एक है।

## बोध कथा

# चिंतन-मुक्त होते हैं ज्ञानी और अज्ञानी

**सोचना** मस्तिष्क का लक्षण नहीं है। सोचना एक अभिव्यक्ति है। वह लक्षण नहीं बन सकता। हमारा अस्तित्व और चैतन्य चिंतन से परे है, सोचने से परे है। सोचना ज्योति का एक स्फुलिंग मात्र है, समग्र ज्योति नहीं है। न सोचना—यह ज्योति का अखंड रूप है। ध्यान-साधना द्वारा हम उस स्थिति तक पहुंचना चाहते हैं, जहां सोचने की बात समाप्त हो जाती है, जहां साक्षात्कार संभव हो जाता है। यहां साक्षात होता है, वहां सोचने की आवश्यकता नहीं रहती। साक्षात होने पर वस्तु 'हस्तामलकवत' स्पष्ट हो जाती है। हथेली पर आंवला रखा हुआ है। वह जो कुछ है, उसका हमें साक्षात्कार हो रहा है। उसके विषय में सोचने की आवश्यकता नहीं होती। प्रत्यक्ष में दर्शन होता है, वहां चिंतन नहीं होता और जहां चिंतन होता है, वहां दर्शन नहीं होता। एक आदमी ने पूछा, 'आपके घर मे अमुक वस्तु है?' उसने कहा, 'भाई याद नहीं है, देखकर बताऊंगा।' यहां भी सोचना काम नहीं आएगा। एक घटना में है, 'जानकारी करके बताऊंगा।' और दूसरी घटना में है, 'देखकर बताऊंगा।' जहां जानना और देखना होता है, वहां सोचना प्राप्त नहीं होता। जहां ये दोनों—जानना और देखना नहीं होते, वहां सोचने की स्थिति आती है। जो परोक्ष है, अस्पष्ट है, जिसके विषय में सहसा कुछ कहा नहीं जा सकता, वहां सोचना होता है, चिंतन करना पड़ता है। सोचना मस्तिष्कीय चेतना का एक अंग है, इसलिए यह ज्योति का एक स्फुलिंग मात्र है, ज्योति की एकाग्रता नहीं है। जब दर्शन स्पष्ट होता है, प्रत्यक्ष दर्शन की स्थिति प्राप्त हो जाती है, तब चिंतन समाप्त हो जाता है। ध्यान-साधना का लक्ष्य है कि साधक प्रत्यक्ष दर्शन की अवस्था तक पहुंचे, साक्षात्कार की भूमिकाओं को प्राप्त करे। जब साक्षात्कार होता है, तब चिंतन नीचे रह जाता है और अखंड ज्ञान ऊपर आ जाता है। किंतु जब तक व्यक्ति शरीर से बंधा हुआ है, तब तक अतीन्द्रिय चेतना जाग्रत नहीं होती। तब चिंतन करना आवश्यक होता है। दो प्रकार के व्यक्ति चिंतन-मुक्त होते हैं। एक, प्रत्यक्ष ज्ञानी कभी चिंतन नहीं करता। दूसरा, अज्ञानी आदमी कभी चिंतन नहीं करता। प्रत्यक्ष ज्ञानी को चिंतन करने की आवश्यकता नहीं होती, क्योंकि जो कुछ है, वह उसके लिए प्रत्यक्ष है। अज्ञानी या मूर्ख आदमी चिंतन करना जानता ही नहीं, उसमें चिंतन की क्षमता ही नहीं होती। इन दो प्रकार के व्यक्तियों में चिंतन की समानता का कैसा विचित्र संयोग है!

प्रत्यक्ष में दर्शन होता है, वहां चिंतन नहीं होता और जहां चिंतन होता है, वहां दर्शन नहीं होता। एक आदमी ने पूछा, 'आपके घर मे अमुक वस्तु है?' उसने कहा, 'भाई याद नहीं है, देखकर बताऊंगा।' यहां भी सोचना काम नहीं आएगा। एक घटना में है, 'जानकारी करके बताऊंगा।' और दूसरी घटना में है, 'देखकर बताऊंगा।' जहां जानना और देखना होता है, वहां सोचना प्राप्त नहीं होता। जहां ये दोनों—जानना और देखना नहीं होते, वहां सोचने की स्थिति आती है। जो परोक्ष है, अस्पष्ट है, जिसके विषय में सहसा कुछ कहा नहीं जा सकता, वहां सोचना होता है, चिंतन करना पड़ता है। सोचना मस्तिष्कीय चेतना का एक अंग है, इसलिए यह ज्योति का एक स्फुलिंग मात्र है, ज्योति की एकाग्रता नहीं है। जब दर्शन स्पष्ट होता है, प्रत्यक्ष दर्शन की स्थिति प्राप्त हो जाती है, तब चिंतन समाप्त हो जाता है।

## विपक्षी दल कांग्रेस का नेतृत्व स्वीकार करने को तैयार नहीं

# कांग्रेस व आप आत्म मंथन करें

कुलदीप चंद अग्निहोत्री

राजनीतिक विश्लेषकों को आशा थी कि इस बार सीडब्ल्यूसी के सदस्यों का चुनाव होगा ताकि पार्टी पर जो वंशवाद का आरोप लगता है उसे धोया जा सके। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। सीडब्ल्यूसी के सदस्य मनोनीत करने का अधिकार कांग्रेस अध्यक्ष को ही दे दिया गया। अधिवेशन में यह भी साफ हो गया कि अध्यक्ष चाहे मल्लिकार्जुन ही हों लेकिन सत्ता का केन्द्र सोनिया परिवार ही है। अधिवेशन से यह भी आशा थी कि कांग्रेस शायद आगामी चुनाव के लिए कुछ सार्थक मुद्दों की तलाश करे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। अधिवेशन ने साफ कर दिया कि कांग्रेस सारी लड़ाई अडानी पर ही लड़ेगी। कांग्रेस अडानी के मुद्दे को भ्रष्टाचार से जोडऩा चाहती है, लेकिन असलियत यह है कि स्वयं कांग्रेस पर लगा हुआ भ्रष्टाचार का कलंक अभी दूर नहीं हुआ है।

**पिछले** दिनों सोनिया कांग्रेस का बहुत लम्बे अरसे बाद छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में महाधिवेशन हुआ और उसके तुरन्त बाद आम आदमी पार्टी के दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया कट्टर ईमानदार का गीत गाते-गाते अचानक शराब के कारोबार से संबंधित एक घोटाले के चलते जेल चले गए। इसके तुरन्त बाद मेघालय, नागालैंड और त्रिपुरा की विधानसभाओं के चुनाव परिणाम आ गए जिसने भाजपा के पक्ष में निर्णय दे दिया। सबसे पहले कांग्रेस के महाधिवेशन के बारे में बात करेंगे। राहुल गान्धी की लम्बी यात्रा के बाद कांग्रेस को लगता था कि सभी विपक्षी पार्टियां राहुल गान्धी के नेतृत्व को स्वीकार कर लेंगी। इसका संकेत कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े ने दिया भी। उन्होंने प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से कहा भी कि जब तक विपक्षी दल कांग्रेस की छतरी के नीचे आकर संयुक्त मोर्चा नहीं बनाते तब तक कुछ नहीं हो सकता। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस को हाशिए पर रख कर जो लोग तीसरे मोर्चा की बात करते हैं, वे सफल नहीं हो सकते। भाजपा के खिलाफ यदि सफलता प्राप्त करनी है तो कांग्रेस की प्रमुख भूमिका माननी पड़ेगी। लेकिन इसे सोनिया गान्धी का दुर्भाग्य ही कहना होगा कि विपक्षी दल कांग्रेस का नेतृत्व स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं। राजनीतिक विश्लेषकों को आशा थी कि इस बार सीडब्ल्यूसी के सदस्यों का चुनाव होगा ताकि पार्टी पर जो वंशवाद का आरोप लगता है उसे धोया जा सके। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। सीडब्ल्यूसी के सदस्य मनोनीत करने का अधिकार कांग्रेस अध्यक्ष को ही दे दिया गया। अधिवेशन में यह भी साफ हो गया कि अध्यक्ष चाहे मल्लिकार्जुन ही हों लेकिन सत्ता का केन्द्र सोनिया परिवार ही है। अधिवेशन से यह भी आशा थी कि कांग्रेस शायद आगामी चुनाव के लिए कुछ सार्थक मुद्दों की तलाश करे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। अधिवेशन ने साफ कर दिया कि कांग्रेस सारी लड़ाई अडानी पर ही लड़ेगी। कांग्रेस अडानी के मुद्दे को भ्रष्टाचार से जोडऩा चाहती है, लेकिन असलियत यह है कि स्वयं कांग्रेस पर लगा हुआ भ्रष्टाचार का कलंक अभी दूर नहीं हुआ है। दरअसल आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस पर लगे भ्रष्टाचार के इसी कलंक को आधार बना कर राजनीति में अपनी शुरुआत की थी। अन्ना हज़ारे की छवि महाराष्ट्र में भ्रष्टाचार से लडऩे वाले




सैनिक के तौर पर थी। कुछ विदेशी शक्तियों, जो अंदाज़ा लगा रही थीं कि भारत में से कांग्रेस सत्ता के समाप्त होने के आसार शुरू हो गए हैं, की चिन्ता यह थी कि कांग्रेस का स्थान भारतीय जनता पार्टी ले सकती थी। भाजपा की पहचान और विचारधारा देश की मिट्टी और संस्कृति में धंसी हुई है। ईसाई मिशनरियां इसी से चिन्तित थीं। अन्ना हज़ारे का दिल्ली आना सभी को अनुकूल लगता था। केजरीवाल आज अपनी जिस एनजीओ की चर्चा कर रहे हैं, उसको भी पैसा विदेशी फाऊंडेशन से मिलता था, ऐसी भी चर्चा दिल्ली में चलती रहती है। इसलिए भारत विरोधी ताकतों को केजरीवाल भी अपने अनुकूल लगते थे। उनकी कट्टर ईमानदार की छवि तभी बन सकती थी यदि उनको अन्ना हज़ारे के साथ बिठा दिया जाता। अन्ना के स्पर्श से जब यह अवधारणा बन गई कि केजरीवाल कट्टर ईमानदार है तो उसने अन्ना का साथ छोडऩे में एक दिन की भी देरी नहीं की। केजरीवाल यह भी समझ गए थे कि कांग्रेस के विरोध में जो अन्य विरोधी दल हैं, उनका कार्यक्षेत्र अपने-अपने प्रदेश में ही है। केजरीवाल की पार्टी अपना अखिल भारतीय स्वरूप विकसित करना चाहती थी। लेकिन इसके लिए पैसा चाहिए था। केजरीवाल की विचारधारा तो कोई थी नहीं। वह गणितीय समीकरणों से ही देश की सत्ता हथियाना चाहते थे। संगठन उनके पास था नहीं। इसलिए अपने उद्देश्य की पूर्ति के लिए उन्हें अकूत धन चाहिए था। केजरीवाल का मानना था कि उनकी छवि कट्टर ईमानदार की बन चुकी है, इसलिए यदि वे गलत तरीकों से भी धन एकत्रित करेंगे तो कोई विश्वास नहीं करेगा कि वे भ्रष्टाचार में भी गले तक डूब सकते हैं। उनके लिए विचारधारा की महत्ता तो पहले ही गौण थी। यही कारण है कि 2018 के पंजाब विधानसभा चुनावों में उन्होंने कनाडा व अमेरिका के भारत विरोधी तत्वों से हाथ मिलाने में रत्ती भर परहेज़ नहीं किया। दिल्ली और पंजाब में सरकार बन जाने के कारण केजरीवाल को देश भर में पैर फैलाने के लिए जिस धन की जरूरत थी, उसकी पूर्ति शराब ही कर सकती थी। हल्ला यह मचाया गया कि केजरीवाल शिक्षा और स्वास्थ्य पर ध्यान दे रहे हैं, लेकिन अंदरखाते उनकी गिद्ध दृष्टि शराब पर ही लगी हुई थी। मामला इतना आगे बढ़ा कि दिल्ली में दुकानों पर शराब की दो बोतल खऱीदने पर एक बोतल मुफ्त मिलने लगी। इस चक्कर में उनके स्वास्थ्य मंत्री सत्येन्द्र जैन आठ-नौ महीनों से जेल में हैं और अब उनके अपने घर के आदमी और दिल्ली के शराब मन्त्री मनीष सिसोदिया पुलिस रिमांड पर हैं। पंजाब में भी उनके एक विधायक जेल में हैं और उनके एक मंत्री जेल में रह चुके हैं और ज़मानत पर हैं। मामला सभी पर भ्रष्टाचार का ही बनता है। आम आदमी पार्टी को सबसे ज्यादा दुख इसी बात का है कि उन्होंने और उनके विदेशी मित्रों ने इतनी मेहनत से कट्टर ईमानदार की फुलवारी उनको पहनाई थी, वह हवा के हल्के झोंके से ही उड़ गई और केजरीवाल अपनी पार्टी समेत चौराहे पर आ खड़े हुए हैं। मुलम्मा उतर जाना सबसे ज्यादा कष्टकारी होता है। आम आदमी पार्टी का कष्ट ईमानदारी का मुलम्मा उतर जाने का है और सोनिया कांग्रेस का कष्ट तमाम प्रयासों के बावजूद राहुल गान्धी की मैच्योर व्यक्ति की छवि न बन पाना है। उनको पार्टी के सलाहकारों ने अडानी का झुनझुना दे दिया कि इसे बजाते रहो, इससे लोग भाजपा के खिलाफ हो जाएंगे। पिछली बार राफेल का डमरू दिया था, लेकिन वह काम नहीं कर पाया। इस बार अडानी था। यह झुनझुना बजाने का कितना असर हुआ, इसका पता नागालैंड, मेघालय और त्रिपुरा विधानसभा के चुनाव परिणामों से सामने आ गया। तीनों राज्यों में से कांग्रेस एक प्रकार से अखाड़े से ही बाहर हो गई लगती है। नागालैंड में तो वह एक सीट के लिए भी तरसती रह गई। त्रिपुरा में उसने अपने आप को सीपीएम की झोली में डाल दिया, लेकिन वहां भी चार-पांच से आगे नहीं जा सकी। चार-पांच ही सीटें मेघालय में हाथ लगीं। यह स्थिति तब है जब मेघालय और नागालैंड तो प्रचंड रूप से ईसाई बहुल प्रदेश हैं।

# शिक्षा परिसरों में हों खुशी के कोने

आज मानसिक तनाव और अवसाद समाज के विकास में बाधा बन खड़ा हो रहा है। अस्थिर, अनिश्चित, जटिल और अस्पष्ट दुनिया ने मानवीय रिश्तों को जटिल बना दिया है तथा व्यक्ति किसी मृग-मरीचिका की तरह अनजान लक्ष्य के पीछे भाग रहा है। ऐसे में, उसे आत्म-मूल्य, अस्तित्व और अपने योगदान के बारे में असुरक्षा महसूस होती है। इन परिस्थितियों में समाज में एक सकारात्मक दृष्टिकोण की आवश्यकता है। हमें यह समझना चाहिए कि पैसा वित्तीय सुरक्षा प्रदान कर सकता है, लेकिन स्वास्थ्य एवं खुशहाल जीवन को सुनिश्चित नहीं कर सकता। विभिन्न शोधों से सिद्ध हुआ है कि जो लोग परिवार, समुदाय एवं प्रकृति से जुड़े हुए हैं, वे अधिक खुश और शारीरिक रूप से ज्यादा स्वस्थ हैं। प्रसन्नता की चाबी मानवता है तथा इसके लिए सामाजिक संपर्क या संबंध धन की अपेक्षा ज्यादा आवश्यक है। संतोषप्रद जीवन के लिए हमें अपने रिश्तों को मजबूत व पोषित करने की जरूरत है। इस संदर्भ में परिवार व समुदाय में धन के निवेश की अपेक्षा समय का निवेश ज्यादा महत्वपूर्ण है। खुशी के लिए चीजों की अपेक्षा अनुभव का अधिक महत्व है।

**बहुत** तेज बदलती दुनिया में इंसानियत का क्या हाल है? जहां एक ओर नई तकनीकें लगातार विकसित हो रही हैं, तो वहीं दूसरी ओर, लोग अपने समाज तथा अपनी प्रकृति से दूर होते जा रहे हैं। ज्यादातर लोग बढ़ती भीड़ में भी स्वयं को खोया हुआ महसूस कर रहे हैं। सामान्यतः आज हर आदमी प्रतिस्पद्र्धा में लिप्त है। उसे नहीं पता कि उसकी प्रतिस्पद्र्धा किससे है, कहां तक, कब तक है, और यही पहले मानसिक तनाव और बाद में अवसाद की अहम वजह बन रहा है। आज मानसिक तनाव और अवसाद समाज के विकास में बाधा बन खड़ा हो रहा है। अस्थिर, अनिश्चित, जटिल और अस्पष्ट दुनिया ने मानवीय रिश्तों को जटिल बना दिया है तथा व्यक्ति किसी मृग-मरीचिका की तरह अनजान लक्ष्य के पीछे भाग रहा है। ऐसे में, उसे आत्म-मूल्य, अस्तित्व और अपने योगदान के बारे में असुरक्षा महसूस होती है। इन परिस्थितियों में समाज में एक सकारात्मक दृष्टिकोण की आवश्यकता है। हमें यह समझना चाहिए कि पैसा वित्तीय सुरक्षा प्रदान कर सकता है, लेकिन स्वास्थ्य एवं खुशहाल जीवन को सुनिश्चित नहीं कर सकता। विभिन्न शोधों से सिद्ध हुआ है कि जो लोग परिवार, समुदाय एवं प्रकृति से जुड़े हुए हैं, वे अधिक खुश और शारीरिक रूप से ज्यादा स्वस्थ हैं। प्रसन्नता की चाबी मानवता है तथा इसके लिए सामाजिक संपर्क या संबंध धन की अपेक्षा ज्यादा आवश्यक है। संतोषप्रद जीवन के लिए हमें अपने रिश्तों को मजबूत व पोषित करने की जरूरत है। इस संदर्भ में परिवार व समुदाय में धन के निवेश की अपेक्षा समय का निवेश ज्यादा महत्वपूर्ण है। खुशी के लिए चीजों की अपेक्षा अनुभव का अधिक महत्व है। अनुभव से ही आप अपने लिए खुशी संजोते हैं। तमाम तरह की वस्तुओं से ही केवल खुशी मिलना संभव नहीं है। अक्सर हमारे समाज में बच्चों को सिखाया जाता है कि जिसके पास ज्यादा संसाधन है, वह ज्यादा खुश है। बच्चे इन संसाधनों के सपने देखने लगते हैं और उनकी खुशी घटने लगती है। बच्चों या छात्रों को ऐसे सकारात्मक कार्यों में खुशी खोजनी चाहिए, जिनसे उनकी सामाजिकता और समझ का दायरा सहजता से बढे.। उदाहरण के लिए, संगीत सुनना प्रसन्नता का भाव लाता है। जब लोग या छात्र समूह में एक साथ बैठकर संगीत सुनते हैं, तो उनका मन-मस्तिष्क लयबद्ध तरीके से ताल-मेल बैठाता है और एक साझा भावनात्मक अनुभव कराता है। मानवीय संबंध एक गहरा सामाजिक बंधन है, जो व्यक्तियों के बीच तब बनता है, जब वे एक-दूसरे का महत्व महसूस करते हैं। थोड़ा-सा भी सच्चा अपनत्व जागे, तो सकारात्मक ऊर्जा का आदान-प्रदान होता है, जो परस्पर विश्वास बनाने में लाभकारी होता है। छात्रों को समाज से जोड़ने की प्रक्रिया का महत्व अब कई शिक्षण संस्थान समझने लगे हैं। उनके तनावों से निपटने की कोशिशें की जाने लगी हैं। मिसाल के लिए, भारतीय प्रबंधन संस्थान, आईआईएम, रांची ने 'द ह्यूमन कनेक्ट' नामक एक कार्यक्रम की शुरुआत की है। इससे जुड़ी गतिविधियां सफलतापूर्वक चलाई जा रही हैं। इसका मूल मकसद यह है कि छात्रों को साथ लाया जाए, उनका परस्पर संपर्क बढ़ाया जाए, जिससे वे अपने को सार्थक रूप से व्यक्त कर सकें। आज बहुत जरूरी है कि छात्रों का संपर्क उनके अपने समाज से बढ़ाया जाए, उन्हें उनकी प्रकृति के ज्यादा करीब लाया जाए, जिससे वे ज्यादा शांति और मानवीयता का अनुभव करें। उनके सहज मानवीय जुड़ाव को बनाए रखना है, जो सामान्यतः कथित सफलता की अंधी होड़ में कहीं खो जाती है। यह 'द ह्यूमन कनेक्ट' छात्रों के मानसिक और भावनात्मक हित को बढ़ावा दे रहा है। इसके जरिये छात्रों को अकेलेपन या व्यर्थता के एहसास से बचाया जा सकता है। हममें से हर कोई यह महसूस करता होगा कि व्यावसायिक होड़ में हमारा समाज कमजोर हुआ है। हम लंबे समय से छात्रों को सिर्फ होड़ करना सिखाते रहे हैं, यह गलत नहीं है, लेकिन उन्हें परिवार, समाज व अपनी जमीन से जोड़े रखना भी जरूरी है। क्या कई छात्र आज विदेश चले जाने को लालायित नहीं हैं? छात्रों को मजबूत बनाने के लिए कई तरह की गतिविधियों का सहारा लिया जा सकता है, जैसे ड्रम सर्कल (साथ में ड्रम बजाना), डांस सर्कल (साथ में नृत्य करना), ह्यूमन लाइब्रेरी, पेट थेरेपी (जीव सेवा), विलेज स्लो डाउन, कलेक्टिव कैनवास (सामुदायिक चित्रकारी), कलेक्टिव मेडिटेशन (साथ में प्राणायाम), केयरिंग कन्वर्सेशन (चिंता साझा करने के लिए परस्पर बातचीत), पौधरोपण अभियान और खुशी का एक कोना, मतलब हैप्पीनेस कॉर्नर। दरअसल, एक-दूसरे से तालमेल बिठाकर चलना सीखना चाहिए, ताकि हम एक-दूसरे के लिए समस्या नहीं, बल्कि समाधान बनें। तमाम शिक्षण संस्थानों में ऐसी गतिविधियां जरूरी हैं। ह्यूमन लाइब्रेरी अर्थात मानव पुस्तकालय ने छात्रों को अपनी अनूठी कहानियों को एक-दूसरे के साथ साझा करने का मौका दिया है। पालतू या छोड़ दिए गए पशुओं के साथ समय बिताना भी उपयोगी है। गांव की सरल जीवन शैली हमें प्रकृति का आनंद लेने में सक्षम बनाती है, जबकि आज के छात्र गांव से लगातार दूर जा रहे हैं। शिक्षा परिसरों में जगह-जगह ऐसे खुशी के कोने या हैप्पीनेस कॉर्नर होने चाहिए, जहां पहुंचते ही छात्र कुछ राहत या खुशी स्वतः महसूस कर सकें। आज छात्र वही है, जो सतत परीक्षा की तैयारी में लगा हुआ है। वह कितने तनाव में है, उसको कैसी भयावह समस्याओं से गुजरना पड़ता है, यह समझना होगा। निस्संदेह, ह्यूमन कनेक्ट जैसे कार्यक्रमों को सभी प्रकार के संस्थानों में चलाया जा सकता है। इससे पढ़ाई में छात्रों का प्रदर्शन भी सुधरेगा। शिक्षा संस्थानों में प्रसन्नता और खुशी का माहौल बनेगा। आज के समय में व्यक्ति को ऐसे स्थान तथा अवसर की जरूरत है, जो उसे प्रसन्नता व मानवीयता का भाव दे सके। मानवीय उपलब्धियां किसी भी प्रतिस्पद्र्धा तथा दूसरों को प्रभावित करने के प्रयास से भिन्न हैं। विभिन्न संस्थानों, विशेषकर शैक्षणिक संस्थानों में छात्र-छात्राओं को ऊंचे लक्ष्य तक पहुंचाने के साथ-साथ जीवन यात्रा का आनंद लेना भी सिखाना चाहिए। उत्कृष्टता के साथ-साथ संस्थानों को मानवीय विकास पर भी ध्यान देना चाहिए। आर्टिफिशिल इंटिलिजेंस, सिमूलेशन ऐंड वर्चुवल रियलिटी की दुनिया में शिक्षा को मानव केंद्रित बनाने पर ध्यान देना ही पड़ेगा। छात्रों को आज मनोवैज्ञानिक सलाह या सहायता ही नहीं, बल्कि मानवीयता की ज्यादा जरूरत है।

## देश दुनीया से

# शिक्षा-खेल विभाग में समन्वय स्थापित हो

**हिमाचल** प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में कदम-कदम पर विद्यालय खुलने तथा विद्यालय से घर तक आना-जाना जब अब वाहन से हो रहा है, साथ ही साथ हिमाचल प्रदेश का ग्रामीण परिवेश भी अब शहरों व कस्बों में बदल रहा है, ऐसे में विद्यार्थियों के आराम की सुख-सुविधाओं में तो बढ़ौतरी हो रही है, मगर उन का फिटनेस स्तर दिन-प्रतिदिन नीचे गिर रहा है। इसलिए विद्यालय स्तर से फिटनेस कार्यक्रम की बहुत ज्यादा जरूरत है व इसके लिए शिक्षा और खेल विभाग में समन्वय स्थापित करना जरूरी हो जाता है ताकि हम विद्यालय स्तर पर फिटनेस कार्यक्रम लागू कर सकें। किसी भी देश को इतनी क्षति युद्ध या महामारी से नहीं होती है जितनी तबाही नशे के कारण हो सकती है। आज जब देश के अन्य राज्यों सहित हिमाचल प्रदेश में भी नशा युवा वर्ग पर ही नहीं किशोरों तक चरस, अफीम, स्मैक, नशीली दवाओं तथा दूरसंचार के माध्यमों के दुरुपयोग से शिकंजा कस रहा है, इसलिए सरकार, विद्यालय प्रबंधन व अभिभावकों को इस विषय पर सचेत हो जाना चाहिए। यदि विद्यार्थी किशोरावस्था में नशे से बच जाता है तो वह फिर युवावस्था आते आते समझदार हो गया होता है। माध्यमिक से वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों को विभिन्न विद्याओं में व्यस्त रखने के साथ साथ शारीरिक फिटनेस की तरफ मोडऩा बेहद जरूरी हो जाता है। मानव का सर्वांगीण विकास शिक्षा के बिना अधूरा है। शिक्षा की परिभाषा में साफ-साफ लिखा है कि यहां शारीरिक व मानसिक दोनों तरह से बराबर विद्यार्थियों का विकास करना है जिससे वे आगे चलकर जीवन को सफलतापूर्वक खुशहाल जी सकै। शारीरिक विकास के लिए खेलों के माध्यम से फिटनेस कार्यक्रम बहुत जरूरी हो जाता है। खेल ही वह माध्यम है जिसके द्वारा विद्यार्थी को नशे से दूर रखा जा सकता है। पड़ोसी राज्य पंजाब एक समय तरक्की में देश का अग्रणी राज्य था। इस सबके पीछे कारण तत्कालीन मुख्यमंत्री प्रताप सिंह कैरों की दूरगामी सोच थी। खेलों में उत्कृष्टता उस प्रदेश की तरक्की व खुशहाली का भी पैमाना होती है। पंजाब में हजारों प्रशिक्षक विभिन्न खेलों में खेल प्रशिक्षण के लिए नियुक्त होने के साथ-साथ खेल प्रशिक्षण के लिए आधारभूत ढांचा होना वहां के विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का प्रमुख कारण रहा था। बाद में जब पंजाब धीरे-धीरे खेलों से दूर हुआ तो पहले वहां आतंकवाद और फिर आजकल पंजाब नशे का अड्डा बना हुआ है। यही कारण है कि हर क्षेत्र में आज हरियाणा पंजाब से काफी आगे निकल गया है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा ने एशियाई, राष्ट्रमंडल व ओलंपिक खेलों में पदक विजेता होने पर खिलाडियों को करोड़ों रुपए के नगद ईनाम व सम्मानजनक नौकरी देकर हरियाणा में खेलों के लिए बहुत ही उपयुक्त वातावरण तैयार किया है। उसी का नतीजा है कि आज हरियाणा का हर किशोर व युवा किसी न किसी खेल के मैदान में नजर आता है। हिमाचल प्रदेश में भी पूर्व मुख्यमंत्री प्रोफेसर प्रेम कुमार धूमल ने प्रदेश की खेलों के लिए अपने पहले कार्यकाल से ही कई महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए हिमाचल प्रदेश में कई खेलों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्ले फील्ड, सरकारी नौकरियों में तीन प्रतिशत आरक्षण तथा देश में प्रशिक्षक कैडर डाईंग हो जाने के बाद पहली बार चालीस प्रशिक्षकों की भर्ती जैसे बहुत बड़े खेल सुधार किए। हिमाचल प्रदेश की खेल सुविधाओं का प्रयोग राज्य में स्वास्थ्य व खेलों के लिए बड़े स्तर पर करना चाहिए। हिमाचल प्रदेश इस समय शिक्षा के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में गिना जाता है। फिछले कुछ दशकों से हिमाचल प्रदेश के नागरिकों की फिटनेस में बहुत कमी आई है। इसका प्रमुख कारण विद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों के लिए किसी भी प्रकार के फिटनेस कार्यक्रम का न होना है।

आज जब देश के अन्य राज्यों सहित हिमाचल प्रदेश में भी नशा युवा वर्ग पर ही नहीं किशोरों तक चरस, अफीम, स्मैक, नशीली दवाओं तथा दूरसंचार के माध्यमों के दुरुपयोग से शिकंजा कस रहा है, इसलिए सरकार, विद्यालय प्रबंधन व अभिभावकों को इस विषय पर सचेत हो जाना चाहिए। यदि विद्यार्थी किशोरावस्था में नशे से बच जाता है तो वह फिर युवावस्था आते आते समझदार हो गया होता है। माध्यमिक से वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों को विभिन्न विद्याओं में व्यस्त रखने के साथ साथ शारीरिक फिटनेस की तरफ मोडऩा बेहद जरूरी हो जाता है। मानव का सर्वांगीण विकास शिक्षा के बिना अधूरा है। शिक्षा की परिभाषा में साफ-साफ लिखा है कि यहां शारीरिक व मानसिक दोनों तरह से बराबर विद्यार्थियों का विकास करना है जिससे वे आगे चलकर जीवन को सफलतापूर्वक खुशहाल जी सकै।

## नागरिक बोध

# भारत की बढ़ती ताकत का सबूत और क्या हो सकता है,मेजबानी में लगा भारत

**भारत** के प्रधानमंत्री नरेंद मोदी के नेतृव में दुनिया की कूटनीति तय करने के लिए महामंथन का आगाज हुआ। भारत की बढ़ती लोकप्रियता का जीता जागता उदाहरण रास्ट्रपति भवन के कल्चर सेंटर में स्वागत समारोह का कार्यक्रम में देखने को मिला। जी 20 के महामंथन के बाद भारत विश्व पर राज करने का सुनहरा समय शुरू हो जाएगा। इटली की प्रधानमंत्री ने जिर्योर्जियो मेलोनी ने मोदी के बखान किये। मोदी को दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता बताया। मोदी ने वैश्विक महामारी आतंकवाद और आर्थिक संकट का जिक्र किया और कहा कि हमने इन तकलीफों को सहकर दूर करने का प्रयास किया। तुर्की में आये भूकम्प में मारे गए लोगो को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। तीन दिन के इस कार्यक्रम में रूस यूक्रेन की जंग के अंत का आज संबोधन में नाम लिया गया। ऊर्जा सुरक्षा और आतंकवाद पर बातचीत होगी। यह ज्वलंत मुद्दा है जिससे दुनिया प्रभावित है। बहुपपक्षीय साझेदारी और चीन के विदेश मंत्री से द्विपक्षीय वार्तालाप होगी। चीन को बराबर जकड़ने की आवश्यकता है। चीन इस महामंथन की वेला पर शिकंजा कसने और इस महाभियोग में सबक सिखाने की जरूरत है। चीन पर दुनिया भरोसा भले नही करता है। लेकिन भारत चीन की नब्ज टटोलने में सफल हुआ है। भारत के साथ जी 20 सम्मेलन में शामिल सभी देशों के विदेश मंत्रियों ने पीएम की मुलाकात की बेसब्री से इंतजार रहा। भारत दुनिया की महाशक्ति बन चुका है। एक समय भारत को अमेरिका के सामने गिड़गिड़ाते दुनिया ने देखा है। इन आठ वर्षों में भारत का नक्सा बदलने का काम भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया है। भारत की कूटनीति के कायल सभी देशों ने यह माना है कि भारत वसुधैव कुटुम्बकम की भावना संजोए हुए है। भारत अमन की अगुआई कर विश्व को संदेश देने जी 20 के इस महामंथन में तीन दिन विश्व को भारत की संस्कृति से रूबरू कराने का मौका मिलेगा। जिसका श्रेय भारत के यशश्वी प्रधानमंत्री मोदी को जाता है। ग्लोबल स्किल मैपिंग और आपदा नियंत्रण पर सहयोग की द्विपक्षीय वार्तालाप इन दिनों में होने की पूरी संभावना है।



# बोरिस जॉनसन ने सुनक के ब्रेक्जिट सौदे की आलोचना की, कहा– संसद में इसके लिए मतदान करना बहुत मुश्किल होगा

**लंदन।**

ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने गुरुवार को प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के यूरोपीय संघ के साथ नए ब्रेक्जिट सौदे की आलोचना की। जॉनसन ने कहा कि संसद में इसके लिए मतदान करना उनके लिए बहुत मुश्किल होगा। ब्रिटिश प्रधानमंत्री द्वारा विंडसर फ्रेमवर्क के रूप में यूरोपीय संघ के साथ एक निर्णायक सफलता घोषित करने के बाद से सुनक काफी हद तक इस सौदे को सकारात्मक रूप से देख रहे हैं, जो उनके पूर्व बॉस जॉनसन के विवादास्पद उत्तरी आयरलैंड प्रोटोकॉल की जगह लेता है। ब्रिटिश भारतीय नेता ने हाउस ऑफ कॉमन्स को बताया कि नया समझौता सभी संदेह से परे है, इसमें कोई संदेह नहीं है कि अब हमने नियंत्रण वापस ले लिया है। बता दें कि उत्तरी आयरलैंड प्रोटोकॉल को ब्रिटेन के क्षेत्र उत्तरी आयरलैंड और यूरोपीय संघ के सदस्य राज्य आयरलैंड के बीच सीमा पर रोकथाम के लिए बनाया गया था। प्रोटोकॉल पर सुनक के पूर्व बॉस बोरिस जॉनसन ने सहमति जताई थी, लेकिन व्यवहार में यह विवादास्पद साबित हुआ। प्रोटोकॉल ने ब्रिटेन और यूरोपीय संघ के बीच गतिरोध पैदा किया। व्यापक चर्चा के बाद अब एक नए समझौते की उम्मीदें फिर से जिंदा हो गई हैं। हालांकि, अब एक असंतुष्ट बैकबेंच कंजर्वेटिव पार्टी के सांसद के रूप में जॉनसन ने गुरुवार को लंदन में एक ग्लोबल सॉफ्ट पावर समिट में कहा कि संसद में नए सौदे के लिए मतदान करना उनके लिए बहुत मुश्किल होगा। जॉनसन ने कहा कि मुझे पता है कि मुझे यह कहने के लिए धन्यवाद नहीं दिया जाएगा, लेकिन मुझे लगता है कि ऐसा करना मेरा काम है। हमें इस बारे में स्पष्ट होना चाहिए कि वास्तव में यहां क्या चल रहा है। जॉनसन ने कहा कि यह सौदा ब्रिटेन द्वारा नियंत्रण वापस लेने के बारे में नहीं है और हालांकि इसमें कुछ सहजताएं हैं, यह वास्तव में उस समाधान का एक संस्करण है जो पिछले साल (पूर्व ब्रिटिश प्रधानमंत्री के कार्यकाल) लिज ट्रस को ऑफर किया जा रहा था जब वह विदेश मंत्री थीं। नए सौदे के तहत यूरोपीय संघ शालीनतापूर्वक हमें वह करने की अनुमति देने के लिए अड़ा हुआ है जो हम अपने देश में करना चाहते हैं, हमारे कानूनों के मुताबिक नहीं बल्कि उनके द्वारा। उन्होंने कहा कि मुझे खुद ऐसी किसी चीज के लिए मतदान करने में बहुत मुश्किल होने वाली है क्योंकि मेरा मानना है कि हमें कुछ अलग करना चाहिए था। चाहे ब्रसेल्स में कुछ भी क्यों न हो जाए।

## न्यूज़ ब्रीफ


### भारत में दो साल से अमेरिकी राजदूत की नियुक्ति नहीं होना शर्मनाक, अमेरिकी सांसद ने सरकार पर उठाए सवाल



**वॉशिंगटन ।** अमेरिका की सत्ताधारी डेमोक्रेटिक पार्टी के सीनेटर (सांसद) ने अपनी ही सरकार पर सवाल उठाते हुए कहा है कि भारत में दो साल से अमेरिकी राजदूत की अनुपस्थिति शर्मनाक है। उन्होंने कहा कि अगर एरिक गारसेट्टी के नाम को सीनेट से मंजूरी नहीं मिलती है तो हमें किसी अन्य समान रूप से योग्य व्यक्ति को भारत में राजदूत नियुक्त कर देना चाहिए। बता दें कि राष्ट्रपति जो बाइडेन ने लॉस एंजेलेस के पूर्व मेयर एरिक गारसेट्टी को भारत में अमेरिका का नया राजदूत नियुक्त किया है। हालांकि अभी गारसेट्टी के नाम को सीनेट से मंजूरी मिलनी बाकी है। अमेरिका के सांसद मार्क वार्नर ने कहा है कि यह शर्मनाक है, हम कहते हैं कि यह दुनिया में सबसे अहम और मूल्यवान संबंधों (भारत–अमेरिका संबंध) में से है और इसके बावजूद हम एक राजदूत की नियुक्ति नहीं कर सके हैं। बता दें कि हाल ही में अमेरिका के सीनेटर्स का एक दल भारत दौरे पर आया था। मार्क वार्नर भी उस दल में शामिल थे। वार्नर ने कहा कि उनके भारत दौरे पर भारतीयों ने भी अमेरिकी राजदूत की नियुक्ति का मुद्दा उठाया। वार्नर ने कहा कि भारतीय दोस्तों ने कहा कि आप भारत अमेरिका के मजबूत संबंधों की बात करते हैं लेकिन आपके राजदूत यहां लंबे समय से नहीं हैं। अब स्थानीय राजनीति में भी यह मुद्दा उठाया जा रहा है। लेकिन मुझे लगता है कि अब जल्द ही एरिक गारसेट्टी की नियुक्ति हो जाएगी। वार्नर ने कहा कि अगर गारसेट्टी की नियुक्ति होती है तो यह बढ़िया होगा लेकिन अगर नहीं हो पाती है तो हमें उनके समान ही योग्य व्यक्ति को तुरंत नियुक्त कर देना चाहिए। अगर हम ऐसा नहीं करेंगे तो यह बेहद शर्मनाक होगा। बता दें कि राष्ट्रपति जो बाइडेन ने एरिक गारसेट्टी को भारत में अमेरिका का नया राजदूत नियुक्ति किया है लेकिन रिपबल्किन पार्टी और कुछ डेमोक्रेटिक सांसदों द्वारा गारसेट्टी के नाम का विरोध किया जा रहा है।

### सप्ताह में 150 मिनट कसरत, दूर होगा अवसाद-तनाव, दवाओं से 150 फीसदी से भी ज्यादा कारगर है चलना-दौड़ना

**सिडनी।** दुनिया की एक तिहाई आबादी अवसाद, दुश्चिंता और तनाव जैसी मानसिक मुश्किलों से जूझ रही है। इन चुनौतियों की वजह से लोगों को व्यक्तिगत और सामाजिक तौर पर बड़ी कीमत चुकानी पड़ती है। इसके लिए लोग लंबे समय तक दवाएं खाते हैं और नियमित रूप से मनोवैज्ञानिक परामर्श लेते हैं लेकिन, सप्ताह में 150 मिनट की कसरत से अवसाद और तनाव से बचा जा सकता है। इस नतीजे तक पहुंचने के लिए यूनिवर्सिटी ऑफ साउथ ऑस्ट्रेलिया के शोधकर्ता बेन सिंह, कैरोल महेर और जैकिंटा ब्रिंसली ने 97 शोध परीक्षणों के नतीजों का अध्ययन किया। यह अध्ययन हाल ही में ब्रिटिश जर्नल ऑफ स्पोर्ट्स मेडिसिन में प्रकाशित हुआ है। अध्ययन में दावा किया गया है कि खासतौर पर अवसाद के मामले में शारीरिक गतिविधियां, जैसे– चलना, दौड़ना, खेलना या किसी भी तरह की कसरत असल में दवाओं और परामर्श की तुलना में ज्यादा कारगर हैं। अध्ययन के दौरान 97 अलग–अलग शोध, 1,093 परीक्षण और 1,28,119 भागीदारों के नतीजों की तुलना की गई। अध्ययन में दावा किया गया है कि दवाओं और परामर्श की तुलना में कसरत 150 फीसदी ज्यादा लाभकारी साबित हुई है। मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के साथ ही कसरत के दूसरे लाभ भी होते हैं। इससे संपूर्ण स्वास्थ्य लाभ होता है, शरीर का वजन संतुलित होता है, हड्डियां मजबूत होती हैं और संज्ञानात्मक क्षमताओं के लिहाज से भी लाभ होता है। अध्ययन में सामने आया कि कसरत या शारीरिक गतिविधि का सबसे ज्यादा लाभ प्रसव पश्चात अवसाद (पोस्टमार्टम डिप्रेशन) से जूझ रही महिलाओं में देखा गया।



### हॉन्गकॉन्ग में हुई शोलों की बारिश! 42 मंजिला इमारत में लगी भीषण आग,

**हांगकांग।** हॉन्गकॉन्ग में निर्माणाधीन इमारत में भीषण आग लग गई। आग इतनी भयंकर थी कि मलबे में लगी शोलों के रूप में नीचे गिर रही थी। इससे ऐसा लग रहा था मानो शोलों की बारिश हो रही है। नीचे गिर रही चिंगारियों और इमारत में हो रहे धमाकों की वजह से निकल रहीं आग की लपटों के चलते वहां से गुजर रहे दो लोग भी गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें नजदीक के क्वीन एलिजाबेथ अस्पताल में भर्ती कराया गया है। खबर के अनुसार, हॉन्गकॉन्ग के सिम शा सुई इलाके के शॉपिंग डिस्ट्रिक्ट में एक इमारत निर्माणाधीन है। इसी इमारत में आग लगी।

## अमेरिका ने भारत के जी–20 नेतृत्व की सराहना की

# कहा– आशाजनक शुरुआत करने के लिए तैयार, हमारे संबंध परिणामी



**वाशिंगटन।**

भारत की अध्यक्षता में जी–20 देशों के विदेश मंत्रियों की दो दिवसीय बैठक समाप्त होने के बाद अमेरिका ने भारत के जी–20 नेतृत्व की सराहना की है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नेड प्राइस ने गुरुवार को एक प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि जिस तरह से उन्होंने जी–20 का नेतृत्व किया है, उसके लिए हम भारत के बहुत आभारी हैं। हमारी साझेदारी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और विदेश मंत्री एस जयशंकर के बीच चर्चा का विषय थी। भारत के साथ हमारे संबंध परिणामी हैं। इस वर्ष के दौरान बहुत अधिक काम किया जाना है। लेकिन, भारत जी20 के अपने नेतृत्व के साथ बहुत ही आशाजनक शुरुआत करने जा रहा है।

प्राइस ने आगे कहा कि भारत के साथ अमेरिका की साझेदारी सबसे परिणामी संबंधों में से एक है और वे भारत के साथ मिलकर हर उस चीज पर काम कर सकते हैं जो दोनों देशों के लिए प्राथमिकता है, जिसमें आपसी समृद्धि, लोकतंत्र का समर्थन करना, जलवायु संकट को दूर करना और नियम–आधारित आदेश को बनाए रखना शामिल है। लेकिन भारत–प्रशांत के संदर्भ में संयुक्त राज्य अमेरिका भारत के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। यह एक स्वतंत्र और खुले हिंद–प्रशांत क्षेत्र के निर्माण और संरक्षण में मदद कर रहा है, यह एक ऐसा दृष्टिकोण जिसे हम अपने भारतीय समकक्षों के साथ साझा करते हैं। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और विदेश मंत्री एस जयशंकर के बीच हुई बैठक के बारे में बोलते हुए नेड प्राइस ने कहा कि विदेश मंत्री और उनके भारतीय समकक्ष को भारत द्वारा जी–20 देशों के विदेश मंत्रियों की मेजबानी में अब तक किए गए जबरदस्त काम के बारे में बात करने का अवसर मिला। साथ ही वित्त मंत्रियों की मेजबानी करना और वास्तव में एक एजेंडा बनाना जो हमें उन प्रमुख मुद्दों से निपटने की अनुमति देता है जो भारत के साथ हमारे वैश्विक रणनीतिक साझेदार के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। प्राइस ने कहा कि जी20 अमेरिका और भारत के लिए एक महत्वपूर्ण प्लेटफॉर्म है। उन्होंने जोर देकर कहा कि उन्होंने देखा है कि कैसे जी–20 वैश्विक कार्रवाई के लिए देशों को एक साथ ला सकता है। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने जी–20 के विदेश मंत्रियों की बैठक में दो अनिवार्यताओं को ध्यान में रखते हुए भाग लिया, सबसे पहले जी20 की सफलता को देखने के लिए और यह दिखाने के लिए कि कैसे संयुक्त राज्य अमेरिका अपने सहयोगियों के साथ एक ऐसी दुनिया बनाने के लिए सहयोगात्मक रूप से काम कर रहा है जो अधिक समृद्ध, टिकाऊ और यह है वैश्विक अर्थव्यवस्था के संदर्भ में अधिक समावेशी है। और यह दुनिया भर के लोगों की जरूरतों को पूरा करता है, चाहे वह भोजन हो, चाहे वह ऊर्जा हो, चाहे वह स्वास्थ्य हो, चाहे वह दुनिया भर के लोगों को उन चुनौतियों और खतरों का सामना करने में मदद कर रहा हो जिनका वे सामना कर रहे हैं और नशीले पदार्थों, बदलते जलवायु, कोविड और बीच में सब कुछ। यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने के लिए हम भारत के साथ मिलकर काम करने की उम्मीद करते हैं: अमेरिका नेड प्राइस ने कहा कि अमेरिका ने उम्मीद जताई है कि वह रूस और यूक्रेन के बीच संघर्ष को समाप्त करने के लिए भारत के साथ काम कर सकता है। उन्होंने कहा कि भारत के पास नैतिक स्पष्टता के साथ बोलने की क्षमता है। संघर्ष को समाप्त करने के लिए भारत की भूमिका के बारे में एक सवाल के जवाब में प्राइस ने कहा कि भारत के पास वह क्षमता है जो हमने प्रधानमंत्री मोदी से जबरदस्त नैतिक स्पष्टता के साथ बोलने के रूप में देखी है। जब प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले साल कहा था यह युद्ध का युग नहीं है, तो दुनिया ने उनकी बात सुनी क्योंकि जब प्रधानमंत्री मोदी और उनके देश ने उस प्रभाव के लिए कुछ कहा यह अमेरिका के लिए सार्थक है, यह रूस के लिए सार्थक है, यह निकट और दूर के देशों के लिए सार्थक है।

उन्होंने कहा कि हम अपने भारतीय भागीदारों के साथ काम करना जारी रखेंगे, निश्चित रूप से जी–20 मेजबान के रूप में उनकी इसमें एक अनूठी भूमिका है। लेकिन, एक ऐसे देश के रूप में भी जिसके साथ हमारी वैश्विक रणनीतिक साझेदारी है और एक ऐसे देश के रूप में जिसका रूस के साथ एक अनूठा संबंध है। उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि हम इस युद्ध को समाप्त करने के लिए भारत के साथ मिलकर काम कर सकते हैं, इस रूसी आक्रमण का अंत कर सकते हैं जो कि इसके मूल में बस सहन करने योग्य है और संयुक्त राष्ट्र चार्टर में सिद्धांतों के अनुरूप है। प्राइस ने कहा कि भारत के रूस के साथ पुराने और ऐतिहासिक संबंध हैं और वह रूस से कई तरह से जुड़ा हुआ है, लेकिन अमेरिका से नहीं है। प्राइस ने कहा कि भारत के रूस के साथ जो संबंध हैं वह मॉस्को के साथ अमेरिका के संबंधों से अलग हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि आर्थिक, राजनीतिक और नैतिक उत्तोलन सहित विभिन्न क्षेत्रों में भारत का जबरदस्त प्रभाव है। पश्चिमी देशों में हिंदुओं पर हमले पर अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता नेड प्राइस ने कहा कि हम किसी भी तरह की हिंसा और उग्रवाद की निंदा करते हैं। धार्मिक बहुलवाद हमारा प्रमुख मूल मूल्य है। हम किसी भी आंदोलन की निंदा करते हैं जो एक अलग दृष्टि के साथ कार्य करना चाहता है।

## हैरी–मेगन से छिना रॉयल हाउस

# किंग चार्ल्स ने घर प्रिंस एंड्र्यू को ऑफर किया, दो महीने पहले उन्हें बकिंघम पैलेस से निकाला था



**लंदन।**

ब्रिटिश रॉयल फैमली और प्रिंस हैरी–मेगन मर्केल के बीच दूरियां बढ़ती जा रही हैं। अब ड्यूक एंड डचेस ऑफ ससेक्स को रॉयल घर खाली करने को कहा गया है। ये आदेश किंग चार्ल्स ने दिया है। घर खाली करने बाद पूरा सामान अमेरिका के कैलिफोर्निया पहुंचाया जाएगा। रॉयल फैमली छोड़ने के बाद से हैरी–मेगन अमेरिका में ही रह रहे हैं। इतना ही नहीं ये घर चार्ल्स ने अपने भाई प्रिंस एंड्र्यू के लिए खाली करवाया है। यानी अब यहां प्रिंस एंड्र्यू रहेंगे। दो महीने पहले किंग चार्ल्स ने प्रिंस एंड्र्यू को सेक्स स्कैंडल के मामले में बकिंघम पैलेस से बेदखल कर दिया था। प्रिंस हैरी–मेगन का घर– फ्रॉगमोर कॉटेज, बर्कशायर स्थित विंडसर कासल के पास है। घर खाली करवाने का ये कदम प्रिंस हैरी की किताब स्पेयर के रिलीज होने के बाद उठाया गया है।

**प्रिंस हैरी ने किताब स्पेयर में कई खुलासे किए थे** – किताब स्पेयर से न सिर्फ प्रिंस हैरी की जिंदगी के खुलासे हो हुए बल्कि पूरे ब्रिटिश घराने के राजों पर से पर्दा उठा। इन सभी खुलासों से शाही परिवार प्रिंस हैरी से नाराज है।

**किताब में हुए खुलासे** – प्रिंस हैरी ने लिखा है कि जब प्रिंसेस डायना यानी उनकी मां की मौत हुई तो किंग चार्ल्स ने उन्हें गले तक नहीं लगाया। किताब में यह भी लिखा है कि प्रिंस हैरी और प्रिंस विलियम को कैमिला पसंद नहीं थीं। दोनों भाईयों ने अपने पिता यानी किंग चार्ल्स से कहा था कि वो उनसे शादी न करें। उन्हें डर था कि कैमिला उनकी सौंतेली मां बनाकर उन्हें परेशान करेंगी। हैरी ने लिखा है कि जब वो पहली बार एटोन कॉलेज गए तो पहले से वहां पढ़ रहे प्रिंस विलियम को यह अच्छा नहीं लगा था। हैरी ने किताब में खुलासा किया है कि उन्होंने पहली बार 17 साल की उम्र में ड्रग्स लिए थे। उन्होंने कई बार ड्रग्स लिए हैं पर कभी उसे इन्जॉय नहीं कर पाए। हैरी ने पहली बार अपनी वर्जिनिटी लूज करने का किस्सा भी साझा किया है। उन्होंने लिखा– उस समय वो 17 साल के थे और जिस महिला से उन्होंने संबंध बनाए वो उम्र में उनसे काफी बड़ी थी। हैरी ने लिखा– 2019 में एक बहस के दौरान विलियम ने उनका कॉलर पकड़ा और फिर जमीन पर पटक दिया।

# पीएम प्रचंड ने राष्ट्रपति पद के लिए राजनीतिक दलों से पौडेल का समर्थन करने का किया आग्रह



**काठमांडु ।**

नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड ने गुरुवार को सभी राजनीतिक दलों से राष्ट्रपति पद के लिए राम चंद्र पौडेल का समर्थन करने का आग्रह किया और कहा कि नेपाली कांग्रेस के वरिष्ठ उम्मीदवार लोकतंत्र और संविधान की रक्षा में संरक्षक की भूमिका निभाएंगे। प्रचंड ने एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि उनके लिए प्रधानमंत्री पद से ज्यादा संविधान और लोकतंत्र की रक्षा महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि नेपाल की राजनीति उतार–चढ़ाव से प्रभावित है। हम अभी भी राजनीतिक संकट और चुनौतियों के बीच हैं। अध्यक्ष पद के लिए चुनाव 9 मार्च को हो रहा है और आठ दलों के गठबंधन द्वारा समर्थित पौडेल का मुकाबला सीपीएन–यूएमएल के उम्मीदवार सुभाष नेमवांग से है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आठ राजनीतिक दलों के संयुक्त उम्मीदवार पौडेल को 10 दलों का समर्थन हासिल है और वह राष्ट्रपति चुनाव जीतना सुनिश्चित हैं। प्रचंड ने कार्यक्रम में कहा कि हमने नेता पौडेल को राष्ट्रपति चुनाव के लिए उम्मीदवार बनाया है। हमें विश्वास है कि वह संविधान और लोकतंत्र की रक्षा में अभिभावक की भूमिका निभाएंगे। राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी (आरपीपी) ने सरकार छोड़ दी है। राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) ने भी अपने मंत्रियों को सरकार से वापस ले लिया है। हालाँकि, यह सरकार को बाहर से समर्थन देता रहेगा। तीन प्रमुख दलों के सरकार से हटने के साथ, सात दलों का सत्तारूढ़ गठबंधन बिखर गया है। प्रचंड ने अब नेपाली कांग्रेस और अन्य दलों से हाथ मिला लिया है और जल्द से जल्द नया सत्ता समीकरण सामने आएगा। प्रचंड ने गुरुवार को कहा कि हमारा प्रयास आठ राजनीतिक दलों के बीच गठबंधन को मजबूत करने का होगा।

# कैंब्रिज में बोले राहुल गांधी– भारत में लोकतंत्र खतरे में: मेरे खिलाफ केस हुए; अफसर कहते थे, फोन पर सोच–समझकर बोलना, बातें रिकॉर्ड हो रहीं



**लंदन।**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने ब्रिटेन की कैंब्रिज यूनिवर्सिटी में स्पीच दी। राहुल ने मंगलवार को भारत में विपक्षी पार्टियों, नेताओं और लोकतांत्रिक संस्थाओं की दिक्कतों का जिक्र किया था। राहुल ने कहा, मेरे फोन की जासूसी होती है। विपक्ष के खिलाफ केस दर्ज किए जाते हैं। भारत में विपक्षी नेता के तौर पर यह एक ऐसा दबाव है, जो लगातार झेलना पड़ता है। राहुल की स्पीच का सैम पित्रोदा ने शेयर किया है। राहुल के इस बयान पर भाजपा ने ऐतराज जताया है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा–राहुल विदेशी धरती पर भारत को बदनाम कर रहे हैं।

### राहुल ने कैंब्रिज में दिए 3 बड़े बयान

**मेरी बातें रिकॉर्ड की जाती थीं** – राहुल ने कहा, बड़े पैमाने पर राजनीतिक नेताओं के फोन में पेगासस है। मेरे फोन में भी पेगासस था। मुझे इंटेलिजेंस अफसरों ने बुलाकर कहा था कि आप फोन पर जो कुछ भी कहें, बेहद सतर्क होकर कहें, क्योंकि हम इसे रिकॉर्ड कर रहे हैं। यह एक ऐसा दबाव है, जो हम महसूस करते हैं।

**भारत में मीडिया और लोकतांत्रिक ढांचे पर हमला** – उन्होंने कहा, विपक्ष के खिलाफ केस दर्ज किए जाते हैं। मेरे खिलाफ कई क्रिमिनल केस दर्ज किए गए हैं, लेकिन ये केस ऐसी चीजों के लिए दर्ज किए गए, जो आपराधिक नहीं थीं। जब देश में मीडिया और लोकतांत्रिक ढांचे पर इस तरह का हमला हो रहा हो तो विपक्ष के तौर पर आपके लिए लोगों से बात करना मुश्किल हो जाता है।

**विपक्षी नेता मुद्दों पर बात कर रहे थे, जेल में डाल दिया** – राहुल बोले, लोकतंत्र के लिए जरूरी ढांचा संसद, स्वतंत्र प्रेस, न्यायपालिका होते हैं। आज यह सब विवश होते जा रहे हैं। इसलिए हम भारतीय लोकतंत्र के मूल ढांचे पर हमले का सामना कर रहे हैं। भारतीय संविधान में भारत को राज्यों का संघ बताया है। उस संघ को बातचीत की जरूरत है। यह वह बातचीत है जो खतरे में है। आप देख सकते हैं तस्वीर जो संसद भवन के सामने की है। विपक्ष के नेता कुछ मुद्दों पर बात कर रहे थे, और उन्हें जेल में डाल दिया गया। ऐसा 3 या 4 बार हुआ है। जो हिंसक था।

**मई 2022 में भी कैंब्रिज में स्पीच दी थी, मोदी पर बयान की हुई थी आलोचना** – राहुल गांधी इससे पहले मई 2022 में कैंब्रिज यूनिवर्सिटी गए थे। यहां पर उन्हें आईडियाज फॉर इंडिया विषय पर बोलना था। इस दौरान राहुल गांधी ने कहा था कि मोदी सरकार देश की संवैधानिक संस्थाओं जैसे संसद और चुनाव आयोग को उनका काम नहीं करने दे रहे हैं। भाजपा ने उनके इस बयान पर ऐतराज जाहिर किया था। सवाल पूछा था कि देश के प्रधानमंत्री पर विदेश में ऐसा बयान क्यों दिया ।

## ईरान में छात्राओं पर केमिकल अटैक

# पढ़ाई से रोकने के लिए सैकड़ों को दिया जहर, मांओं ने विरोध किया तो बाल पकड़कर खींचा, गिरफ्तार किया




**तेहरान।**

सोशल मीडिया पर ईरान के कुछ वीडियो वायरल हो रहे हैं। इनमें पुलिस महिलाओं के बाल खींचकर उन्हें गिरफ्तार करती हुई नजर आ रही है। बताया जा रहा है कि ये उन बच्चियों की मांएं हैं, जो अभी अस्पताल में भर्ती हैं। दिसंबर 2022 से स्कूली छात्राओं के बीमार होने की खबरें सामने आ रहीं थी। कहा जा रहा है कि छात्राओं को पढ़ने से रोकने के लिए उन्हें जहर दिया जा रहा है। ऐसा करने के लिए स्कूल के पानी में केमिकल्स मिलाए जा रहे हैं। दूषित पानी पीने से सैंकड़ों छात्राओं को सांस लेने में दिक्कत आ रही है और उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया जा रहा है।

**दोषियों की जगह पेरेंट्स पर कार्रवाई हो रही** – प्रदर्शन कर रहे पेरेंट्स की मांग है कि सरकार इस मामले में कार्रवाई करे। दिसंबर 2022 में छात्राओं के बीमार होने के मामले में जांच के आदेश दिए गए थे। लेकिन 3 महीने बाद भी इस मामले में किसी को पकड़ा नहीं गया। न ही कोई कार्रवाई हुई। इससे नाराज पेरेंट्स विरोध प्रदर्शन करने लगे हैं। वहीं, पुलिस फोर्स इन्हें ही गिरफ्तार कर रही है।

डिप्टी हेल्थ मिनिस्टर यूनुस पनाही ने 27 फरवरी को कहा था– घोम, बोरुजर्द जैसे शहर में नवंबर 2022 के बाद से रेस्पिरेटरी पॉइजनिंग के सैंकड़ों मामले सामने आए हैं। उनका कहना था कि स्कूलों के पानी में कैमिकल मिलाया जा रहा है। इससे छात्राओं को सांस लेने में तकलीफ हो रही है। इनमें उल्टी, जबरदस्त बॉडी पेन और दिमागी दिक्कत भी शामिल है।

डिप्टी हेल्थ मिनिस्टर यूनुस पनाही ने कहा था– स्कूलों में छात्राओं को जहर दिए जाने के मामलों से पता चलता है कि कुछ लोग लड़कियों की शिक्षा रोकना चाहते हैं और गर्ल्स स्कूल बंद करना चाहते हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, छात्राओं को जहर दिए जाने के मामले 16 सितंबर को हुई महसा अमिनी की मौत को लेकर शुरू हुए प्रदर्शन के बाद सामने आए हैं। दरअसल, 16 सितंबर को पुलिस कस्टडी में 22 साल की महसा की मौत हो गई थी।

### कोयले का इस्तेमाल पड़ रहा भारी, 2022 में रिकॉर्ड कार्बन उत्सर्जन, दुनियाभर में बढ़ी ऊर्जा खपत

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका से लेकर चीन तक और ब्रिटेन से लेकर ऑस्ट्रेलिया तक हर कोई अपनी ऊर्जा की भूख मिटाने के लिए कोयले का इस्तेमाल कर रहा है। यह न केवल मौजूदा, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी भारी पड़ रहा है। 2022 में रिकॉर्ड 36.8 गीगाटन कार्बन उत्सर्जन हुआ। साल 1900 से कार्बन उत्सर्जन का रिकॉर्ड रखना शुरू किया गया, तब से आज तक की यह सबसे बड़ी वृद्धि है। अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) ने बृहस्पतिवार को रिपोर्ट जारी कर बताया कि उत्सर्जन में रिकॉर्ड वृद्धि के पीछे वजह वैश्विक ऊर्जा उत्पादन में 0.9 फीसदी की बढ़ोतरी है। आईईए के मुताबिक, ऊर्जा उत्पादन के लिए दुनियाभर में कोयले का इस्तेमाल बढ़ा है। आईईए ने रिपोर्ट में बताया कि यह एक दुष्चक्र सा बन गया है। साल 2022 में चरम मौसमी घटनाओं की वजह से कई जगह सूखा पड़ा और जलविद्युत परियोजनाओं से ऊर्जा उत्पादन में कमी आई। इस कमी और मांग में आई तेजी की पूर्ति के लिए जैव ईंधन और कोयले का इस्तेमाल करना पड़ा। बढ़ोतरी आपदाकारी : स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी में पृथ्वी विज्ञान प्रणाली के प्रोफेसर रॉब जैक्सन कहते हैं, उत्सर्जन का बढ़ना बेहद चिंताजनक है। इसका स्थिर गति से भी बना रहना भी स्वीकार्य नहीं है, बढ़ोतरी तो आपदाकारी बात है। मानव जीवन और पृथ्वी को बचाने के लिए इसे हर साल घटाना होगा, लेकिन दुर्भाग्य से सच इसके विपरीत सामने आया है। रिपोर्ट के मुताबिक, कोयले की वजह से कार्बन उत्सर्जन में एक वर्ष में 1.6 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। इसके अलावा वैश्विक स्तर पर हवाई यातायात बढ़ने से एटीएफ का दहन बढ़ा है, जिसके नतीजतन कार्बन उत्सर्जन में 2.5 फीसदी की वृद्धि हुई है।

# भाजपा विधायकों और पदाधिकारियों को आज जयपुर रहने का फरमान

**जयपुर ( हिंस )।** चार मार्च यानी शनिवार को प्रदेश में दो बड़े कार्यक्रम हो रहे हैं। पहला पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे इस बार अपने जन्मदिन को नियमित तिथि यानी 8 मार्च की जगह 4 मार्च को ही मना रही हैं। चूरू जिले के सालासर बालाजी धाम पर होने वाले इस जन्मोत्सव को राज्य का विधानसभा चुनाव से पहले शक्ति प्रदर्शन भी माना जा रहा है। इसी बीच भाजपा युवा मोर्चा ने भी पेपर लीक मामले को लेकर इसी दिन यानी 4 मार्च को विधानसभा घेराव का ऐलान कर दिया है। वसुंधरा राजे के समर्थक जहां इस जन्मदिन समारोह को भव्य बनाने में जुटे हैं, वहीं प्रदेश संगठन ने भी युवा मोर्चा के विधानसभा घेराव को सफल बनाने के लिए फरमान जारी कर दिया है। प्रदेश संगठन का फरमान है कि 4 मार्च को बीजेपी के तमाम विधायक और पदाधिकारी जयपुर में रहेंगे। राजनीति के जानकार यह मान रहे हैं कि प्रदेश संगठन की ओर से जारी किए गए निर्देश वसुंधरा राजे के शक्ति प्रदर्शन को कमजोर करने की रणनीति है। भाजपा प्रदेश महामंत्री और युवा मोर्चा प्रदेश प्रभारी सुशील कटारा ने भी माना कि 4 मार्च को युवा मोर्चा के विधानसभा घेराव में सभी विधायकों और मोर्चों के पदाधिकारियों को जयपुर में रहने के लिए कहा गया है। कटारा ने बताया कि प्रदेश में और कुछ हुआ या नहीं लेकिन पेपर लीक का रिकॉर्ड बन गया। एक दो नहीं, बल्कि 4 साल में 18 परीक्षा के पेपर लीक हुए। अब सोई हुई सरकार को जगाने के लिए 4 मार्च को बीजेपी मुख्यालय से मार्च करते हुए विधानसभा का घेराव करेंगे। उधर पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के जन्मदिन को सफल बनाने और इसमें अधिक से अधिक संख्या में भीड़ जुटाने के लिए वसुंधरा राजे के समर्थक सघन जनसंपर्क कर रहे हैं। प्रत्येक जिले से लोगों को बुलाया जा रहा है। राजे के इस जन्म दिवस पर होने वाले समारोह में डेढ़ लाख से अधिक भीड़ जुटाने का लक्ष्य रखा गया है। युवा मोर्चा के विधानसभा घेराव को भी सफल बनाने के लिए प्रदेश संगठन पूरी तरीके से ताकत के साथ जुटा हुआ है। युवा मोर्चा ने भी एक लाख अधिक भीड़ के साथ विधानसभा घेराव का लक्ष्य रखा है। इसके लिए जिलों के पदाधिकारियों को टारगेट भी दिया गया है। ऐसे में कार्यकर्ता भी पसोपेश में हैं कि कहां जाएं? एक ही दिन होने वाले इन दोनों बड़े कार्यक्रमों का सियासी मायने इस आधार पर भी निकाले जा सकते है कि विधायक प्रताप सिंह सिंघवी, कालीचरण सर्राफ, पूर्व विधायक अशोक परनामी, प्रहलाद गुंजल और यूनुस खान जैसे नेता भी जन्म दिन की तैयारियों में लगे हुए हैं। विधानसभा का घेराव भले ही युवा मोर्चा का हो, लेकिन प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनियां पूरी तरह से सक्रिय हैं। यहां तक कि पूनियां ने विधायक दल की बैठक में घेराव को सफल बनाने का आह्वान किया। इतना ही नहीं हर दिन पूनियां बैठकें ले रहे हैं, ताकि ज्यादा से ज्यादा भीड़ जुटाई जा सके। बताया ये भी जा रहा है कि युवा मोर्चा के विधानसभा का घेराव की तारीख भी सतीश पूनियां ने ही तय की थी और वो भी वसुंधरा राजे के जन्मदिन समारोह की तारीख तय होने के बाद। विधानसभा घेराव के दिन सभी विधायकों को जयपुर में रहने के निर्देश हैं, लेकिन भाजपा के ज्यादातर विधायक वसुंधरा राजे खेमे से हैं। वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव में राजे ने भाजपा के टिकट चयन में बड़ी भूमिका अदा की थी। माना जाता है कि बीजेपी के 76 विधायकों में से 45 से 50 विधायक राजे खेमे के हैं। इसमें कालीचरण सराफ, प्रताप सिंह सिंघवी जैसे सीनियर विधायक के नाम शामिल हैं। ऐसे में संगठन को आशंका है कि ज्यादातर विधायक सालासर जा सकते हैं। अब प्रदेश संगठन इस पर पैनी नजर बनाए हुए है कि कौन कौन पार्टी के पदाधिकारी और विधायक राजे के जन्मदिन समारोह में शामिल होंगे। राजे के समर्थक प्रताप सिंह सिंघवी ने भी कहा कि वह भी वसुंधरा राजे को जन्मदिन की बधाई देने के लिए सालासर बालाजी जाएंगे। उन्होंने कहा कि यह कोई शक्ति प्रदर्शन नहीं है, लेकिन जो भी वसुंधरा राजे को पसंद करता है उनके साथ जुड़ा हुआ है, वह निश्चित रूप से उन्हें बधाई व शुभकामना देने के लिए सालासर बालाजी धाम पहुंचेगा।

# पंजाब विधानसभा में राज्यपाल के भाषण पर हंगामा, कांग्रेस का वाकआउट

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** पंजाब विधानसभा में शुक्रवार को शुरू हुए बजट सत्र के पहले दिन राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान विपक्ष दल कांग्रेस के सदस्यों ने हंगामा किया। कांग्रेस के सदस्यों के भाषण में शामिल अंशों पर आपत्ति जताते हुए हंगामा करने की वजह से राज्यपाल को अपना अभिभाषण बीच में ही रोकना पड़ा। हंगामा बढ़ने पर कांग्रेस ने सदन से वाकआउट कर दिया। भाषण समाप्त होने पर राज्यपाल ने अपने लहजे में सरकार तथा विपक्ष को कई तरह की नसीहतें दे डाली। शुक्रवार को सुबह दस बजे विधानसभा का बजट सत्र शुरू हुआ। राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित ने बजट अभिभाषण की शुरुआत मेरी सरकार की बजाए अंग्रेजी में द गवर्मेंट शब्द से शुरू किया तो मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि बजट अभिभाषण में मेरी सरकार लिखा गया है, इसे अपने भाषण में शामिल किया जाए। इसके बाद राज्यपाल ने मेरी सरकार कहकर भाषण की शुरुआत की। राज्यपाल जब शिक्षा के क्षेत्र में लिए गए फैसलों पर सरकार की उपलब्धियों का बखान कर रहे थे तभी कांग्रेस सदस्यों ने हंगामा शुरू कर दिया। राज्यपाल ने जब पंजाब सरकार द्वारा प्रिंसीपलों को विदेश भेजने को सरकार की बड़ी उपलब्धि बताया तो नेता प्रतिपक्ष प्रताप सिंह बाजवा ने राज्यपाल को बीच में रोकते हुए पूछा कि आपके द्वारा इस बारे में सरकार से जो जानकारी मांगी गई थी क्या वह मिल गई है। इस मुद्दे पर कांग्रेस तथा आम आदमी पार्टी (आआपा) विधायकों के बीच तलखी का माहौल पैदा हो गया। राज्यपाल ने भाषण बीच में रोककर उन्हें समझाया कि यह केवल सदन में दिया जाने वाला भाषण है। इस तरह के मुद्दों पर सदन में चर्चा नहीं हो सकती। राज्यपाल ने कहा कि भाषण पर चर्चा के दौरान वह सरकार से इस बारे में पूछ सकते हैं। दूसरी तरफ सरकार की तरफ से भी इस मुद्दे पर कांग्रेस सदस्यों ने पर पलटवार किया गया। राज्यपाल ने कांग्रेस सदस्यों को शांत करते हुए कहा कि आज के भाषण में उन्होंने मेरी सरकार कहा है। इसलिए उन्हें उम्मीद है कि उन्होंने सरकार से जो जानकारी मांगी है, वह मिल जाएगी। हंगामे के चलते करीब छह मिनट राज्यपाल का भाषण बाधित हुआ है, इसके बाद कांग्रेस ने सदन से वाकआउट कर दिया। राज्यपाल ने तमाम अटकलों के बावजूद अपना पूरा भाषण पड़ा और भाषण समाप्त करते हुए उन्होंने सदन में पक्ष और विपक्ष के सभी विधायकों को नसीहत दी। उन्होंने कहा कि सदन के बीच लड़ाई नहीं सकारात्मक बहस होनी चाहिए। राज्यपाल ने अपने राजनीतिक जीवन का उल्लेख सदन में करते हुए कहा कि सदन में अमर्यादित भाषा के इस्तेमाल से सभी को गुरेज करना चाहिए। यहां ऐसी सकारात्मक बहस हो जिससे पूरे प्रदेश में अच्छा संदेश जाए। राज्यपाल ने भाषण खत्म करने से पहले मुख्यमंत्री तथा उनके मंत्रियों से रूबरू होते हुए कहा कि भाषण में भ्रष्टाचार के खात्मे और पारदर्शिता का जिक्र किया गया है। बेहतर होगा अपने सार्वजनिक जीवन में भी पारदर्शिता को बढ़ावा दें। राज्यपाल ने कई उदाहरणें देते हुए कहा कि कुछ भी हिडन न रखा जाए, तभी यह प्रदेश रंगला पंजाब बनेगा।

## गैस सिलेंडर के बढ़े दामों के विरोध में महिला कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

**यमुनानगर ( हिंस )।** घरेलू गैस व कमर्शियल गैस सिलेंडर के बढ़े हुए दामों के विरोध में शुक्रवार को खंड सरस्वती नगर में कांग्रेस महिला कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस कार्यालय के बाहर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। खंड सरस्वती नगर में पूर्व प्रत्याशी कांग्रेस नेत्री पिंकी छप्पर ने कहा कि केंद्र में बैठी भाजपा सरकार पिछले नौ वर्षों से महंगाई बढ़ाकर देश के गरीब और माध्यम वर्ग के लोगों पर कहर बरपा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार महंगाई से जनता पर बार-बार हमला कर रही है। कांग्रेस के राज में 410 रूपये गैस सिलेंडर के दाम थे, जो अब बढ़कर 1150 रुपए हो गए है। आज आम गरीब आदमी आत्महत्या बेरोजगार है और आत्महत्या करने के लिए मजबूर हो रहा है।

# *परिवार पहचान पत्र* बना *परेशान पहचान पत्र* : अभय सिंह



**पलवल ( हिंस )।** इंडियन नेशनल लोकदल के प्रधान महासचिव एवं विधायक अभय सिंह चौटाला के नेतृत्व में *परिवर्तन पदयात्रा* आठवें दिन हथीन हलके के गांव उटावड़ से शुरू हुई। इस दौरान लोगों ने गर्मजोशी के साथ अभय सिंह चौटाला का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि इस इलाके ने हमेशा से ही चौधरी देवी लाल और चौधरी ओमप्रकाश चौटाला का साथ दिया है। आज *परिवार पहचान पत्र* के नाम पर जनता को परेशान किया जा रहा है। इस योजना की आड़ में लोगों के पीले राशन कार्ड और पैंशन काटी जा रही है। जनता को सरकारी सुविधाओं व योजनाओं से वंचित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि चौधरी देवीलाल ने हमेशा ही किसान, कमेरे, वंचितों व पिछड़ों के अधिकारों को लेकर संघर्ष जारी रखा और जब सत्ता में रहे तो प्रत्येक वर्ग के लिए कानून बनाएं। इनेलो नेता ने कहा कि इनेलो के शासनकाल में चौधरी ओम प्रकाश चौटाला ने गांव-गांव में जलघर बनवाए और सडकों का निर्माण करवाया। आज फिर से लोगों को चौ. ओमप्रकाश चौटाला का खुशहाल शासन याद आने लगा है। उन्होंने कहा कि आज नौजवान तबका सबसे अधिक हताशा का शिकार है, क्योंकि नौकरियां नहीं है। हरियाणा में बेरोजगारी दर पूरे देश में सबसे अधिक है। इनेलो की सरकार आने पर प्रत्येक घर से एक युवा को नौकरी दी जाएगी और रोजगार से वंचित युवाओं को बेरोजगार भत्ता दिया जाएगा।

# एंटी करप्शन वर्किंग ग्रुप की बैठक में विदेशी मेहमानों को मिला सुखद अनुभव



**गुरुग्राम ( हिंस )।** जी-20 एंटी करप्शन वर्किंग ग्रुप की बैठक में शामिल हुए विदेशी प्रतिनिधियों को गुरुग्राम में सुखद अनुभव मिला है। भारत में एंटी करप्शन वर्किंग ग्रुप की पहली बैठक के मेजबान हरियाणा को लेकर विभिन्न देशों से आए प्रतिनिधि गुरुग्राम में मिले आदर सत्कार व यहां की संस्कृति से बेहद प्रभावित नजर आए। गुरुग्राम में एक से तीन मार्च तक आयोजित बैठक में भ्रष्टाचार के खिलाफ वैश्विक लड़ाई पर हुए मंथन में शामिल विदेशी प्रतिनिधियों ने अपने शब्दों से भारत में मिले सम्मान व सत्कार की प्रशंसा करते हुए खुशी जताई। जी-20 के स्थाई सदस्य इंडोनेशिया के प्रतिनिधि बुदी संतोसो एंटी करप्शन वर्किंग की बैठक में शामिल होने के लिए पहली बार भारत आए। भारत में गुरुग्राम की मिलेनियम सिटी के तौर पर पहचान है। इस बैठक के लिए गुरुग्राम में पहुंचने पर मिले सम्मान व सत्कार की जितनी प्रशंसा की जाए उतनी कम है। स्विट्जरलैंड से बैठक में शामिल होने पहुंचे प्रतिनिधि यूरस आंद्रेज का भी गुरुग्राम में अच्छा अनुभव रहा। उन्होंने अपना अनुभव सांझा करते हुए बताया कि भारत की अध्यक्षता में शानदार आयोजन हो रहा है। यहां आकर अच्छा आतिथ्य सत्कार मिला और मुख्य बैठक के साथ-साथ हरियाणा के गुरुग्राम शहर में अच्छे लोगों से मुलाकात हुई। एंटी करप्शन वर्किंग ग्रुप के आमंत्रित राष्ट्र मॉरीशस से पहुंची नंदिता देवी के लिए गुरुग्राम में अपने घर जैसा अनुभव मिला। उन्होंने बताया कि सुव्यवस्थित ढंग से आयोजित बैठक, स्थानीय परिवहन के साधनों व गुरुग्राम शहर के विकास ने प्रभावित किया है। कनाडा के प्रतिनिधि एलेन लेबेर के लिए गुरुग्राम का अनुभव शानदार रहा। उन्होंने बताया कि किसी भी शहर के प्रति समझ विकसित करने के लिए वहां के स्थानीय लोगों के बारे में जानना जरुरी होता है। यहां के लोग मृदुभाषी, मिलनसार व हमेशा मदद के लिए तैयार बताया। उन्होंने गुरुग्राम को भारत का विकसित शहर बताते हुए यहां के इंफ्रास्ट्रक्टर की भी प्रशंसा की। इटली की एलेना तोमासिनी ने जी-20 एंटी

# ओल्ड पेंशन मुद्दे पर बेनतीजा रही सरकार और कर्मचारियों की वार्ता

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** हरियाणा के अधिकारियों व कर्मचारियों की पुरानी पेंशन योजना बहाल करने की मांग को लेकर सरकार और संघर्ष समिति के बीच बातचीत का दौर शुरू हो गया है। शुक्रवार को चंडीगढ़ में सरकार की हाई लेवल कमेटी और संघर्ष समिति पदाधिकारियों के बीच हुई पहली वार्ता बेनतीजा रही। हालांकि बातचीत के रास्ते खुले रखे गए हैं, लेकिन संघर्ष समिति ने स्पष्ट कर दिया है कि वह अपना आंदोलन वापस नहीं लेगी। बैठक में सरकार की ओर से कर्मचारियों को न्यू पेंशन स्कीम (एनपीएस) फायदे गिनवाए गए, लेकिन कर्मचारियों के प्रतिनिधि पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर अड़े रहे। बैठक में कर्मचारियों की ओर से पुरानी पेंशन बहाली संघर्ष समिति के प्रदेशाध्यक्ष विजेंद्र धारीवाल, महासचिव रिषी नैन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनूप लाठर, उपप्रधान कमलदीप सिंह तथा समिति की रिसर्च टीम के प्रमुख रमेश कुमार ने बैठक में भाग लिया। विजेंद्र धारीवाल और रिषी नैन ने कहा कि सरकार के साथ बातचीत जारी रहेगी। अधिकारियों को सभी आंकड़े दे दिए हैं और अधिकारियों की कमेटी ने आंकड़ों का अध्ययन करने के बाद अगले सप्ताह फिर से बैठक करने की बात कही है। इससे पहले 5 मार्च को नई दिल्ली में नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम की बैठक होगी। इस बैठक में अगली रणनीति तय की जाएगी। उल्लेखनीय है कि हरियाणा में ओपीएस का मुद्दा गरमाने के बाद सरकार ने मुख्य सचिव संजीव कौशल की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय कमेटी का गठन किया है। इस कमेटी में वित्त विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी तथा मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वी. उमाशंकर भी बतौर सदस्य शामिल हैं।

## देहदान करने वाले 185 परिवारों को सम्मानित करेगा मेडिकल

**जोधपुर ( हिंस )।** देहदान और ऑर्गन डोनेशन को लेकर लोगों को प्रेरित करने के उद्देश्य से जोधपुर के एसएन मेडिकल कॉलेज ने पहल की है और देहदान करने वाले परिवारों को सम्मानित करने का निर्णय लिया है। कार्यक्रम के बारे में बताते हुए एसएन मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल दिलीप कछवाहा ने बताया कि मेडिकल कॉलेज में अब तक 185 देहदान हो चुके हैं और अब मेडिकल कॉलेज इन तमाम देहदान करने वाले परिवारों को सम्मानित करेगा ताकि और लोग देहदान करने को लेकर जागरूक हो और देहदान करें। मेडिकल कॉलेज को मिलने वाले देह से मेडिकल स्टूडेंट को पढ़ाई में फायदा मिलता है साथ ही इस कार्यक्रम से ऑर्गन डोनेशन को भी बढ़ावा मिलेगा।


No. Bn.10/MT/42-A/2023/03

**NOTICE INVITING TENDER**

Sealed tender on plain papers affixing with non-refundable court fee stamp of Rs. 8.25/-(Rupees Eight and Paisa Twenty five) only are invited for the supply of **“Spare Motor Parts and Repairing”** of departmental vehicles/ motor cycles of this unit for the financial year of 2023-24 from the Contractors/Supplicr registered with Assam Police Headquarters (Group “C”) and having valid GST Registration and will be received by the undersigned up to **11.30 A.M.** on **03/04/2023** The intending tenderers may obtain detailed tender papers on payment of Rs. 200/- (Rupees two hundred) only in the form of uncrossed Indian Postal Order pledged in favour of the undersigned on application for tender papers. Tender paper will be issued during the office hours upto 31/03/2023 The intending tenders may also download the tender papers from the Assam Police Website http://assampolice.gov.in. In such case, the tenderer will have to deposit the cost of tender papers Rs. 200/-(Rupcees two hundred) only by uncrossed Indian Postal Order pledged in favour of the undersigned at the time of submission of tender.

Commandant
10th Assam Police Battalion,
Kahilipara, Guwahati-19.

*-- Janasanyog /C/21870/ 22*


## जयपुर व उदयपुर में मिले कोरोना के पांच नए मरीज

**जयपुर ( हिंस )।** राजस्थान के दो जिलों जयपुर व उदयपुर में शुक्रवार को कोरोना के पांच नए मरीज सामने आए। शुक्रवार को दो जिलों में एक-एक संक्रमित के रिकवर होने के बाद सक्रिय मामले 20 रह गए। चिकित्सा विभाग की ओर से जारी रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश में शुक्रवार को 2769 सैम्पल्स की जांच के दौरान जयपुर में दो तथा उदयपुर में तीन नए संक्रमित मिले। इससे पहले प्रदेश में गुरुवार को चार जिलों में सात नए संक्रमित सामने आए थे। शुक्रवार को राहत यह रही कि अजमेर व हनुमानगढ़ में एक-एक संक्रमित की रिकवरी के बाद सक्रिय मामले 20 रह गए।

# आम आदमी पार्टी ने फूंका सरकार का पुतला



**जींद ( हिंस )।** आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं ने पंचकूला में सरपंचों पर किए गए लाठीचार्ज के रोषस्वरूप शुक्रवार को रानी तालाब पर प्रदर्शन किया और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कार्यकर्ताओं ने सरकार से मांग की कि सरपंचों की मांगों को शीघ्र पूरा करते हुए उनके खिलाफ दर्ज किए गए मुकद्दमों को तुरंत प्रभाव से रद् किया जाए। प्रदर्शन में आआपा की राज्य स्तरीय महिला नेत्री डा. रजनीश जैन ने भाग लिया। डा. रजनीश जैन ने कहा कि सरकार ने पहले किसानों, नौजवानों, कर्मचारियों और अब पंचायत प्रतिनिधियों पर लाठीचार्ज कर अलोकतांत्रिक सोच का परिचय दिया है। ई-टेंडरिंग की व्यवस्था कर सरकार पंच और सरपंचों को शक्ति विहीन और गांवों के विकास से वंचित करना चाहती है। उन्होंने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि जनता की आवाज को लाठी व गोली के दम पर नहीं दबाया जा सकता है। भाजपा सरकार ने घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में बढ़ौतरी करके होली के रंग में भंग डालने का काम किया है। गैस के रेट में 50 रुपए की बढ़ौत्तरी कर होली से पहले लोगों की जेब पर डाका डालने का काम किया है। वजीर ढांडा, सुभाष कौशिक ने कहा कि प्रजातंत्र की सबसे छोटी सरकार पर लाठियां बरसाना अलोकतांत्रिक, कायराना व निंदनीय कदम है। उन्होंने कहा कि बीजेपी-जेजेपी गठबंधन सरकार लगातार जनता की आवाज को कुचलने और लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करने का काम कर रही हैं। बाद में रानी तालाब पर सरकार का पुतला दहन किया गया। इस दौरान आआपा के राकेश ग्रोवर, सुभाष चंद्र, एडवोकेट संजय, रघबीर, साहिल, वरूण आदि मौजूद रहे।


**SHORT NOTICE INVITING TENDER**

Sealed tender in **F-2 form affixing Court Fee stamp of Rs. 8.25** (Rupees eight and paise twenty five) only with a : validity period of 180 (one hundred eighty) days are Invited from Registered APWD (Building) Contractors for the work as detailed in the table below:-

**Table**

| Name of work | Estimated value of work (Approx Rs.) | Bid Security (in Rs.) | Cost of tender paper (in Rs.) | Date of Application | Date of issue of tender paper | Time & date of receiving/ opening of Tender | Time of completion | Eligibility of contractor |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Repairing, renovation & extension of the existing SEOC in the ground floor of the CM Block adjacent to the office chamber of Secretary to the CM Secretariat (Civil and Electrical Works) | 11,98, 889.00 | 2% for general and 1% for reserved category | 500.00 | 13.03.2023 to 14-03-2023 Up to 16.00 hrs | 14.03.2023 | Receiving up-to 14.00 hours of 15.03.2023 and opening at 14-30 hours of 15.03.2023 | 15 (fifteen) Days | Registered APWD (Building) Class-I (A/B/C)/ Class-II) Contractor of this Circle/ Class-III contractor under Capital Construction Division |

Detailed particulars may be seen during office hours of any working days in the office of the undersigned. Contractors will have to submit application for Tender paper along with attested copy of current APWD Registration Certificate, GST, Pan Card, upto date Labour Licence, EPF Registration and cost of tender paper as detailed above in the form of Bank Draft / Banker Cheque drawn in any Nationalized/ Scheduled Bank in favour of Executive Engineer, P.W.D., Capital Construction Division, Dispur, Guwahati-6. Tender paper will be issued to the contractors or to their authorized agents up-to 5.00 P.M in working day as mentioned above from the office of the undersigned. Bid security in the form of FDR/ CDR duly pledged in favour of the **Executive Engineer, P.W.D., Capital Construction Division, Dispur, Guwahati-6** is to be submitted along with the tender paper.

Performance Security/Security Deposit Money as per norms and additional Performance Security as per Chief Engineer PWD (Building)’s **letter No- BN/12/82/Pt.-1/84, dt. 15.02.2011** if required, is to be furnished by the successful bidder when notified.

If for any reason, the last date of receiving and opening of tender is declared as holiday, the same will be received and opened on the next working day.

The undersigned will be the sole authority to cancel any tender without showing any reason.

N.B.: 1.Prospective bidders are suggested to visit the proposed work site before submission of bids.
2. This Short NIT will form a part of the tender agreement.
3. The bidder should possess valid license for executing electrical works. In case the bidder is not in possession of such license, the bidder must enter into a collaboration/tie-up arrangement with such license holder having requisite experience. Such tie-up/collaboration must be registered in Court. Necessary document should be furnished along with the tender.

Sd/-
Superintending Engineer P.W.D
Guwahati Building Circle-II

*-- Janasanyog /C/21788/22*


# राजस्थान साहित्य उत्सव पचीस से

**जयपुर ( हिंस )।** अपने गौरवशाली इतिहास और रंग- बिरंगी संस्कृति के साथ विश्व पटल पर विशेष पहचान बनाने वाला राजस्थान साहित्यिक रूप से बेहद समृद्ध है। यह वृहद साहित्यिक वट वृक्ष यूं ही फलता- फूलता रहे और युवा पीढ़ी भी इसकी छांव में साहित्यिक साधना कर सके इसके लिए राजस्थान सरकार प्रयासरत है। इसी कड़ी में बड़ा कदम उठाते हुए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की बजट घोषणा वर्ष 2019- 20 के क्रियान्वयन के आलोक में राजस्थान साहित्य उत्सव: साहित्य कुम्भ- 2023 (राजस्थान लिटरेचर फेस्टिवल) का आयोजन जोधपुर स्थित जनाना बाग में 25, 26 एवं 27 मार्च को किया जा रहा है। राजस्थान साहित्य उत्सव के आयोजन का मुख्य उद्देश्य राज्य की समृद्ध साहित्यिक परंपरा को नई पीढ़ी से अवगत कराने के साथ ही राजस्थान के साहित्यिक अवदान को वैश्विक पटल पर स्थापित करने वाले साहित्यकारों पर एक सार्थक चर्चा और विमर्श के साथ नए और युवा साहित्यकारों को एक प्रभावी और सशक्त मंच उपलब्ध करवाना है। जवाहर कला केंद्र में शुक्रवार को आयोजित प्रेस वार्ता में कला एवं संस्कृति विभाग मंत्री डॉ. बीडी कल्ला ने यह जानकारी दी। इस दौरान गायत्री राठौड़, प्रमुख शासन सचिव, कला एवं संस्कृति विभाग, महानिदेशक जवाहर कला केंद्र प्रियंका जोधावत, अतिरिक्त महानिदेशक जेकेके व सभी अकादमियों के पदाधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान डॉ. कल्ला ने राजस्थान साहित्य उत्सव के लोगो का विमोचन भी किया। डॉ. बी. डी. कल्ला ने बताया कि %साहित्य कुंभ% में कवि सम्मेलन, मुशायरा, राजस्थानी काव्य पाठ समेत विभिन्न साहित्यिक व सांस्कृति आयोजन किए जाएंगे। इसमें पुस्तक मेला, हस्तशिल्प मेला और खान- पान स्टॉल्स की भी व्यवस्था रहेगी। अंतिम दिन भव्य सांस्कृतिक समागम के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। उन्होंने बताया कि माननीय मुख्यमंत्री महोदय ने अपनी बजट घोषणा 2023-24 में साहित्यकारों को प्रोत्साहन के लिये राज्य के चार साहित्यिक मनीषियों इनमें सर्वश्री कन्हैया लाल सेठिया, कोमल कोठारी, सीताराम लालस एवं विजय दान देथा के नाम से 4 अखिल भारतीय पुरस्कार प्रारम्भ करने की घोषणा की है, जिसे अतिशीघ्र क्रियान्वित किया जा रहा है। गौरतलब है कि राजस्थान की साहित्यिक परंपरा में जहां एक ओर मीरा, सूर्यमल्ल मिश्रण, बांकीदास, नरहरिदास बारहठ, शिवचन्द भतिया (राजस्थानी भाषा के पहले उपन्यास लेखक), सीताराम लालस, विजयदान देथा, कन्हैयालाल सेठिया जैसे साहित्य मनीषी वैश्विक साहित्यिक परंपरा के दैदीप्यमान नक्षत्र हैं। वहीं दूसरी ओर हिंदी में चन्द बरदाई, लज्जाराम मेहता, विजय सिंह पथिक, रांगेय राघव, यादवेन्द्र शर्मा (चंद्र) जैसे विद्वानों ने हिंदी लेखन में नए प्रतिमान स्थापित कर एक कीर्तिमान बनाया है। राजस्थान साहित्य उत्सव प्रदेश की संस्कृति, साहित्य व पर्यटन को बढ़ावा देने में बड़ा योगदान निभाएगा। मुख्यमंत्री का विचार है कि प्रदेश के युवा साहित्यकारों को सशक्त मंच मिले व साहित्य को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिले। उन्होंने यह भी कहा कि कार्यक्रम में राज्य व राष्ट्रीय स्तर के प्रसिद्ध साहित्यकारों, कवियों व शायरों को आमंत्रित किया गया है। गायत्री राठौड़ ने कहा कि राजस्थान की साहित्यिक पहचान को और मजबूत करने और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए माननीय मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में राजस्थान साहित्य उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। कला एवं संस्कृति विभाग का प्रयास रहेगा कि राजस्थान साहित्य अकादमी, उर्दू अकादमी, संस्कृत अकादमी, नेहरू बाल साहित्य अकादमी, संगीत नाटक अकादमी, ललित कला अकादमी समेत सभी अकादमियां व प्रदेशवासी मिलकर आयोजन को सफल बनाएंगे। आशा है कि यह कार्यक्रम भविष्य में राजस्थान की पहचान बनकर उभरेगा।



# सेबी के प्रतिबंध के बाद अभिनेता अरशद वारसी की सफाई, ट्विटर पर लोगों से की यह अपील

**मुंबई ।**
बाजार नियामक सेबी के प्रतिबंध लगाने के बाद अभिनेता अरशद वारसी ने सफाई दी है। अरशद ने ट्विटर पर लोगों से अनुरोध किया कि वे सुनी-सुनाई बातों पर विश्वास न करें। अभिनेता ने कहा कि उन्हें और उनकी पत्नी मारिया गोरेटी को शेयर बाजार का कोई ज्ञान नहीं है। उन्होंने ट्वीट किया, कृपया आप जो कुछ भी खबरें पढ़ रहे हैं, उस पर विश्वास न करें। शेयरों के बारे में मारिया और मेरी जानकारी शून्य है। सलाह लेकर शारदा में निवेश किया और कई अन्य लोगों की तरह हमने भी मेहनत की सारी कमाई खो दी।

**यूट्यूब वीडियो के जरिये शेयरों की कीमतों में हेराफेरी का आरोप** – अरशद वारसी और उनकी पत्नी मारिया गोरेटी तथा अन्य लोगों पर यूट्यूब चैनल पर वीडियो अपलोड कर दो कंपनियों के शेयरों के दाम में हेराफेरी करने का आरोप लगा है। सेबी ने गुरुवार को अरशद वारसी, उनकी पत्नी मारिया और साधना चैनल के कुछ प्रवर्तकों समेत 45 लोगों को प्रतिभूति बाजार में कारोबार करने पर प्रतिबंध लगा दिया। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने जांच में पाया कि ये लोग यूट्यूब चैनल पर गुमराह करने वाला वीडियो डालकर निवेशकों से साधना ब्रॉडकॉस्ट और शार्पलाइन ब्रॉडकॉस्ट के शेयरों को खरीदने की सिफारिश कर रहे थे। सेबी ने अरशद समेत 45 लोगों पर पाबंदी लगाने के अलावा यूट्यूब चैनल पर भ्रामक वीडियो डालने के बाद अवैध रूप से कमाए गए 54 करोड़ भी जब्त करने का आदेश दिया है। यह भी कहा गया है कि वे अगले आदेश तक अपनी कोई भी संपत्ति न बेचें। भ्रामक वीडियो के बाद दोनों कंपनियों के शेयरधारकों की संख्या अचानक बढ़ गई।

**ये भी पाएगएदोषी** – मनीष मिश्रा, अंशु मिश्रा, दीपक द्विवेदी, जतिन शाह, हेली शाह, दैविक शाह, अंगद राठोड़, पुरव पटेल, सुभाष अग्रवाल, गौरव गुप्ता, पूजा अग्रवाल, वरुण मीडिया, राकेश गुप्ता व अन्य।

**अप्रैल-सितंबर, 2022 के दौरान हुईमामले की जांच** – नियामक ने अप्रैल-सितंबर, 2022 के दौरान मामले की जांच की। इसमें पाया कि शेयरों की कीमतों एवं वॉल्यूम में अप्रैल, 2022 और जुलाई, 2022 के बीच जबरदस्त उछाल आया। जुलाई के मध्य में साधना के शेयरों के बारे में गुमराह करने वाले ये वीडियो 'द एडवाइजर और मनीवाइज' के यूट्यूब चैनल पर डाले गए। ऐसे ही वीडियो मई, 2022 में शार्पलाइन के बारे में भी मिडकैप कॉल्स व प्रॉफिट यात्रा चैनल पर अपलोड किए गए।

## न्यूज ब्रीफ

### बीती तिमाही ग्रामीण खपत सिर्फ 4.6प्रतिशत बढ़ी, ये 2प्रतिशत कमः लागत, उपज के दाम का अंतर 15प्रतिशत इसी घाटे के चलते ग्रामीण खपत घटी

**नई दिल्ली।** ग्रामीण खपत सुस्त पड़ रही है। दिसंबर तिमाही में दोपहिया की बिक्री 27 महीनों में सबसे कम



बढ़ना इसका संकेत है। अप्रैल-दिसंबर 2022 के दौरान खेती-किसानी की लागत 24प्रतिशत बढ़ने के मुकाबले उपज के दाम सिर्फ 9प्रतिशत बढ़ना इसकी सबसे बड़ी वजह रही। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेस की एक रिपोर्ट के मुताबिक, इस बीच खेती-किसानी से आय सिर्फ 1प्रतिशत बढ़ी और गैर-कृषि मजदूरी में लगातार कमी आई। इकोस्कोप नाम की रिपोर्ट के मुताबिक, तीसरी तिमाही में ग्रामीण खपत 4.6प्रतिशत बढ़ी। पहली तिमाही में ये बढ़ोतरी 5.5प्रतिशत और दूसरी तिमाही में 6.5प्रतिशत थी। महंगाई के चलते कम चीजों पर ज्यादा खर्च हुआ। वास्तविक कृषि आय में चार-तिमाहियों की सबसे कम बढ़ोतरी दिसंबर तक लगातार 8 तिमाही फार्म ट्रेड से आय में कमी आना 10 तिमाहियों में पहली बार वास्तविक कृषि निर्यात में गिरावट वास्तविक कृषि ऋण घटकर 3 तिमाहियों के निचले स्तर पर आना 9 महीने घटने के बाद 1प्रतिशत बढ़ी कृषि मजदूरी अक्टूर-दिसंबर तिमाही में देश में वास्तविक कृषि मजदूरी लगभग 1प्रतिशत ही बढ़ी। राहत की बात ये है कि इससे पहले लगातार तीन तिमाही कृषि मजदूरी में गिरावट आई थी। सरकार ने बढ़ाया ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर खर्च अप्रैल-दिसंबर 2022 के बीच सरकार ने ग्रामीण क्षेत्र पर सरकारी खर्च में 13.4प्रतिशत हुई। लेकिन अप्रैल-दिसंबर 2021 के बीच ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर सरकारी खर्च में 9.9प्रतिशत गिरावट आई थी। किसान खेती के लिए जरूरी सामान पर आय से ज्यादा खर्च कर रहा है। अप्रैल 2022 से जनवरी 2023 के बीच डीजल, खाद, कीटनाशक, ट्रैक्टर जैसी मशीनरी और बिजली जैसे इनपुट पर खर्च 24प्रतिशत बढ़ा। इसके मुकाबले कृषि उपज के दाम सर्फ 9प्रतिशत बढ़े। चालू वित्त वर्ष के पहले 9 महीनों में ग्रामीणों का खर्च 5.3प्रतिशत बढ़ा। बीते वित्त वर्ष के पहले 9 महीनों में ये खर्च सिर्फ 0.6प्रतिशत बढ़ा था।

### सबसे अमीर लोगों की लिस्ट में मस्क फिर दूसरे नंबर पर, अरनॉल्ट आगे निकले

**नई दिल्ली ।** एलन मस्क दुनिया के नंबर एक अमीर व्यक्ति होने का ताज एक बार फिर गंवा बैठे हैं।



टेस्ला, स्पेसएक्स और ट्विटर जैसी कंपनियों के मुखिया मस्क इसी हफ्ते फिर से दुनिया के नंबर एक व्यक्ति बने थे। ब्लूमबर्ग बिजनेस इंडेक्स के अनुसार मस्क का नेट वर्थ 187.1 अरब डॉलर के करीब है। फॉर्च्यून की एक रिपोर्ट में कहा गया है टेस्ला के शेयरों के भाव बुधवार को 5प्रतिशत से अधिक फिसल गए। इससे मस्क को करीब दो अरब डॉलर का नुकसान हुआ। इसके बाद फ्रांस के कारोबारी बर्नार्ड अरनॉल्ट एक बार फिर दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति बन गए। बुधवार के कारोबारी सेशन के दौरान मस्क की संपत्ति में 1.9 अरब डॉलर की कमी आई और यह 184 बिलियन डॉलर पर पहुंच गई। वहीं अरनॉल्ट की कुल संपत्ति करीब 186 अरब डॉलर है। दो दिन पहले ही मस्क अरनॉल्ट को पीछे करते हुए हुए दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति बने थे। उससे पहले पिछले साल दिसंबर में फ्रेंच कारोबारी अरनॉल्ट ने मस्क को पीछे कर दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति बने थे। उस दौरान टेस्ला के शेयरों में 65 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई थी।

### आरबीआई ने राइनो फाइनेंस का पंजीकरण निरस्त किया

**मुंबई ।** भारतीय रिजर्व बैंक ने अनियमित कर्ज गतिविधियों को लेकर राइनो फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड



का पंजीकरण निरस्त कर दिया है। केंद्रीय बैंक ने कहा कि आउटसोर्सिंग और अन्य पक्ष के ऐप के माध्यम से डिजिटल ऋण के परिचालन में उचित व्यवहार संहिता संबंधी भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के उल्लंघन के कारण राइनो फाइनेंस के पंजीकरण प्रमाणपत्र को रद्द कर दिया गया है। यह ऐसी गतिविधियां हैं, जिसे सार्वजनिक हित के लिए नुकसानदायक माना गया है। आरबीआई ने कहा कि कंपनी अत्यधिक ब्याज वसूलने से संबंधित वर्तमान नियमों का भी अनुपालन नहीं कर रही थी और ऋण वसूली को लेकर ग्राहकों के साथ अनुचित व्यवहार कर रही थी। कंपनी से संबद्ध सेवा प्रदाता, मोबाइल ऐप में हेलो लोन, क्रेडिटहब, कोको कैश, फ्लैश लोन, ब्रिज लोन, क्रेजी बी और रुपी बस शामिल हैं। केंद्रीय बैंक ने कहा कि पंजीकरण प्रमाणपत्र रद्द होने से कंपनी गैर-बैंकिंग वित्तीय संस्थान का कामकाज नहीं करेगी।

## बेंगलुरु में बनेगा आईफोन बनाने का प्लांट

# फॉक्सकॉन इसके लिए 5.7 हजार करोड़ रुपए का निवेश करेगी, 100,000 जॉब्स क्रिएट होने की उम्मीद

**नई दिल्ली।**
एपल इंक के पार्टनर फॉक्सकॉन टेक्नोलॉजी ग्रुप ने लोकल प्रोडक्शन को बढ़ाने के लिए भारत में एक नए प्लांट पर करीब 700 मिलियन डॉलर (करीब 5.7 हजार करोड़ रुपए) का निवेश करने का प्लान बनाया है। ब्लूमबर्ग ने अपनी एक रिपोर्ट में इस बात की जानकारी दी है। अमेरिका-चीन के बीच तनाव बढ़ने के कारण चीन से मैन्युफैक्चरिंग भारत में शिफ्ट की जा रही है। जियो पॉलिटिकल टेंशन और कोरोना महामारी के बाद एपल समेत अन्य अमेरिकी टेक दिग्गज चीन के बाहर भी अपनी मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटी के विस्तार पर काम कर रहे हैं।



### 300 एकड़ की साइट पर प्लांट बनेगा

मामले से जुड़े लोगों ने बताया कि ताइवान की कंपनी ने बेंगलुरु में एयरपोर्ट के करीब 300 एकड़ की साइट पर प्लांट बनाने का प्लान बनाया है। यह फैक्ट्री पार्ट बनाने के साथ एपल के हैंडसेट भी असेंबल कर सकेगी। फॉक्सकॉन अपनी इस साइट को नए इलेक्ट्रिक व्हीकल बिजनेस के लिए कुछ पार्ट्स का प्रोडक्शन करने के लिए भी यूज कर सकती है।

### 100,000 जॉब्स क्रिएट होंगे

भारत में इस प्लांट के बनने से लगभग 100,000 जॉब्स क्रिएट होने की उम्मीद है। चीन के झेंग्झौ में कंपनी के विशाल आईफोन असैंबली कॉम्प्लेक्स में इस समय लगभग 200,000 कर्मचारी काम करते हैं। हालांकि पीक प्रोडक्शन सीजन के दौरान यह संख्या बढ़ जाती है। भारत में फॉक्सकॉन का ये इन्वेस्टमेंट अब तक का उसका यहां सबसे बड़ा सिंगल इन्वेस्टमेंट है।

### भारत में 2017 से बन रहे आईफोन

एपल ने 2017 में आईफोन के साथ भारत में आईफोन्स की मैन्युफैक्चरिंग शुरू की थी। इसके तीन इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग सर्विस पार्टनर-फॉक्सकॉन, विस्ट्रॉन और पेगाट्रॉन है। आईफोन स्ब्श के बाद भारत में आईफोन 11, आईफोन 12 और आईफोन 13 की मैन्युफैक्चरिंग भी की गई। फॉक्सकॉन का प्लांट चेन्नई के पास श्रीपेरंबदूर में है।

### भारत सरकार की पीएलआई स्कीम का हिस्सा एपल

एपल के तीनों कॉन्ट्रैक्ट मैन्युफैक्चरर भारत सरकार की 41,000 करोड़ रुपए की प्रोडक्शन-लिंक्ड इन्सेंटिव स्कीम का हिस्सा है। इस स्कीम के बाद ही भारत में आईफोन मैन्युफैक्चरिंग में तेजी आई है। 2020 में भारत सरकार ने पीएलआई को लॉन्च किया था। इस स्कीम से बाहर के देशों की कंपनीज को मौका मिलता है कि वो लोकल मैन्युफैक्चरिंग का फायदा उठा सकें, साथ ही उस पर इन्सेंटिव भी कमा सकें।

### एपल ज्यादातर आईफोन चीन में ही क्यों बनवाती है

ज्यादातर आईफोन की असेंबलिंग चीन में होती है। क्या इसका कारण लेबर की कम कॉस्ट है इन्वेस्टोपीडिया की एक रिपोर्ट के मुताबिक एक आईफोन कर्मचारी का औसत वेतन .10 प्रति घंटा है। टॉप कमाई करने वाले लगभग 27 प्रति घंटा कमाते हैं।


एपल के सीईओ टिम कुक के अनुसार, चीन में मैन्युफैक्चरिंग का कारण लो लेबर कॉस्ट नहीं है। अगर ऐसा होता, तो एपल अपने फोन को और भी सस्ती जगहों पर बना सकता था। कुक के अनुसार मुख्य कारण टूलिंग इंजीनियरिंग में जरूरी स्किल है। उनका दावा है कि स्पेसिफिक स्किल सेट अब स में उपलब्ध नहीं है, लेकिन चीन के पास एक्सपर्टीज है।

### अलग-अलग देशों में अलग कीमतें

अमेरिका में सबसे कम कीमतों पर आईफोन मिलते हैं। चीन में मैन्युफैक्चरिंग के बावजूद अमेरिका की तुलना में आईफोन महंगा बिकता हैं। ऐसा करेंसी फ्लकचुएशन और चीन में लगाए जाने वाले भारी भरकम वैल्यू ऐडेड टैक्स के कारण होता है। इसी तरह भारत में भी मैन्युफैक्चरिंग के बावजूद आईफोन अमेरिका की तुलना में काफी महंगा बिकता है।

# मुकेश अंबानी की एक और नए बिजनेस में एंट्रीः रिलायंस ग्रुप 12,000 रुपए में कराएगा जीनोम सिक्वेंसिंग टेस्ट

**नई दिल्ली ।**
रिलायंस ग्रुप के चेयरमैन मुकेश अंबानी अब एक नए बिजनेस में अपना हाथ आजमाने जा रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, मुकेश अंबानी जेनेटिक मैपिंग के काम में उतरने वाले हैं। जेनेटिक मैपिंग कुछ डिजीज और कैंसर जैसी बीमारियों के लिए यूजर्स की प्रवृत्ति का पता करने में उपयोगी हो सकता है। इसके अलावा यह न्यूरो-डिजनरेटिव बीमारियों और कार्डियेक रिस्क समेत अन्य कई बीमारियों में भी लाभदायक साबित होगा।



### रिलायंस ग्रुप 12,000 रुपए में कराएगा जीनोम सिक्वेंसिंग टेस्ट

अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज स्ट्रैंड लाइफ साइंसेज द्वारा विकसित 12,000 रुपए का व्यापक जीनोम सिक्वेंसिंग टेस्ट शुरू करेगी। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, स्ट्रैंड के सीईओ रमेश हरिहरन ने कहा कि 145 डॉलर (11,970.26 रुपए) में जीनोम टेस्ट स्थानीय स्तर पर उपलब्ध अन्य पेशकशों की तुलना में लगभग 86प्रतिशत सस्ता है।

### दुनिया का सबसे सस्ता ऐसा जीनोमिक प्रोफाइल होगाः रमेश

रमेश हरिहरन ने कहा कि यह दुनिया का सबसे सस्ता ऐसा जीनोमिक प्रोफाइल होगा। उनका मानना है कि कम कीमत की वजह से लोग इससे अपनाने के लिए अट्रेक्ट होंगे। उन्होंने कहा कि स्ट्रैंड टेस्ट के रिजल्ट्स की व्याख्या में लेटेस्ट साइंटिफिक रिसर्च को शामिल करेगा। टेस्टिंग बायोलॉजिकल डेटा के भंडार के निर्माण की भी अनुमति देगा, जो दवाओं के विकास में सहायता कर सकता है।

यूएस बेस्ड जैसी कंपनियां 99 डॉलर (8,172.80 रुपए) में एंसेस्ट्री रिपोर्ट्स बनाती हैं। लेकिन हेल्थ प्लस एंसेस्ट्री रिपोर्ट्स की लागत 119 डॉलर (9,823.87 रुपए) है। भारतीय कंपनियों की ओर से हेल्थ रेड फ्लैग्स के लिए फुल जीनोम सिक्वेंसिंग की लागत 1,000 डॉलर (82,549.70 रुपए) से ज्यादा है। ऐसी चीनी फर्में हैं, जो सस्ते दामों पर रिपोर्ट पेश करती हैं, लेकिन टेस्ट की पूरी रेंज शामिल नहीं करती हैं।

### ऐप पर बड़े स्तर पर टेस्ट की मार्केटिंग करेगी रिलायंस

रिलायंस का प्लानिंग आने वाले हफ्तों में ऐप पर बड़े स्तर पर टेस्ट की मार्केटिंग करने की है। यूएस में कंज्यूमर्स की रुचि किसी के एंसेस्ट्री या विशेषताओं जैसे कि एथलेटिसिस्म, हेयर टेक्सचर, मोटापे की प्रवृत्ति का पता लगाने के आसपास है। इसका लॉन्ग-टर्म बिजनेस मॉडल प्रिवेंटिव हेल्थ केयर के इर्द-गिर्द घूमता है। भारत ने अभी तक जेनेटिक टेस्ट्स के लिए रेगुलेटरी स्टैंडर्ड्स निर्धारित नहीं किए हैं।

# इंडियन ऑयल ने शुरू किया मैट्रिमोनियल पोर्टलः कंपनी में ही जीवन साथी ढूंढ सकेंगे कर्मचारी

**नई दिल्ली।**
इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन ने अपने कर्मचारियों की मैचमेकिंग का जिम्मा खुद उठा लिया है। दरअसल, कंपनी ने जनवरी 2023 में एक मैट्रिमोनियल पोर्टल शुरू किया है। जिससे कंपनी में काम करने वाले लोग यही काम करने वाले लोगों में अपना जीवन साथी चुन सकें। कंपनी की यह कोशिश सफल भी होती नजर आ रही है। 24 फरवरी को इस सर्विस के जरिए कंपनी के दो कर्मचारियों ने शादी की है।

इस सर्विस के जरिए कंपनी के दो कर्मचारी सीमा यादव और तरुण बंसल मिले। हाल ही में उन्होंने शादी भी कर ली है। सीमा और तरुण कंपनी की नई सर्विस के जरिए शादी करने वाला पहला कपल है। इस शादी ने चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर श्रीकांत माधव वैद्या भी शामिल हुए। उन्होंने सोशल मीडिया पर शादी की तस्वीर भी शेयर की है, जिसे लोग खूब पसंद कर रहे हैं। श्रीकांत ने सोशल मीडिया पर कपल की शादी की फोटो शेयर करते हुए लिखा कि मैं तरुण और सीमा के मिलन को देखकर बहुत रोमांचित था। हमारे प्लेटफॉर्म के जरिए अपना जीवनसाथी पाने वाला यह पहला कपल है। आपको जीवन भर खुशियों की कामना।



### सोशल मीडिया पर यूजर्स ने उठाए सवाल

सीमा और तरुण पिछले पांच साल से कंपनी के रिसर्च और डेवलपमेंट डिपार्टमेंट में काम करते हैं। मैट्रिमोनियल पोर्टल के लॉन्च होने के बाद इनकी मुलाकात हुई। फिर अगले ही महीने दोनों शादी के बंधन में बंध गए। हालांकि सोशल मीडिया पर कुछ यूजर्स कह रहे हैं कि कपल ने पहले ही शादी की प्लानिंग की होगी। यह शादी मैट्रिमोनियल पोर्टल को प्रमोट करने के लिए किया गया।

# अमेरिका में भंडार बढ़ने से कच्चे तेल की कीमतें घटीं, पाम तेल का आयात घटकर 8 माह के निचले स्तर पर

**सिंगापुर ।**
अमेरिका में कच्चे तेल के बढ़ते भंडार एवं यूरोप में ब्याज दरों में और बढ़ोतरी का आर्थिक वृद्धि दर पर पड़ने वाले असर की चिंता से अंतरराष्ट्रीय बाजार में क्रूड की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड की कीमतें बृहस्पतिवार को 0.15 फीसदी (13 सेंट) घटकर 84.18 डॉलर प्रति बैरल रह गई। अमेरिका तेल मानक डब्ल्यूटीआई 0.2 फीसदी (17 सेंट) सस्ता होकर 77.52 डॉलर प्रति बैरल रह गया। उधर, अमेरिका में लगातार 10वें सप्ताह कच्चे तेल का भंडार बढ़ने से बाजार पर दबाव बढ़ा है। एनर्जी इन्फॉर्मेशन एडमिनिस्ट्रेशन रिपोर्ट के मुताबिक, 24 फरवरी, 2023 को समाप्त सप्ताह में अमेरिका का तेल भंडार 12 लाख बैरल बढ़कर 48.02 करोड़ बैरल पहुंच गया। यह मई, 2021 के बाद सबसे अधिक है। देश का पाम तेल आयात जनवरी, 2023 के मुकाबले फरवरी में 30 फीसदी घटकर 5.86 लाख टन रह गया।यह जून, 2022 के बाद पाम तेल आयात का पिछले आठ महीने का सबसे निचला स्तर है। मामले से जुड़े पांच डीलरों ने बृहस्पतिवार को बताया कि घरेलू रिफाइनरी कंपनियों ने अक्तूबर-जनवरी में अत्यधिक पाम तेल का आयात कर लिया था।इस भंडार को कम करने के लिए उन्होंने फरवरी में कम आयात किए।जीजीएन रिसर्च के मैनेजिंग पार्टनर के राजेश पटेल ने बताया कि फरवरी में सोया तेल का आयात भी 7.3 फीसदी कम होकर 3.40 लाख टन रह गया।सूरजमुखी तेल आयात 67प्रतिशत घटकर 1.50 लाख टन रह गया।




## पुरानी पेंशन की ओर लौटना गलत कदम

# आरबीआई के पूर्व गवर्नर बोले- ये बड़ी आबादी की सुविधाओं से समझौते जैसा

**नई दिल्ली ।**
पुरानी पेंशन योजना को फिर से शुरू करने का कुछ राज्यों का निर्णय निश्चित रूप से एक प्रतिकूल कदम होगा और इससे सरकारी कर्मचारियों को आम लोगों की तुलना में अधिक विशेषाधिकार हासिल होगा। आरबीआई के पूर्व गवर्नर डी सुब्बाराव ने यह बात कही है।

पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) के तहत कर्मचारियों को एक परिभाषित पेंशन मिलती है। एक कर्मचारी पेंशन के रूप में अंतिम आहरित वेतन की 50 प्रतिशत राशि का हकदार है।

एनडीए सरकार ने 2003 में ओपीएस को बंद कर दिया था। यह फैसला एक अप्रैल 2003 से प्रभावी था। सुब्बाराव ने कहा, %राजकोषीय जिम्मेदारी के प्रति हमारी प्रतिबद्धता और व्यापक रूप से हमारे सुधारों की विश्वसनीयता के लिए यह निश्चित रूप से गलत कदम होगा।

नई पेंशन योजना (एनपीएस) के तहत कर्मचारी अपने मूल वेतन का 10 प्रतिशत पेंशन में योगदान करते हैं जबकि सरकार 14 प्रतिशत का योगदान करती है।


उन्होंने कहा एक ऐसे देश में जहां अधिकांश लोगों के पास कोई सामाजिक सुरक्षा जाल नहीं है, सुनिश्चित पेंशन वाले सरकारी कर्मचारी एक विशेषाधिकार प्राप्त व्यक्ति की तरह हैं।

आम जनता की सुविधाओं की कीमत पर उन्हें और अधिक सुविधाएं प्रदान करना नैतिक रूप से गलत और वित्तीय रूप से हानिकारक होगा।

सुब्बाराव के अनुसार, अगर राज्य सरकारें पे एज यू गो पेंशन योजना पर वापस लौटती हैं, तो पेंशन का बोझ मौजूदा राजस्व पर पड़ेगा। जिसका साफ मतलब होगा कि सरकारों को स्कूलों, अस्पतालों, सड़कों और सिंचाई योजनाओं पर खर्चा कम करना होगा।

### राजस्थान, छत्तीसगढ़ और झारखंड ने ओपीएस की ओर लौटने के बारे में दी है सूचना

राजस्थान, छत्तीसगढ़ और झारखंड की सरकारों ने अपने कर्मचारियों के लिए ओपीएस को फिर से शुरू करने के अपने फैसले के बारे में केंद्र सरकार/ पेंशन फंड नियामक और विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) को सूचित किया है।



पंजाब सरकार ने 18 नवंबर 2022 को एनपीएस के तहत आने वाले राज्य सरकार के कर्मचारियों के लिए ओपीएस के कार्यान्वयन के संबंध में एक अधिसूचना जारी की है। झारखंड ने भी ओपीएस पर लौटने का फैसला किया है।

भारत के बढ़ते चालू खाते के घाटे (सीएडी) के बारे में पूछे गए एक सवाल के जवाब में सुब्बाराव ने कहा कि इस साल की शुरुआत में इस बात को लेकर चिंता थी कि जिंसों की ऊंची कीमतों और निर्यात में नरमी के कारण चालू खाते का घाटा बढ़कर जीडीपी के चार प्रतिशत तक पहुंच जाएगा।

### जींसों की कीमतें नरम पड़ने से चालू खाता घाटे पर दबाव कम हुआ

उन्होंने कहा, हालांकि पिछले कुछ महीनों में दबाव कम हुआ है क्योंकि जिंसों की कीमतें अपने चरम से 15 प्रतिशत तक कम हो गई हैं। उन्होंने कहा कि इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि भारत का सेवा क्षेत्र का निर्यात उल्लेखनीय प्रदर्शन कर रहा है।

वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, भारत का सेवा निर्यात अप्रैल-दिसंबर 2021 के 185 अरब डॉलर से 25 प्रतिशत बढ़कर 2022 की समान अवधि में 185 अरब डॉलर हो गया।

सुब्बाराव ने कहा कि यह वृद्धि व्यापक है और सॉफ्टवेयर के अलावे बीपीओ सेवाओं व आरएंडडी जैसी सेवाओं का भी इसमें योगदान है।


उन्होंने कहा कि यह उम्मीद कि डिजिटलीकरण से उच्च स्तरीय सेवाओं को आउटसोर्स करना भी संभव हो जाएगा और यह मूर्त रूप ले रहा है। उन्होंने कहा, हमें अनुभव से पता चला है कि चालू खाते के घाटे को सुरक्षित सीमा के भीतर बनाए रखना हमारी वृहद आर्थिक स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण रहा है।

### गैरजरूरी आयात रोकना और निर्यात को बढ़ावा देना जरूरी

उन्होंने कहा, इसका मतलब गैर-जरूरी आयात को रोकना और निर्यात को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि आयात पर प्रतिबंध लगाना जैसा कि भारत ने अनुभव से सीखा है एक कुशल समाधान नहीं है। सुब्बाराव ने कहा, अगर हम पाते हैं कि गैर-तेल, गैर-सोने का आयात बढ़ रहा है तो इसका एक कारण उलटा शुल्क ढांचा हो सकता है।

# थ्रिलर फिल्म की शूटिंग पूरी की अनन्या पांडे

-फिल्म का निर्देशन किया है विक्रमादित्य ने



मुंबई (ईएमएस)। हाल ही में अपनी आगामी थ्रिलर फिल्म की शूटिंग बॉलीवुड अभिनेत्री अनन्या पांडे ने पूरी की है। फिल्म का निर्देशन सेक्रेड गेम्स, उड़ान और लुटेरा फेम फिल्मकार विक्रमादित्य मोटवाने ने किया है। मोटवाने ने कहा कि वह अभिनेत्री के प्रशंसक और दोस्त हैं। दोनों ने निखिल द्विवेदी द्वारा निर्मित फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है। अनन्या ने अपने प्रशंसकों और फॉलोअर्स के साथ खबर साझा करने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया। उन्होंने एक तस्वीर पोस्ट की और अवसर के लिए आभार व्यक्त किया।अनन्या ने कहा, फिल्म की शूटिंग खत्म हुई। मोटवाने मैं आपको कभी भी धन्यवाद नहीं दे सकती, लेकिन मुझे उम्मीद है कि मैं आपको हमेशा खुश और गौरवान्वित करना जारी रखूंगी और इस टीम के हर एक सदस्य के लिए, जिन्होंने इस जादुई फिल्म के लिए काफी मेहनत की है। मैं आप लोगों से बहुत प्यार करती हूं और मैं दुनिया को फिल्म देखने का ज्यादा इंतजार नहीं करा सकती। थ्रिलर फिल्म अब पोस्ट-प्रोडक्शन चरण में प्रवेश कर चुकी है। प्रभावशाली कलाकारों और चालक दल के साथ, फिल्म को साल की सबसे प्रत्याशित रिलीज में से एक माना जा रहा है। बता दें कि हाल ही में अनन्या पांडे ने स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2, गहराइयां और लाइगर जैसी फिल्मों में अपने बेहतरीन अभिनय के माध्यम से नई पहचान बनाने में कामयाबी हासिल की है।

# परियों जैसी शादी, मेरी आदर्श इच्छा है

-छोटे परदे की अभिनेत्री काजल चौहान ने कहा



मुंबई (ईएमएस)। वर्तमान में धारावाहिक मेरी सास भूत है में गौरा की भूमिका निभा रही छोटे परदे की अभिनेत्री काजल चौहान ने कहा मैं एक साधारण परीकथा शादी का सपना देखती हूं, जिसमें मुझे एक परी-जैसा लंबा गाउन पहनने को मिलता है जो सुंदर दुल्हन की पोशाक में मेरी उपस्थिति को पूरा करता है, जहां पहाड़ों और फव्वारों के बीच प्रकृति को गले लगाने वाले जंगल में अविस्मरणीय दिन होता है। छोटे परदे की अभिनेत्री काजल चौहान ने परियों की कहानी वाली शादी और जीवन साथी के बारे में अपनी इच्छा साझा की। उन्होंने कहा कि बहुत सारे रंगीन फूलों और सजावट के साथ बड़ा दिन, जहां जुगनुओं की चमक इसे रोमांटिक बना देती है और हमारे दोनों परिवारों, दोस्तों आदि की उपस्थिति में विशेष दिन को प्रभावित करती है। मोल्की की अभिनेत्री ने आगे बताया कि उन्हें किस तरह का साथी चाहिए और वह उनमें क्या गुण देखना चाहती हैं।इसी के बारे में बात करते हुए, उन्होंने आगे कहा : एक परियों की कहानी की शादी की लालसा की तरह, मैं भी आदर्श जीवन साथी की आशा और इच्छा करती हूं, कोई ऐसा जो मेरे परिवार का सम्मान करता है, उसे महत्व देता है, और सबसे ज्यादा प्यार करता है और मुझे जानता है कि मैं कौन हूं। क्योंकि मुझमें थोड़ी बचकानी भावना है, मेरा भावी साथी हमारे रिश्ते को समझने और संतुलित करने के लिए पर्याप्त परिपक्व होना चाहिए। उन्होंने कहा, मैं एक आजीवन साथी की इच्छा रखती हूं जो सभी को शामिल करने वाला, दयालु, हर्षित और मेरी खुशी का स्रोत हो। फिलहाल, मेरी शादी करने की कोई योजना नहीं है, क्योंकि मैं अपने काम में बहुत व्यस्त हूं और अपने करियर पर ध्यान केंद्रित कर रही हूं, लेकिन जब समय आएगा, मैं परी की तरह शादी करना चाहती हूं। मेरी सास भूत है बांग्ला ड्रामा चुन्नी पन्ना का आधिकारिक रीमेक है।

# फिल्म गुलमोहर में नजर आएंगी शर्मिला


- एक्ट्रेस ने खोले पुराने राज




मुंबई (ईएमएस)। मशहूर एक्ट्रेस शर्मिला टैगोर ओटीटी पर रिलीज हो रही फिल्म गुलमोहर में नजर आएंगी। शर्मिला फिर से एक्टिंग की दुनिया में लौट रही हैं। इन दिनों वे शो के प्रमोशन में जुटी हैं। एक इंटरव्यू के दौरान अपने पुराने दिन याद करते हुए बताया कि कलाकार के तौर पर वे फिल्मों का चयन कैसे करती थीं। गुलमोहर डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर 3 मार्च को रिलीज होगी। इसमें शर्मिला के साथ मनोज वाजपेयी और सूरज शर्मा भी नजर आएंगे। फिल्म में शर्मिला ऐसी महिला कुसुम का किरदार निभा रही हैं, जो दिल्ली स्थित अपना बड़ा घर बेचने का मन बना लेती है, जिससे सभी परिवार वाले शॉक्ड रह जाते हैं। इस फैमिली ड्रामा में शर्मिला नए अंदाज में नजर आएंगी। अराधना, चुपके चुपके, अमर प्रेम, अविष्कार, अनुपमा जैसी कई अलग अलग तरह की फिल्में कर चुकीं शर्मिला ने हाल ही फिल्मों के चयन को लेकर बातचीत की। शर्मिला का कहना था, हम प्रोफेशनल हैं और फिल्मों को साइन करने के पीछे कई कारण होते हैं। गुलमोहर को लेकर शर्मिला का कहना है, मुझे लगता है सभी इसे पसंद करेंगे। मैंने इसे तीन बार देखा है और हर बार मैं रोई हूं। फिल्म की कहानी को बेहतरीन तरीके से लिखा गया है। मनोज और सूरज सभी कलाकारों ने अपना बेस्ट दिया है। कई बार हमने सिर्फ रुपये के लिए भी फिल्में साइन की हैं ताकि किराया भर सकें। कई बार अपने साथियों की मदद करने के लिए, फिल्में साइन की हैं ताकि उनका प्रोजेक्ट अच्छे से चल जाए। ऐसे में फिल्में साइन करने के पीछे बहुत से फैक्टर होते हैं। मुख्यतः फिल्म की स्क्रिप्ट ही फिल्में चुनने की वजह हुआ करती थी।

# प्रीती जिंटा की शादी को 7 साल






अभिनेत्री प्रीती जिंटा की जीन गुडइनफ से शादी को सात साल हो गए हैं और उन्होंने इस पर विश्वास नहीं हो रहा है। प्रीती ने इंस्टाग्राम पर एक क्लिप साझा की। वीडियो में वह स्विमिंग पूल में साथ समय बिताते हुए जीन गुडइनफ की आंखों पर हाथ रखे हुए हैं। उन्होंने क्लिप में कई सेल्फी भी खिंचवाईं। प्रीती जिंटा और जीन ने कैमरे की तरफ देखते हुए एक-दूसरे को किस किया। उन्होंने लिखा कि हैप्पी एनिवर्सरी माय लव। यकीन नहीं होता कि हमारी शादी को 7 साल हो गए हैं। यहां ढेर सारी खुशियों और बेहतरीन यादों से भरी कई और सालगिरह हैं। प्रीती और जीन ने 2016 में लॉस एंजिल्स में एक अंतरंग समारोह में शादी की थी। वह 2021 में मां बनीं।

# धार्मिक परिवार में पले-बढ़े लेकिन थे नास्तिक

-आरआरआर के निर्देशक एसएस राजामौली ने कहा



मुंबई (ईएमएस)। आरआरआर के निर्देशक एसएस राजामौली ने कहा कि वह एक बहुत ही धार्मिक परिवार में पले-बढ़े लेकिन वह नास्तिक थे और उनका मानना था कि धर्म अनिवार्य रूप से शोषण है। निर्देशक ने कहा, किसी भी अतिवादी दृष्टिकोण का मैं विरोध करता हूं। मेरे पास किसी भी तरह का छिपा हुआ एजेंडा नहीं है। मैं उन लोगों के लिए फिल्में बनाता हूं जो फिल्म टिकट पर अपनी मेहनत की कमाई देने को तैयार हैं। मुझे यह पसंद है। उनका मनोरंजन करें, उन्हें पात्रों के बारे में, स्थितियों के बारे में नाटकीय महसूस कराएं, अच्छा समय बिताएं, वापस जाएं और अपना जीवन जिएं। जब मैं एक फिल्म देखने जा रहा हूं, तो मैं जीवन से बड़े चरित्र, जीवन से बड़ी स्थिति, जीवन से बड़ा नाटक देखना चाहता हूं। और यही वह है जो मुझे बनाना पसंद है, उन्होंने समझाया। राजामौली ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि नातू नातू सर्वश्रेष्ठ मूल गीत के लिए, ऑस्कर जीतेंगे और कहा, हम जमीन तोड़ रहे हैं, लेकिन मुझे लगता है कि हम बहुत ही श-रूआती, शुरूआती चरणों में हैं। यदि आप (दक्षिण) कोरिया को देखते हैं, उदाहरण के लिए, जिस तरह की पैठ उन्होंने बनाई है। हमें (सभी भारतीय फिल्म निमार्ताओं को) ऐसा करने की आकांक्षा रखनी चाहिए।आरआरआर एक पीरियड ड्रामा है जिसमें जूनियर एनटीआर और राम चरण को क्रमशः आदिवासी नेता कोमाराम भीम और क्रांतिकारी अल्लूरी सीता राम राजू के रूप में दिखाया गया है। स्वतंत्रता-पूर्व भारत में स्थापित काल्पनिक गाथा, उनकी दोस्ती की पड़ताल करती है और उत्पीड़न के खिलाफ उनकी लड़ाई को उजागर करती है। इसके कलाकारों में आलिया भट्ट, अजय देवगन, समुथिरकानी और रे स्टीवेन्सन शामिल हैं। यह 25 मार्च, 2022 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई और दुनिया भर में लगभग 1,200 करोड़ रुपये का कारोबार करने में सफल रही। बता दें कि आरआरआर के निर्देशक एसएस राजामौली ऑस्कर के लिए अमेरिका में हैं और 12 मार्च से पहले विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने में व्यस्त हैं। उन्होंने अब विदेशी मीडिया को एक साक्षात्कार दिया है जहां निर्देशक ने राष्ट्रवादी स्वाद के बारे में बात की जिसके लिए आरआरआर की आलोचना की गई थी।

# शॉर्टकट्र्स के जरिए पैसा कमाती है शहनाज : सोना



मुंबई (ईएमएस)। बालीवुड की सिंगर सोना महापात्रा का कहना है कि शहनाज गिल को थोड़ी रिस्पेक्ट अपनी बहनों के लिए भी दिखानी चाहिए थी, जब उन्होंने मीटू के आरोपी साजिद खान का सपोर्ट किया था। दरअसल, शहनाज गिल का हाल ही में एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें वो अपनी परफर्मिंस के बीच अजान का सम्मान करते हुए कुछ देर के लिए चुप हो गई थीं। उनके इस जेस्चर की लोगों ने काफी तारीफ की थी। लेकिन सोना का शहनाज का ये जेस्चर पसंद नहीं आया और उन्होंने एक्ट्रेस पर कटाक्ष करते हुए एक ट्वीट किया, जिसमें उन्होंने लिखा, ट्विटर पर शहनाज का रिस्पेक्ट वाला एक्ट देख मुझे वो बात याद आ रही है जब उन्होंने कई लड़कियों का यौन उत्पीड़न करने वाले शख्स साजिद खान का खुलेआम समर्थन किया था। अच्छा होता अगर उन्होंने थोड़ी रिस्पेक्ट उस वक्त अपनी बहनों के लिए भी दिखा दी होती। हालांकि, सोना महापात्रा का शहनाज पर हमला उनके प्रशंसकों को अच्छा नहीं लगा और उन्होंने जल्द ही उन्हें बेरहमी से ट्रोल करना शुरू कर दिया। ट्रोलर्स को जवाब देने के लिए सोना महामात्रा ने एक और ट्वीट किया। उन्होंने लिखा, पहले जैकलीन और अब शहनाज के सपोर्ट में खड़े होने वाले ट्रोलर्स को एक बात बताना चाहूंगी। मुझे नहीं पता कि शहनाज के अंदर कौन सा स्पेशल टैलेंट है। छोटे-मोटे रियलिटी शोज वाले फेम के अलावा उनके पास है ही क्या। मैं ऐसी महिलाओं को जानती हूं जो रोल और मनी के लिए ऐसे शॉर्टकट्र्स अपनाती हैं। बता दें, बिग बॉस 16 में जब मीटू के आरोपी फिल्म डायरेक्टर साजिद खान की एंट्री हुई थी, तो लोगों ने उनका खूब विरोध किया था। वहीं, बिग बॉस की पूर्व कंटेस्टेंट रहीं शहनाज गिल ने एक वीडियो संदेश के जरिए साजिद का सपोर्ट किया था। जिसकी वजह से उन्हें काफी ट्रोलिंग का सामना करना पड़ा था और अब सोना महापात्रा ने भी उसी बात को लेकर अब उन पर तंज कसा है। बता दें कि एक्ट्रेस शहनाज गिल पर अपनी टिप्पणियों को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। इंटरनेट पर सना का एक वीडियो सामने आने के बाद सिंगर ने उन पर निशाना साधा, जहां वह अजान के लिए रुकी थीं।

# बिग बी ने शेयर की पुरानी तस्वीर



दिग्गज बॉलीवुड सुपरस्टार अमिताभ बच्चन ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पर खुद के एक तस्वीर शेयर की जिस पर लोगों ने कहा कि वह अपने बेटे अभिषेक की कार्बन कॉपी की तरह दिख रहे हैं। बिग बी ने हाल ही में अपने प्राइम दिनों की एक मोनोक्रोमैटिक तस्वीर पोस्ट की। तस्वीर में बिग बी को सूट पहने और चाय का कप पकड़े देखा जा सकता है। वरिष्ठ अभिनेता ने तस्वीर को कैप्शन दिया, वन्स अपोन ए वेरी लॉन्ग टाइम अगो !! चाय?पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए, गौहर खान ने हार्ट और हाथ उठाने वाले इमोजी पोस्ट किए। लेकिन कमेंट सेक्शन में प्रशंसकों ने जमकर प्रतिक्रिया दी। एक फैन ने लिखा, सुपरस्टार अभिषेक बच्चन लग रहे हैं। एक अन्य व्यक्ति ने कहा, इतने हैंडसम (आप) अभिषेक जैसे दिखते हैं।

# गौरी खान के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज



अभिनेता शाहरुख खान की पत्नी गौरी खान के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। मुंबई के रहने वाले जसवंत शाह ने शिकायत दर्ज कराई थी। शाह ने आरोप लगाया कि जिस कंपनी की गौरी ब्रांड एंबेसडर हैं, वह कंपनी 86 लाख रुपये लेने के बावजूद फ्लैट का कब्जा देने में विफल रही। शिकायतकर्ता का आरोप है कि लखनऊ के सुशांत गोल्फ सिटी इलाके में तुलसियानी गोल्फ व्यू स्थित फ्लैट किसी और को दे दिया गया। गौरी के अलावा, तुलसियानी कंस्ट्रक्शन एंड डेवलपमेंट लिमिटेड के मुख्य प्रबंध निदेशक, अनिल कुमार तुलसियानी और इसके निदेशक महेश तुलसियानी के खिलाफ भी शिकायत दर्ज की गई थी। शिकायतकर्ता ने कहा कि उसने ब्रांड एंबेसडर गौरी खान से प्रभावित होकर फ्लैट खरीदा था। गौरी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 409 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# एक्ट्रेस देबिना को हुआ इन्फ्लूएंजा बी



छोटे परदे की एक्ट्रेस देबिना बनर्जी इन्फ्लूएंजा बी वायरस से संक्रमित हो गई हैं। देबिना की दोनों बेटियां लियाना और दिविशा पूरी तरह से ठीक हैं और ऐसे में एक्ट्रेस उन्हें सुरक्षित रखने का पूरा ख्याल रख रही हैं।ऐसे में वह अपने परिवार से अलग रह रही हैं। इसकी सूचना एक्ट्रेस ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए दी। एक्ट्रेस ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक रिपोर्ट साझा की, जिसमें लिखाः इन्फ्लुएंजा बी वायरस से संक्रमित मम्मा ठीक है! अपने बच्चों से दूर हैं। मातृत्व कुछ भी हो लेकिन आसान है, लक्षणः बुखार और खांसी है। उनके प्रवक्ता ने बताया किः देबिना बनर्जी जो पिछले कुछ दिनों से थोड़ी अस्वस्थ थीं, सावधानी बरत रही हैं, लेकिन जब कोई सुधार नहीं हुआ तो उन्होंने टेस्ट कराया, जिसमें उन्हें इन्फ्लुएंजा बी वायरस का पता चला। वह अब ठीक हो रही है। अच्छे तरह से प्रिकॉशन्स ले रही हैं। अच्छा खा-पी भी रही हैं। साथ ही इस बात का भी पूरा ध्यान दे रही हैं कि बच्चे उनसे दूर रहें।

# दीपिका पादुकोण ने फैंस को दी खुशखबरी, ऑस्कर में संभालेगी बड़ी जिम्मेदारी



फिल्म जगत का सर्वोच्च पुरस्कार ऑस्कर 2023 समारोह जल्द आयोजित किया जाएगा। कुछ दिनों पहले 95वें एकेडमी अवॉर्ड्स के लिए चुनी गई फिल्मों के नामों का ऐलान किया गया था। अब बॉलीवुड की मस्तानी एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर ऑस्कर से जुड़ी खुशखबरी दी है। दीपिका ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर ऑस्कर प्रेजेंटर्स की लिस्ट शेयर की है। इस लिस्ट में दीपिका का नाम भी दिख रहा है। भारतीयों के लिए यह गर्व की बात है। दीपिका अबतक कई ग्लोबल इवेंट्स में हिस्सा ले चुकी हैं। अब जब उन्हें ऑस्कर प्रेजेंटर्स में चुना गया तो हर कोई खुश है। ऑस्कर 2023 में प्रजेंटर्स में रीज अहमद, एमिली ब्लंट, ग्लेन क्लोज, जेनिफर कॉनेली, एरियाना डीबोस, सैमुअल एल जैक्सन, ड्वेन जॉनसन, माइकल बी जॉर्डन, ट्रॉय कोत्सुर, जोनाथन मेजर्स, मेलिसा मैक्कार्थी, जेनेल मोने, दीपिका पादुकोण, क्वेस्टलोव, जो सलदाना शामिल हैं। ऑस्कर 2023 पुरस्कार समारोह 12 मार्च को आयोजित किया गया है। समारोह की मेजबानी कॉमेडियन जिमी किमेल करेंगे। ऐसे में हर कोई ऑस्कर समारोह को लेकर उत्साहित है। ऑस्कर ने 95वें एकेडमी अवा-र्ड्स के लिए चुनी गई फिल्मों के नामों का ऐलान कर दिया है। इस साल ऑस्कर की रेस में भारत से 2 फिल्मों को चुना गया है। यह भारतीय फिल्म जगत के लिए गर्व की बात है। 'छेल्लो शो' को बेस्ट इंटरनेशनल फीचर फिल्म श्रेणी में नामांकित किया गया है। तो आरआरआर के गाने 'नाटू नाटू' को 'मूल सॉन्ग' यानी 'ओरिजिनल सॉन्ग' की कैटेगरी में नॉमिनेट किया गया है। 'छेल्लो शो'' के साथ, 'सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय फीचर फिल्म' श्रेणी की अन्य फिल्मों में 'अर्जेंटीना 1985', 'द क्विट गर्ल', 'द ब्लू काफ्तान' और कुछ अन्य शामिल हैं।

## सूडोकू नवताल- 6360

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 1 | 4 | | |
| | 9 | | | | | 5 | 8 | |
| | | | 7 | 9 | | | | |
| | | | 2 | | | | 6 | 7 |
| 4 | | | | | | | | 3 |
| 5 | 8 | | | | 9 | | | |
| | | | | 8 | 5 | | | |
| | 7 | 6 | | | | | 1 | |
| | | 9 | 3 | | | | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

### सूडोकू नवताल -6359 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 | 5 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 6 | 5 | 9 | 7 | 8 | 1 |
| 6 | 5 | 1 | 8 | 4 | 7 | 2 | 9 | 3 |
| 5 | 1 | 7 | 3 | 9 | 8 | 4 | 6 | 2 |
| 4 | 6 | 8 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 7 |
| 9 | 3 | 2 | 4 | 7 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 1 | 4 | 6 | 9 | 2 | 3 | 5 | 7 | 8 |
| 2 | 9 | 3 | 7 | 8 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 4 | 3 | 2 | 9 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

## शब्दजाल - 7107

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सा | म | मा | यु | वा | प | ना | न | ह | क | रा |
| हा | थि | सू | ह | का | ल | जी | स | ल | का | ज |
| रो | वी | या | द | अं | ल | त | र | म | ल | टी. |
| ड़ | र | दा | ज | ल | क | न | ओ | र | सु | म |
| र | न | क | ष | ल | म | मी | छ | हो | नो | स्ती |
| प | मी | क्शा | स | जि | स्वा | क | प | म | स | क |
| के | ह | बु | की | टी | म | मी | टे | डि | रु | प |
| न | पू | सु | पा | क | पं. | सौ | ल | ली | र | स |
| कं | प | नी | सू | ह | प | ने | ने | व | जी | त |
| म | व | म | ब | फ्रा | दी | र | ह | री | क | थ |
| म | ह | न | प्या | रे | मो | ह | न | ज | ल | वा |

शब्दजाल में विवेक ओबराय की 10 फिल्मों के नाम ढूंढिए.नाम ऊपर से नीचे,दाएं से बाएं एंव तिरछे हो सकते हैं

नक्शा, रोड़, साथिया, कंपनी, युवा, ओमकारा, मस्ती, प्यारे मोहन, होम डिलीवरी, काल,

### शब्दजाल - 7106 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | गो | र | कु | छ | तो | है | म | ला | नी | क्या |
| न | ल | क | ज | इं | डो | ने | ह | क | जी | कु |
| बं | मा | आ | ट | म | न | इ | व | न | ना | ल |
| टी | ल | ल | मा | ज | ल | स | रा | प | सि | है |
| औ | मु | झे | कु | छ | क | ह | ना | है | फ | ह |
| गा | जे | कि | र | य | द | का | म | ल | मे | म |
| य | मा | दे | श | व | ह | स | त | पी | रे | दी |
| ब | दे | क | र्त | न | प | दि | खा | की | लि | श |
| ली | दि | ल | क | ले | दा | र | ल | क | ए | दे |
| क्षि | ज | ति | त | हि | द | ह | मा | ह | ल | र |
| ते | रा | जा | क्या | दि | ल | ने | क | हा | र | म |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग- 6060

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 1 | | 4 | 2 | | 7 |
| | 31 | | 28 | | 30 | 1 |
| | | 7 | 3 | | 2 | |
| 4 | 33 | | 29 | 1 | 31 | 6 |
| 3 | | 1 | | 5 | | |
| | 34 | 6 | 35 | | 40 | 3 |
| 2 | 3 | | 1 | 6 | 7 | |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं.गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

### अष्टयोग 6059 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 |
| 2 | 23 | 1 | 26 | 6 | 40 | 6 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 4 | 32 | 4 | 32 | 4 | 32 | 4 |
| 7 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 | 1 |
| 6 | 47 | 7 | 35 | 7 | 26 | 2 |
| 3 | 7 | 6 | 1 | 2 | 4 | 5 |

Jagrutidaur.com, Bangalore



# अर्जेंटीना में मेसी को ड्रग माफियाओं की धमकी, पत्नी के संबंधियों को निशाना बनाने की कोशिश

**रोजारियो ।**

अर्जेंटीना को विश्व कप जिताने वाले कप्तान लियोनल मेसी को उनके ही देश में जान से मारने की धमकी मिली है। मेसी के गृहनगर रोजारियो में ड्रग माफियों ने बंदूकधारियों से एक सुपरमार्केट में गोलीबारी करवाई है। जिस सुपरमार्केट को निशाना बनाया गया है वह मेसी की पत्नी एंटोलेना रोकूजो के संबंधियों का है। स्थानीय पुलिस ने इस घटना की पुष्टि की है। पुलिस के मुताबिक, सुपरमार्केट पर 14 राउंड फायरिंग हुई है। माफियाओं ने मेसी के लिए एक धमकी भरा नोट भी छोड़ा। जिस पर लिखा था, लियोनल मेसी, हम आपका इंतजार कर रहे हैं। जावकिन एक ड्रग डीलर हैं और वह आपकी देखभाल नहीं करने वाले हैं। पुलिस ने कहा कि इस हमले में किसी की जान नहीं गई है और न ही कोई घायल हुआ है। हालांकि, सुपरमार्केट को काफी नुकसान हुआ है। जानकारी के मुताबिक, पाब्लो जावकिन रोजारियो के मेयर हैं। यह देश का तीसरा सबसे बड़ा शहर है।


**रोजारियो के मेयर ने जताई चिंता**– रोजारियो के मेयर जावकिन ने घटना पर चिंता जताई। उन्होंने हिंसा में वृद्धि, पुलिस और सुरक्षा में कमी को लेकर अपनी बात की। वह लगातार इस मामले को उठा रहे हैं। उन्होंने हाल ही में एक ट्वीट में लिखा था, ब्यूनस आयर्स से रोजारियो 300 किमी दूर है। अपराध को रोकने के लिए हम पर्याप्त उपाय करना चाहते हैं। हमें अर्जेंटीना की देखभाल करनी होगी। इस मामले पर अब तक लियोनल मेसी और उनकी पत्नी एंटोनेला ने कोई बयान नहीं दिया है। मेयर जावकिन ने रोजारियो शहर में संगठित अपराध को रोकने में विफल रहने के लिए सुरक्षा बलों को दोषी ठहराया। उन्होंने कहा कि उन्होंने मेसी की पत्नी के परिवार से बात की और कहा कि वे चिंतित हैं। जिस सुपरमार्केट पर हमला हुआ था, उसके बाहर जावकिन ने संवाददाताओं से कहा, मैंने रोकूजो से बात की और वे चिंतित हैं।

**1986 के बाद चैंपियन बनी थी अर्जेंटीना** – लियोनल मेसी की कप्तानी अर्जेंटीना की टीम 1986 के बाद फुटबॉल विश्व कप में चैंपियन बनी थी। अर्जेंटीना और फ्रांस के बीच फाइनल मैच काफी रोमांचक रहा था। निर्धारित समय तक 3-3 की बराबरी के बाद मैच का नतीजा पेनल्टी शूटआउट में आया था। अर्जेंटीना के लिए लियोनल मेसी ने दो दागे थे। एंजेल डी मारिया ने एक गोल किया था। वहीं, फ्रांस के लिए किलियन एम्बाप्पे ने तीन गोल किए थे। पेनल्टी शूटआउट में अर्जेंटीना ने 4-2 से जीत हासिल की थी।

**मेसी ने साथियों के लिए मंगाए सोने के आईफोन** – मेसी ने विश्व कप जीतने की खुशी में टीम के साथियों और सपोर्ट स्टाफ को गिफ्ट देने का फैसला किया। उन्होंने सभी सदस्यों के लिए 35 सोने के आईफोन मंगाए हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### अंतिम क्षणों में गोल से यूनाइटेड एफए कप के क्वार्टर फाइनल में, ईपीएल में आर्सनल ने एवर्टन को हराया



**लंदन ।** मैनचेस्टर यूनाइटेड ने एक सत्र में अपने चार खिताब जीतने की उम्मीदों को कायम रखा है। लीग कप जीतने के बाद यूनाइटेड ने एफए कप के प्री क्वार्टर फाइनल में वेस्टहैम को अंतिम क्षणों में किए गए गोलों की मदद से 3-1 से पराजित कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया, जहां उसका मुकाबला फुलहम से होगा। डच कोच एरिक टेन हैग की कोचिंग में मैनचेस्टर ने अपने स्वप्निल सफर को जारी रखा है। हालांकि, एक समय ऐसा लग रहा था कि उसका एक सत्र में चार खिताब जीतने के सपना टूटने वाला है। खेल के 77वें मिनट तक वेस्टहैम की टीम 1-0 की बढ़त पर थी। बेनहरमा ने अपनी घूमती हुई किक से वेस्टहैम को 54वें मिनट में बढ़त दिलाई थी। हालांकि, ब्राजीली कैसेमीरो ने गोल किया, लेकिन वार ने इसे ऑफसाइड करार दिया। 77वें मिनट में यूनाइटेड की किस्मत खुली। वेस्टहैम के नायेफ एगुआर्ड का हेडर गोल में चला गया। इस आत्मघाती गोल की बदौलत मैनचेस्टर ने 1-1 की बराबरी कर ली। मुकाबला बराबरी पर छूटता दिखाई दे रहा था, लेकिन 90वें मिनट में एलेजांद्रो गारनाशो ने गोल कर यूनाइटेड को 2-1 की बढ़त दिला दी। स्टापेज समय के पांचवें मिनट में स्थानापन्न फ्रेडरिको ने गोलकर यूनाइटेड की जीत 3-1 से पक्की कर दी। टेन हैग ने जीत केबाद कहा कि टीम ने अंत तक हार नहीं मानने वाली इच्छाशक्ति का प्रदर्शन किया और मुकाबले को अपने पक्ष में किया। एफए कप के अंतिम-16 के मैच में चतुर्थ डिवीजन की ग्रिमस्बी ने आश्चर्यजनक परिणाम निकालते हुए शीर्ष डिवीजन में शामिल साउथंप्टन को 2-1 से हराकर अंतिम आठ में प्रवेश कर लिया। दोनों गोल गेवन होलोहान ने पेनाल्टी पर किए। 1939 के बाद पहली बार ग्रिमस्बी एफए कप के क्वार्टर फाइनल में पहुंचा है, जहां उसकी भिड़ंत ब्राइटन से होगी। मैनचेस्टर सिटी अंतिम 8 में बर्नली से होगा। ब्लैकबर्न और शेफील्ड यूनाइटेड के बीच होने वाले क्वार्टर फाइनल से तय हो गया है कि एफए कप के सेमीफाइनल में एक टीम दूसरे डिवीजन की होगी।

### ऋषभ होते तो लायन और कुह्नमैन को की होती जमकर पिटाई : कनेरिया

**लाहौर ।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व स्पिनर दानिश कनेरिया ने कहा कि अगर आक्रामक



विकेटीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज में होते तो स्पिनर नाथन लायन और मैट कुह्नमैन को नहीं छोड़ते। ऋषभ दिसंबर माह में हुए कार हादसे के बाद से ही खेल से दूर हैं और ऐसे में उनकी कमी प्रशंसकों को खल रही है। ऋषभ का टेस्ट में शानदार रिकार्ड रहा है। ऑस्ट्रेलिया ओर इंग्लैंड में भी इस बल्लेबाजी ने शतक लगाये हैं। स्पिनर कुह्नमैन ने तीसरे टेस्ट में भारतीय बल्लेबाजों पर अंकुश लगा दिया था। बाएं हाथ के इस स्पिनर ने पहली बार पारी में 5 विकेट लिए जबकि लायन ने तीन विकेट लिए थे। वहीं दूसरी पारी में लायन ने अकेले ही भारतीय पारी को समेट दिया था। लायन ने दूसरी पारी में सात खिलाड़ियों को पेवेलियन भेजा था। कनेरिया ने कहा, अगर आप ऋषभ से पूछेंगे कि इन स्पिनरों के खिलाफ कैसे बल्लेबाजी करनी है, तो वह आपको अपने पैरों का उपयोग करने, गेंद की पिच पर पहुंचने और गेंद को दूर तक मारने के लिए कहेंगे। अगर वह वहां होता, तो वह लायन और कुह्नमैन को नहीं बख्शता। यह दोनो ही गेंदबाज अपनी लैंथ बदलने को मजबूर हो गये होते। कनेरिया ने भारतीय बल्लेबाजों की आलोचना करते हुए कहा कि उन्होंने अनावश्यक स्ट्रोक खेलकर अपने विकेट गंवाये। इससे ऑस्ट्रेलियाई टी को हावी होने का अवसर मिल गया। साथ ही कहा कि अगर भारतीय टीम ठीक से बल्लेबाजी करती तो 250 से 300 रन बन सकते थे।

### जस्विन ने इंडिया ओपन में स्वर्ण जीतने के साथ ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया

**विजयनगर ।** तमिलनानाडु के एथलीट जस्विन एल्ड्रिन ने इंडिया ओपन थ्रो एंड जम्प प्रतियोगिता की लंबी कूद स्पर्धा में 8.42 मीटर की छलांग लगाकर पुरुषों वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। जस्विन ने इसी के साथ ही मुरली श्रीशंकर के 8.36 मीटर के रिकार्ड को तोड़ा। वहीं केरल के मुहम्मद यहिया ने 7.85 मीटर की छलांग लगाकर दूसरा स्थान हासिल करने के साथ ही रजत पर कब्जा किया जबकि ऋषभ ऋषिश्वर को 7.77 मीटर की छलांग के साथ ही कांस्य पदक ही मिल पाया। जस्विन ने पहले प्रयास में 8.05 मीटर की छलांग लगायी। उन्होंने दूसरे प्रयास में 8.26 मीटर की छलांग जबकि तीसरे में 8.42 मीटर की छलांग लगाकर राष्ट्रीय रिकार्ड बजाया। तमिलनाडु के जस्विन की अब तक की सर्वश्रेष्ठ छलांग 8.26 मीटर की रही थी।

## इंदौर टेस्ट में भारत की शर्मनाक हार

# ऑस्ट्रेलिया ने 76 रन का टारगेट 76 मिनट में हासिल कर लिया, 9 विकेट से जीते

**इंदौर।**

इंदौर टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ने गुरुवार को भारत को 9 विकेट से हरा दिया। भारत ने 76 रन का टारगेट दिया था, जिसे ऑस्ट्रेलिया ने खेल शुरू होने के 76 मिनट में ही हासिल कर लिया है। ट्रेविस हेड ने 49 रन की पारी खेली।इस जीत से कंगारू टीम ने चार मुकाबलों की सीरीज में 2-1 की वापसी की। सीरीज का आखिरी मुकाबला 9 से 13 मार्च तक अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम पर खेला जाएगा। हार के बाद भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा- स्पिन फ्रेंडली पिच पर खेलने का फैसला टीम का था। हम जानते थे यह हमारे बल्लेबाजों के लिए भी चैलेंजिंग होगा, लेकिन हम इसके लिए तैयार थे, हालांकि पहली पारी में भारतीय बल्लेबाज अच्छी बैटिंग नहीं कर सके।

**बॉल बदलते ही पलटी बाजी** - तीसरे दिन शुक्रवार को मेहमान टीम को 76 रनों का छोटा-सा टारगेट मिला था, हालांकि अश्विन ने दिन की दूसरी ही बॉल पर उस्मान ख्वाजा को शून्य पर आउटकर भारतीय फैंस की उम्मीदें जगा दीं। भारतीय स्पिनर्स शुरू के 11 ओवर प्रभावी भी रहे, लेकिन 12वें ओवर में बॉल बदलते ही परिस्थितियां बदल गईं। इससे पहले कंगारुओं ने 13 रन बनाए थे। नई बॉल पर ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों ने 7 ओवर में शेष 63 रन बना डाले। मार्नस लाबुशेन ने अश्विन की बॉल पर चौका जमाकर टीम को जिमाया। ट्रेविस हेड 49 और मार्नस लाबुशेन 28 नाबाद रहे। इससे पहले, भारत ने दूसरी पारी में 163 रन बनाते हुए 75 रनों की बढ़त ली थी, जबकि ऑस्ट्रेलिया 197 रन बनाकर पहली पारी में 88 रनों से आगे था। भारत पहली पारी में 109 रन पर सिमट गया था।

**दूसरी पारी में ऐसे गिरा ऑस्ट्रेलिया का पहला विकेट**

पहला: ओपनर उस्मान ख्वाजा को दिन की दूसरी ही बॉल पर आउट हुए। उन्हें अश्विन ने केएस भरत के हाथों कैच कराया।

**अब दिन के हिसाब से देखिए मैच का रोमांच**

दूसरे दिन 163 रन पर सिमटी भारत की दूसरी पारी, 16 विकेट गिरे दूसरे दिन भारत की दूसरी पारी 163 रनों



पर समाप्त हो गई। चेतेश्वर पुजारा ने सबसे ज्यादा 59 रन बनाए, वहीं श्रेयस अय्यर 26, रविचंद्रन अश्विन 16, विराट कोहली 13 और रोहित शर्मा 12 रन ही बना सके। ऑस्ट्रेलिया से नाथन लायन ने सबसे ज्यादा 8 विकेट लिए। इससे पहले, ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी 197 रनों पर समाप्त हुई। टीम ने ऑस्ट्रेलिया ने 156/4 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। ओपनर उस्मान ख्वाजा ने 60 रनों की पारी खेली थी। मार्नस लाबुशेन ने 26 और कप्तान स्टीव स्मिथ ने 21 रन बनाए।

**ऑस्ट्रेलिया को 47 रनों की बढ़त** – इंदौर टेस्ट का पहला दिन कंगारुओं के नाम रहा। इस दिन भारतीय टीम पहली पारी में 109 रन पर सिमट गई। फिर ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में चार विकेट पर 156 रन बनाते हुए 47 रनों की बढ़त ली। रवींद्र जडेजा ने चारों विकेट लिए। उनके इंटरनेशनल क्रिकेट में 500 विकेट हो गए हैं। वे 500+ विकेट लेने वाले 7वें भारतीय गेंदबाज बने।

**पहली पारी में ऐसे गिरे ऑस्ट्रेलिया के विकेट**

पहला : ट्रेविस हेड को रवींद्र जडेजा ने आउट कर दिया। दूसरा : रवींद्र जडेजा ने लाबुशेन को बोल्ड कर दिया। तीसरा : रवींद्र जडेजा ने उस्मान ख्वाजा को डीप मिडविकेट बाउंड्री पर गिल के हाथों कैच कराया। चौथा : रवींद्र जडेजा ने स्टीव स्मिथ को केएस भरत के हाथों कैच कराया। पांचवां : रविचंद्रन अश्विन ने पीटर हैंड्सकॉम्ब को शार्ट लेग में श्रेयस अय्यर के हाथों कैच कराया। छठा : उमेश यादव ने कैमरून ग्रीन को आउट कर दिया। सातवां : उमेश यादव ने मिचेल स्टार्क को क्लीन बोल्ड कर दिया। आठवां : अश्विन ने एलेक्स कैरी को आउट कर दिया है। नौवां : उमेश यादव ने टॉड मर्फी को बोल्ड कर दिया। दसवां : नाथन लायन को अश्विन ने बोल्ड कर दिया।

**पहली पारी में ऐसे गिरे टीम इंडिया के विकेट**

पहला: छठे ओवर की आखिरी बॉल को रोहित शर्मा आगे निकलकर बड़ा शॉट खेलना चाहते थे, लेकिन मैथ्यू कुहनेमन की बॉल ऑफ स्टंप के बाहर निकली और रोहित चूक गए और उन्हें एलेक्स कैरी ने उन्हें स्टंपिंग कर दिया। दूसरा : मैथ्यू कुहनेमन की बॉल गिल के बल्ले का बाहरी किनारा छूकर कीपर के हाथ में गई। तीसरा : नौवें ओवर की दूसरी बॉल में नाथन लायन ने चेतेश्वर पुजारा को क्लीन बोल्ड कर दिया। चौथा : नाथन लायन की बॉल पर कुहनेमन ने जडेजा को शार्ट एक्स्ट्रा कवर में कैच किया। पांचवां : कुहनेमन को तीसरा विकेट मिला। धीमी पिच पर बॉल बैट का इनर एज लेकर स्टंप्स से लगी। छठा : विराट कोहली टॉड मर्फी की बॉल पर आउट हो गए। सातवां : 26वें ओवर की आखिरी बॉल पर नाथन लायन ने श्रीकर भरत को आउट कर दिया। आठवां : ऑफ स्टंप के बाहर जाती कुहनेमन की बॉल अश्विन का बैट छूकर एलेक्स कैरी के दस्तानों में चली गई। नौवां : उमेश यादव को कुहनेम ने आउट कर दिया। यह कुहनेमन का 5वां विकेट था। दसवां : मोहम्मद सिराज रन आउट हो गए। टीम इंडिया ने दो बदलाव किए हैं। केएल राहुल की जगह शुभमन गिल को मौका दिया गया है। वहीं, तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की जगह उमेश यादव टीम में शामिल किए गए हैं।

**दोनों टीमों की प्लेइंग-11...**

**भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, चेतेश्वर पुजारा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएस भरत (विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा, रविचंद्रन अश्विन, अक्षर पटेल, उमेश यादव और मोहम्मद सिराज।

**ऑस्ट्रेलिया :** स्टीव स्मिथ (कप्तान), ट्रेविस हेड, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, स्टीव स्मिथ, पीटर हैंड्सकम्ब, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), कैमरून ग्रीन, मिचेल स्टार्क, नाथन लायन, टॉड मर्फी और मैथ्यू कुहनेमन।

# भारतीय पुरुष हॉकी टीम के नए कोच की घोषणा, दक्षिण अफ्रीका के क्रेग फुल्टन को मिली जिम्मेदारी



**नई दिल्ली ।**

हॉकी इंडिया भारतीय पुरुष हॉकी टीम के नए कोच की नाम की घोषणा कर दी है। हॉकी इंडिया ने बताया कि दक्षिण अफ्रीका के क्रेग फुल्टन मुख्य कोच की जिम्मेदारी संभालेंगे। भारत 10 मार्च से एफआईएच हॉकी प्रो लीग में उतरेगा। उससे पहले फुल्टन के नाम पर मुहर लगी है। 48 वर्षीय कोच के सामने टीम इंडिया को एकजुट करने की चुनौती होगी। वह ग्राहम रीड के इस्तीफे के बाद भारत के कोच बनाए गए हैं। क्रेग फुल्टन के पास कोचिंग में 25 सालों का अनुभव है। वह औपचारिकताएं पूरी कर जल्द से जल्द टीम से जुड़ेंगे। नेतृत्व में विश्वास रखने वाले फुल्टन ने अपनी पिछली भूमिकाओं में शानदार परिणाम दिए हैं। उनका नाम चर्चा में 2014 से 2018 के बीच में आया था। तब वह आयरलैंड की टीम के कोच थे। उनकी कोचिंग में आयरिश पुरुष टीम ने 2016 ओलंपिक खेलों के लिए क्वालीफाई किया था। 100 सालों में पहली बार आयरिश टीम ओलंपिक में शामिल हुई थी। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के बाद उन्हें 2015 में एफआईएच कोच ऑफ द ईयर भी चुना गया था। इसके बाद उन्होंने तत्कालीन ओलंपिक चैंपियन बेल्जियम के साथ सहायक कोच के रूप में काम किया। तब बेल्जियम की टीम ने टोक्यो में स्वर्ण पदक जीता था। वह उस बेल्जियम टीम के कोचिंग स्टाफ का भी हिस्सा थे, जिसने भुवनेश्वर में 2018 में विश्व कप जीता था। बेल्जियम लीग जीतने वाली बेल्जियम क्लब को कोचिंग देने के बाद उन्हें 2023 में बेल्जियम का बेस्ट कोच घोषित किया गया था। विश्व हॉकी में बेल्जियम की राष्ट्रीय टीम के शानदार प्रदर्शन में उनका योगदान काफी रहा। टीम 2018 में पांचवें स्थान पर थी। अब वह तीसरे पायदान पर काबिज है। दक्षिण अफ्रीकी टीम के साथ एक हॉकी खिलाड़ी के रूप में फुल्टन ने शानदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने 10 सालों में 195 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले थे। उन्होंने अटलांटा ओलंपिक 1996 और एथेंस ओलंपिक 2004 में अपनी घरेलू टीम दक्षिण अफ्रीका के लिए खेला है।

# स्टोक्स की आईपीएल खेलने से एशेज के लिए फिटनेस प्रभावित नहीं होगी: मैकुलम

**वेलिंगटन ।**

इंग्लैंड क्रिकेट टीम के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम ने कहा है कि इसी माह शुरु हो रहे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खेलने से ऑलराउंडर बेन स्टोक्स की फिटनेस प्रभावित नहीं होगी और न ही उनके एशेज खेलने पर संकट आयेगा। मैकुलम ने कहा कि जिस टीम चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) से स्टोक्स खेलने जा रहे हैं वह अपने खिलाड़ियों की पूरी देखभाल करती है। स्टोक्स की फिटनेस को लेकर संदेह इसलिए भी उठ रहा है क्योंकि उनके घुटने में बार-बार दर्द उभर जाता है। इसी कारण वह न्यूजीलैंड के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला में केवल नौ ओवर ही गेंदबाजी कर पाये थे। वह दूसरे टेस्ट में बल्लेबाजी के दौरान भी परेशान दिखे थे। इस सब के बाद भी मैकुलम यह नहीं मानते कि आईपीएल खेलने से इस ऑलराउंडर की फिटनेस खतरे में पड़ जाएगी। उन्होंने कहा , 'मुझे नहीं लगता कि वह आईपीएल खेलकर इसे खतरे में डाल रहे हैं। सीएसके अपने खिलाड़ियों की देखभाल करने के मामले में काफी अच्छी है।

उनके पास एक बहुत अच्छी चिकित्सा टीम है जो सभी का ख्याल रखती है। उन्होंने कहा, 'स्टोक्स मानसिक रूप से काफी मजबूत है और वह जानता है कि बड़े पलों के लिए कैसे सही होना है। उसका जीवन ऐसा ही रहा है इसलिए मुझे उसकी कोई चिंता नहीं है। स्टोक्स आईपीएल में इस बार नीलामी में तीसरे सबसे महंगे खिलाड़ी हैं। सीएसके ने उन्हें 16.25 करोड़ रुपए



में खरीदा है। आईपीएल 31 मार्च से शुरू होने वाली है और इसमें पहला मुकाबला अहमदाबाद में सीएसके और गत चैंपियन गुजरात टाइटंस के बीच खेला जाएगा। यह टूर्नामेंट 28 मई तक चलेगा जबकि एशेज सीरीज 16 जून से एजबेस्टन में शुरू होगी। स्टोक्स की कप्तानी में इंग्लैंड 2015 के बाद पहली बार यह श्रृंखला जीतना चाहेगा। वहीं इंग्लैंड की एशेज विजेता टीम के सदस्य रहे पूर्व कप्तान माइकल वॉन और स्टीव हार्मिसन ने कहा है कि स्टोक्स को आईपीएल नहीं खेलना चाहिये। वहीं मैकुलम इस ऑलराउंडर को बिना किसी चिंता के आईपीएल खेलते हुए देखना चाहते हैं।

# मजदूर पिता व मां ने लिया उधार, बेटा विदेश जाकर जीत लाया मेडल, लौटने पर भव्य स्वागत

**रुद्रपुर।**

थाईलैंड में आयोजित जु-जित्सू एशियन चैंपियनशिप देश भर से छह खिलाड़ियों ने कांस्य पदक जीतकर नाम रोशन किया है। इसमें तीन उत्तराखंड से हैं। रुद्रपुर निवासी जयप्रकाश ऐसे खिलाड़ी हैं जिनके पिता मजदूरी करते हैं और बेटे को विदेश भेजने के लिए 90 हजार रुपये जुटाना उनके लिए मुश्किल था। फिर खेल प्रेमी आगे आए और मदद जुटाई। मां ने भी महिला समूह से रुपये उधार लेकर बेटे को रवाना किया। आखिरकार जयप्रकाश ने अपनी प्रतिभा के बूते बेहतरीन कर कांस्य पदक जीतकर दिखा दिया।

**30 देशों के 500 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया** – बैंकाक (थाइलैंड) में 24 से 28 फरवरी तक जु-जित्सू एशियन चैंपियशिप हुई। जु-जित्सू एसोसिएशन आफ इंडिया के अध्यक्ष रेंशी विनय कुमार जोशी ने बताया कि जु-जित्सू इंटरनेशनल फेडरेशन व जु-जित्सू एशियन यूनियन की तरफ से आयोजित प्रतियोगिता में एशिया के 30 देशों के 500 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया था। भारत से 34 खिलाड़ी बैंकाक पहुंचे थे। इसमें उत्तराखंड से रुद्रपुर के बुक्सौरा गांव निवासी जयप्रकाश, हल्द्वानी की नव्या पांडेय और



आदर्श शर्मा ने बेहतरीन प्रदर्शन कर कांस्य पदक जीता। विजेता खिलाड़ियों को चीन के होंगझाऊ शहर में आयोजित होने वाले एशियन गेम्स में शामिल किया जाएगा।

**खेल प्रेमियों ने जुटाई रकम, मां ने तीन प्रतिशत ब्याज पर उधार ली रकम** – कांस्य पदक विजेता 19 वर्षीय जय प्रकाश ने बताया कि उनके घर की आर्थिक स्थिति सही नहीं है। पिता प्रेम चंद्र दिहाड़ी में मजदूरी करते हैं। जब प्रतियोगिता के लिए बैंकाक जाने की बारी आई तो उनके पास रुपये नहीं थे। करीब 90 हजार रुपये की जरूरत थी। मां मीना देवी ने गांव बुक्सौरा में महिला स्वयं सहायता समूह से और कुछ अन्य जान पहचान वालों से तीन प्रतिशत ब्याज पर रुपये उधार लिए। मगर इतने से भी काम नहीं चलने वाला था। उन्हें लगने लगा था कि वह प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। इसके बावजूद साथी खिलाड़ियों, कोच ऋषिपाल भारती व खेल प्रेमियों ने हौसला दिया। कोच की ओर से भी इंटरनेट मीडिया पर बैंक अकाउंट देकर मदद की अपील की गई थी जिससे करीब 40 हजार रुपये की मदद मिली। जिला जु-जित्सू संघ के अध्यक्ष भारत भूषण चुघ ने भी प्रोत्साहित किया। आखिरकार 56 किलो भार वर्ग में जय प्रकाश ने पदक जीतकर दिखा दिया कि प्रतिभा हो तो रास्ते भी निकल आते हैं और मंजिल भी मिलती है। जु-जित्सु एशियन चैंपियनशिप में हल्द्वानी के आदर्श शर्मा और नव्या पांडे ने कांस्य पदक जीत कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। हल्द्वानी पहुंचने पर मिनी स्टेडियम में जिला क्रीड़ा अधिकारी राशिका सिद्दीकी ने इनका स्वागत किया। जु-जित्सु एसोसिएशन आफ इंडिया के अध्यक्ष विनय जोशी ने बताया कि आदर्श शर्मा ने 94 किलोग्राम कांटेक्ट फाइटिंग व नव्या पांडे ने 45 किलोग्राम कांटेक्ट फाइटिंग इवेंट में कांस्य पदक जीता।

## महिला इंग्लिश क्रिकेटर ने प्रेमिका संग सगाई की

# कभी विराट कोहली को किया था प्रपोज, अब विमेंस फुटबॉल मैनेजर से करेंगी शादी

**इंदौर।**

इंग्लैंड की महिला क्रिकेटर डैनी व्याट ने विमेंस फुटबॉल मैनेजर जॉर्जी हॉज से सगाई कर ली है। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी प्रेमिका से सगाई करने की जानकारी शेयर की। व्याट लंबे समय से इंग्लैंड के लिए इंटरनेशनल क्रिकेट खेल रही हैं। वह पिछले दिनों साउथ अफ्रीका में खत्म हुए टी-20 वर्ल्ड कप में भी टीम का हिस्सा थीं।

**सगाई की** –व्याट ने जॉर्जी से 2 मार्च को सगाई करने के बाद रात करीब 9 बजे सोशल मीडिया पर फोटो पोस्ट की। इस फोटो में दोनों एक-दूसरे किस कर रही हैं। फोटो में जॉर्जी अपनी रिंग फिंगर में पहनी हुई रिंग दिखाते नजर आईं। फोटो के साथ व्याट ने कैप्शन में लिखा, माइन फोरेवर यानी हमेशा के लिए मेरी। असोसिएशन में विमेंस फुटबॉल टीम की हेड मैनेजर हैं। वह विमेंस फुटबॉल टीम को मैनेज करने के साथ टीम स्ट्रैटजी और प्लानिंग का भी ध्यान रखती हैं।

**साउथ अफ्रीका में ही हैं व्याट** - व्याट ने साउथ अफ्रीका के केप टाउन से अपनी सगाई की फोटो पोस्ट की। यानी वे इस वक्त साउथ अफ्रीका



में ही हैं। जहां उन्होंने पिछले दिनों विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप खेला था। उनकी टीम सेमीफाइनल में मेजबान साउथ अफ्रीका से हार कर ही फाइनल में प्रवेश नहीं कर सकी थी। यह मैच 24 फरवरी को खेला गया था और अब 2 मार्च को व्याट ने सगाई की फोटो पोस्ट कर दी।

**विराट कोहली को किया था प्रपोज** - 31 साल की व्याट ने 2014 में एक ट्वीटर पोस्ट के जरिए भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली को प्रपोज किया था। उन्होंने ट्विटर पोस्ट के जरिए कोहली मैरी मी यानी विराट कोहली मुझसे शादी कर लो, लिखा था। तब वे 22 साल की थीं और उन्होंने कहा था कि ये बस एक मजाकिया ट्वीट था, उससे ज्यादा कुछ नहीं। विराट ने इंग्लैंड में एक मैच के दौरान डैनी के साथ फोटो भी खिंचवाई थी। व्याट ने अब सगाई की है, वहीं कोहली ने 2017 में बॉलीवुड एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा से शादी कर ली थी।

**विमेंस प्रीमियर लीग का हिस्सा नहीं होंगी व्याट** - डैनी व्याट भारत में पहली बार हो रही विमेंस प्रीमियर लीग का हिस्सा नहीं होंगी। उन्होंने विमेंस प्रीमियर लीग ऑक्शन में हिस्सा लिया था, लेकिन उन्हें कोई खरीदार ही नहीं मिला। इस कारण वे विमेंस प्रीमियर लीग नहीं खेलेंगी। व्याट टॉप ऑर्डर बैटर हैं और जरूरत पड़ने पर ऑफ स्पिन बॉलिंग भी कर लेती हैं। उन्होंने विमेंस बिग बैश और विमेंस द हंड्रेंड टूर्नामेंट खेला है। विमेंस प्रीमियर लीग में सेलेक्ट नहीं होने के बाद उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए लिखा था कि लीग में सेलेक्ट नहीं होने के बाद उनका दिल टूट गया। उन्हें उम्मीद थी कि कोई टीम उन्हें जरूर खरीदेगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। खैर, उनके विमेंस प्रीमियर लीग खेलने के दरवाजे पूरी तरह बंद नहीं हुए हैं। वे किसी इंजर्ड प्लेयर के रिप्लेसमेंट के रूप में शामिल हो कर टूर्नामेंट खेल सकती हैं।

**इंग्लैंड के लिए जड़े हैं 4 शतक** - लीग क्रिकेट खेलने के अलावा व्याट ने 2010 में इंग्लैंड के लिए वनडे और टी-20 इंटरनेशनल डेब्यू कर लिया था। इंग्लैंड के लिए 102 वनडे में उन्होंने 2 शतक के सहारे 1776 रन बनाए हैं। वहीं, 143 टी-20 में भी उन्होंने 2 शतक जड़े हैं। टी-20 में उनके नाम 125.21 के स्ट्राइक रेट से 2369 रन हैं। शुरुआती दौर में मिडिल ऑर्डर के बाद 2017 से उन्होंने ओपनिंग करनी शुरू की और इसी पोजीशन पर उन्होंने इंग्लैंड के लिए काफी रन भी बनाए।

## घर में इन जगहों पर रखें बांसुरी, मिलेंगे ये 5 फायदे

भगवान कृष्ण को प्रिय है बांसुरी। कहा जाता है कि भगवान कृष्ण इसे हरदम अपने साथ रखते थे। बांसुरी से घर का वास्तुदोष भी दूर होता है। इससे घर में धन आगम बढ़ता है और घर में सकारात्मकता आती है। वास्तु के अनुसार मानें तो इसे अगर घर में सही जगह पर रखा जाए तो घर में कभी-भी धन की कमी नहीं होती है। आज हम आपको बता रहे हैं बांसुरी के ऐसे ही उपायों के बारे में। आगे की स्लाइड में पढ़ें इन टिप्स के बारे में : अपने घर के मुख्य द्वार के पास पीली रंग की बांसुरी रखनी चाहिए. कहा जाता है कि इससे परिवार के लोगों को व्यापार, नौकरी में मुनाफा होता है। अगर परिवार के सदस्यों के बनते काम बिगड़ जाते हों तो घर में हमेशा मोरपंख लगी बांसुरी रखनी चाहिए। इससे जो भी अटका हुआ काम है वह बन जाएगा। घर में बच्चों और खासकर पढ़ने वाले बच्चों के कमरे में सफेद रंग की बांसुरी रखनी चाहिए। परिवार को किसी भी नाकारात्मक ऊर्जा से बचाने के लिए घर में काली रंगकी बांसुरी रखें। पति-पत्नी को कमरे में हरे रंग की बांसुरी कई छुपा कर रखनी चाहिए। कहा जाता है कि इससे पति-पत्नी में प्यार बढ़ता है।

## ये तरीके अपनाइए, नहीं भूलेंगी पानी पीना



सेहतमंद जिंदगी जीने के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी पीना बहुत जरूरी है। पर, अकसर हम यही जरूरी काम करने में कोताही बरतते हैं। कैसे भरपूर मात्रा में पिएं हर दिन पानी, आइए जानें:
अब स्मार्टफोन हर किसी के पास होता है। कई ऐसे एप्स हैं, जो पानी पीने के लिए आपको नियमित अंतराल पर याद दिलाने का काम कर सकते हैं। इसी तरह का कोई एप अपने फोन में डाउनलोड कर लें। अगर आप पानी बहुत ही कम पीती हैं तो हर दिन खास मात्रा में पानी पीने का लक्ष्य तय करें। अपने लिए कोई छोटा-सा पुरस्कार या सजा तय करें। आप चाहें तो इस वॉटर चैलेंज में अपनी किसी दोस्त या सहकर्मी को भी शामिल कर सकती हैं। खीरा, टमाटर, तरबूज और खरबूज जैसे पानी से भरपूर खाद्य पदार्थ को अपनी डाइट का नियमित हिस्सा बनाएं। शरीर से पसीना निकलने वाला कोई भी काम जैसे व्यायाम या घर की साफ-सफाई आदि करने के बाद तुरंत पानी पिएं ताकि शरीर में पानी की कमी न हो। वॉशरूम से लौटने के बाद भी पानी जरूर पिएं। इसे अपनी आदत का हिस्सा बनाएं ताकि आपको शरीर में पानी की कमी के कारण किसी परेशानी का सामना न करना पड़े।

### होम डेकोरेशन

## बेकार खिलौनों से सजाएं घर का आंगन



**बच्चे हर समय नए-नए खिलौनें खरीदने की फरमाइश में लगे रहते हैं। वह या तो पहले खिलौनों से खेल कर ऊब जाते हैं या फिर उनको तोड़ देते हैं। इतने मंहगे खिलौने को बेकार फैकने की बजाएं,इनसे आंगन को सजाया जा सकता है। इनमें मिट्टी भर कर छोटे-छोटे पौधे लगाएं जा सकते हैं।**

आप चाहें तो इन पर अपनी पसंद के रंग भी कर सकते हैं। इन खिलौनों में पौधे लगाकर बालकोनी, आंगन, सीढियों या फिर किचन को और भी खूबसूरत बनाया जा सकता है।

खिलौना कार, बेकार चेयर या फिर ऐसे और भी खिलौनों का बखूबी इस्तेमाल करके घर को सजाया जा सकता है। रंग-बिरंगे छोटे पौधों वाले फूल, जिनमें पानी की भी कम जरूरत होती है वह इन खिलौनों में लगा कर बच्चों को पौधों की देखभाल करनी भी सिखाई जा सकती है। इससे बेकार पड़े खिलौने भी इस्तेमाल हो जाएंगे और घर का वातावरण भी शुद्ध हो जाएगा।

आप इसके लिए बेकार पड़े टायर, बच्चों के पुराने साइकिल, पुराने जूते, टूटी हुई चेयर, लोहे के खानी डिब्बे, टोकरियां और चाय की केतली के अलावा और भी बहुत सी चीजों का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसको आप घर में पार्टी थीम की तरह भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

## आपकी अलमारी के लिए क्यों है रेड कलर्स सबसे महत्वपूर्ण, 5 कारण...



आपके वार्डरोब में कितने ही कलर्स क्यों न हों लेकिन अगर इनमें रेड कलर शामिल नहीं है तो आपका वार्डरोब अधूरा ही माना जाएगा. वैसे तो कहा जाता है कि लाल रंग सुहाग का रंग होता है लेकिन ऐसा नहीं कि इस रंग की ड्रेसेज केवल विवाहित महिलाएं ही पहन सकती हैं बल्कि ये रंग बना है हर किसी के लिए. बच्चा हो या बुढ़ा, हर कोई इस लालिमा से खूबसूरत दिख सकता है. आइए आपको बताते हैं कि रेड कलर की कौन-सी एक्सेसरीज के साथ आपका वार्डरोब बन सकता है परफेक्ट.

**ड्रेसः** हम मानते हैं कि रेड कलर हर किसी को पसंद नहीं होता, पर फिर भी हम आपको सलाह देंगे कि अगर आप स्टाइलिश और अट्रेक्टिव लगना चाहते हैं तो रेड कलर को अपने वार्डरोब में शामिल जरूर करें. कैजुअल ड्रेसेज में रेड कलर काफी स्टाइलिश लुक देता है.

**ज्वेलरीः** रेड कलर आपको देता है फैमिनाइन लुक. अब इसके साथ एक्सेसरीज भी रेड कलर की हों तो यकीन मानिए आपके ऊपर से नजर हटाना हर किसी के लिए मुश्किल ही होगा. थोड़े पैसे सेव करें और रेड कलर के ईयरिंग्स खरीदें और कमाल देखें.

**पर्स :** आप पार्टी में हों या शादी में सिम्पल से सिम्पल लुक पर अगर कुछ किलर अंदाज हो सकता है तो वो है आपका पर्स. छोटा-सा दिखने वाला रेड कलर का ये खूबसूरत पर्स आपपर खूब फबेगा.



### हील्स

सिर्फ ब्लैक और ब्राउन स्लीपर्स पहनने का चलन अब पुराना हो चुका है. भले ही आपके पास बेहद बोरिंग कलर्स हैं फिर भी इन्हें स्टाइलिश दिखाने के लिए आप रेड कलर्स की स्लीपर्स या हील्स ट्राई कर सकते हैं. ग्लैम लुक पाने के लिए ये काफी अच्छा अंदाज है.



### हेयर

आप अपने हेयर स्टाइल से बोर हो चुके हैं और नया लुक पाना चाहते हैं तो अपने बालों में रेड कलर करवा सकते हैं. कुछ बाल या सिर्फ हाईलाइट कराना भी अच्छा ऑप्शन है. आपके बेरिंग लुक को ये रेड कलर स्टाइलिश अंदाज जरूर देगा.

### पैरेंटिंग टिप्स

## यदि बच्चा निगल लें कोई चीज तो तुरंत करें ये उपाय



कई बार ऐसा होता है कि बच्चे चीजों को मुंह में डालकर निगल जाते हैं। यदि वह वस्तु बच्चे की फूड पाइप में फंस जाएं तो यह काफी खतरनाक होता है। इस स्थिति में हौंसला कभी न खोएं और दिमाग से काम लें। उसी समय यदि कोई समाधान नहीं किया जाता तो बच्चे की जान को भी इससे खतरा हो जाता है। आज हम आपको कुछ ऐसे ही टिप्स बताएंगे, जिनको आप इस्तेमाल करके बच्चे के गले में फंसी चीज को निकाल सकते है।

जब बच्चे ने कुछ निगल लिया हो तो शुरूआत में बच्चे के ये लक्षण दिखाई देते हैं। दम घुटना, सांस लेने में तकलीफ होना, बोल न पाना, नाखून, जुबान या उंगलियां नीली पड़ जाना, सांस लेते समय जोर - जोर से हांफना आदि।

1. जब बच्चे के गले में कोई चीज फंस जाए तो सबसे पहले घबराएं नहीं और हौंसला रखते हुए बच्चे को आगे की तरफ झुकाकर उसकी पीठ को कम से कम 5 बार ठोकें। इसके बाद बच्चे के सीने पर अपनी 2 उंगलियों से हल्का सा दबाव डाल लें। ऐसे ही 3 से 4 बार करें। इससे निगली गई वस्तु जल्द ही बाहर आ जाएगी।

2. मुंह में कुछ फंस जाए तो बच्चे के पेट के ऊपरी भाग को दोनों हाथों से कसकर पकड़ें। उसको झटका देकर ऊपर की ओर उठाए।

3. तेज खांसी होना गले में कुछ फंसे होने का संकेत देता है। ऐसे में खांसते रहे जब तक कफ न बन जाएं। ऐसे निगली वस्तु बाहर आ जाएगी।

4. अगर आपका बच्चा नीला प? जाए या सांस लेने की कोई समस्या उसे हो तो ऐसे में आप समझ लें कि उसकी नली में कुछ फसा हुआ है, ऐसे में तुरंत डॉक्टर के पास अपने बच्चे को लेकर जाएं।

### स्वास्थ्य

## कोलेस्ट्रॉल को कम करती है और एसिडिटी से राहत दिलाती है छाछ

गर्मी के दिनों में कोल्ड ड्रिंक छोड़िए और नैचुरल चीजें अपनाइएं। इसमें सबसे पहले जिसका नाम आता है वह है दही, जो दिल, दिमाग और पेट को शांत करता है। लेकिन जिन लोगों को दही खाना पसंद नहीं वे उसकी जगह छाछ पी सकते हैं। छाछ दही से बनी होती है जिसमें जीरा, कड़ी पत्ता, अदरक, नमक आदि डाला जाता है। नेचुरोपैथी के डा. जयंत सिन्हा बताते हैं कि छाछ पेट को शांत तो रखती है और हाजमा भी सुधारती है। आइए जानें इसके फायदों के बारे में

**हाई ब्लड प्रेशर को करें कम :** जिन चीजों से छाछ तैयार होती है वह एन्टीवायरल, एन्टीबैक्टिरीयल और एन्टी कैंसर गुणों के साथ कोलेस्ट्रॉल को कम करने में मदद करती हैं।

**हाजमा बढ़ाएं :** जब भी आप खाना खायें और एसिडिटी या बदहजमी की आशंका लगे तो छाछ लें। छाछ में जो मसाले उपयोग किए जाते हैं वह हाजमे की शक्ति को बढ़ाने में मदद करते हैं।

**एसिडिटी से दिलाएं राहत :** एसिडिटी के कारण पेट या छाती में जलन हो रही हो तो थोड़ा-थोड़ा करके छाछ पियें। मिनटों में आराम मिल जाएगा। छाछ में मिली काली मर्चि और अदरक डकार और एसिडिटी से आराम दिलाते हैं।

**डिहाइड्रेशन होने से बचाएं :** नमक, पानी, दही और मसालों से बने छाछ में इलेक्ट्रोलाइट होता है जो शरीर में जल की मात्रा को बढ़ाकर डिहाइड्रेशन से बचाता है।

**कोलेस्ट्रोल को करे कंट्रोल :** आयुर्वेद के अनुसार एक गिलास छाछ पीना सेहत के लिए फायदेमंद होता है। छाछ में कोलेस्ट्रॉल को कम करने का प्रभावकारी गुण होता है।

## हरकतों से पहचानें क्या कहना चाह रहे हैं बच्चे



**पैरेंट्स** अपने बच्चे के एक्टिविटी सिग्नल को आसानी से पहचान लेते हैं। हरकत देखकर ही वो बेबी की जरूरत समझ जाते हैं। यह भी सच है कि समझ बनने में काफी वक्त लगता है। नए पैरेंट्स के लिए सबसे मुश्किल समय शायद वही होता है जब वे अपने छोटे बेबी की जरूरतों और चाहतों को समझने की कोशिश कर रहे होते हैं। बच्चों की एक्टीविटीज को ऐसे डिकोड किया जा सकता है...

» कभी कभी बेबी के फेशियल एक्सप्रेशंस वियर्ड हो जाने पर समझ नहीं आता है कि वे चाहते क्या हैं। वे आपसे नजरें मिलाने के बजाए अगर अपना चेहरा घुमा लेते हैं या रोना शुरू कर देते हैं तो जानने की कोशिश करें कि वे क्या चाहते हैं। उन्हें अपने करीब लाकर उन्हें सुरक्षा का एहसास करायें।

» पहले छह और आठ महीने में किड्स स्माइल करना शुरु कर देते हैं। ये सिग्नल उनके शारीरिक जरुरतों की तरफ इशारा करता है। उन्हें अफेक्शन और प्यार की जरुरत होती है। आप उन्हें अच्छा फील करायें।

» तीन से चार महीने के अधिकतर किड्स नकल करना शुरु कर देते हैं। और वैसे ही फेशियल एक्सप्रेशन भी देना शुरु कर देते हैं। अगर पैरेंट्स डिप्रेस्ड हैं तो वे भी दुखी हो जाते हैं। ऐसे में उनके गालों को अपने गालों से चिपका कर उन्हें प्यार का एहसास करायें।

» जब उनका पेट भरा होता है और वे पूरी तरह से संतुष्ट होते हैं तो वे हाथों को खुला कर लेते हैं और उन्हें फैला लेते हैं। इसका मतलब ये होता है कि उन्हें फीडींग की जरुरत नहीं है।

» जब किड्स का बैक पेन होता है तो वे बेड पर पड़े पड़े अपनी पोजीशन चेंज करना चाहते हैं। वे काफी परेशान से हो जाते हैं और रोना शुरू कर देते हैं। ऐसे में बॉडी पोजिशन चेंज करने में उनकी मदद करनी चाहिए। उन्हें बेबी कैरियर पर बिठायें और उन्हें आराम महसूस कराएं।

» जब किड्स अपने आंखों और अपने कानों को रगड़ना शुरु कर दें तो समझना चाहिए उन्हें झुंझलाहट हो रही है या वे थके हुए हैं। ऐसे में उन्हें चाइल्ड स्पेशलिस्ट से दिखायें या फिर उन्हें सुलाने की कोशिश करें।

» बच्चों के रोने की कई वजहें हो सकती हैं। सबसे पहला कारण या तो वे भूखे हैं या फिर वे किसी प्रकार के दर्द से रो रहे होते हैं। ये भी हो सकता है कि वे थक चुके हों। जब वे सोकर उठते हैं और अचानक से रोना शुरू देते हैं तो समझें कि वे भूखे हैं। जब वे कभी भी किसी समय अचानक से रोना शुरु कर दें तो समझें कि वे किसी प्रकार के दर्द से परेशान हैं। जब वे ठीक तरीके से सो नहीं पायें और तुरंत हर एक-दो घंटे में जाग जायें तो समझ जायें कि वे बहुत थके हुए हैं।

## दांतों की तेज झंझनाहट को घरेलू तरीकों से करें दूर



**शरीर** के बाकी अंगों की तरह दांतों का स्वस्थ्य होना भी बहुत जरूरी है। दांत पीले या खराब हो जाएं तो देखने में भी अच्छे नहीं लगते। इसके साथ ही कमजोर दांतों के कारण इनमें ठंड़ा या गर्म लगना भी शुरू हो जाता है। जिससे कई बार दांतों में तेज झंझनाहट होनी शुरू हो जाती है। इस कारण आसानी से कुछ खाना-पीना भी मुश्किल हो जाता है। वैसे तो दांतों की सैंसीविटी से बचने के लिए बाजार में कई तरह के टूथपेस्ट मौजूद हैं लेकिन इनके इस्तेमाल से कुछ समय तक ही दांत ठीक रहते हैं। उसके बाद दोबारा यह समस्या आनी शुरू हो जाती है। आज हम दांतों की झंझनाहट की परेशानी को दूर करने के लिए कुछ घरेलू उपाय लेकर आएं हैं, जिससे आपकी यह परेशानी दूर हो जाएगी।

### 1. काले तिल

दांतों में सैंसिविटी की समस्या है तो रोजाना दिन में 2 बार 1-1 चम्मच काले तिल चबाएं। इसके इस्तेमाल से दांतों में झुनझुनाहट की समस्या दूर हो जाएगी।

### 2. तिल, सरसों और नारियल का तेल

1-1 चम्मच तिल, सरसों और नारियल का तेल लें। इन सबको अच्छी तरह से मिक्स कर लें। रोजाना ब्रश करने के बाद इस मिक्स किए हुए तेल से दांतों और मसूढ़ों की अच्छी तरह से मसाज करें। मसाज करने के बाद गुनगुने पानी से कुल्ला करें। इससे दांत और मसूढ़े मजबूत होने शुरू हो जाएंगे।

### 2. नमक और सरसों के तेल

थोड़ा सा नमक और सरसों का तेल दोनों को अच्छे से मिक्स कर लें। इस मिश्रण से दांतों की धीरे-धीरे मसाज करें। रोजाना मसाज करने से मसूढ़े और दांत मजबूत होते हैं।

### रेसिपी

## चाय के साथ सर्व करें अंजीर चाट



अंजीर आधा छोटा चम्मच
उबला आलू 1 कप
कॉर्न फ्लार एक चौथाई कप
रिफाइंड ऑयल, चमक, दही 1 कप
हरी चटनी 2 छोटा चम्मच
इमली चटनी 2 छोटा चम्मच
पापड़ 2, लाल मिर्च पाउडर एक चौथाई छोटा चम्मच, चाट मसाला एक चौथाई छोटा चम्मच, बारीक कटा धनिया पत्ता, उबला हुआ काबुलीचना 1 चम्मच

### विधि

एक बर्तन में उबले हुए आलू को मैश कर उसमें नमक मिलाएं। अब इसमें अंजीर मिलाकर टिक्की का आकार दें।

» इस टिक्की को कॉर्न फ्लार में लपेटकर मध्यम आंच पर तेल में तब तक डीप फ्राइ करें जब तक वह सुनहरे रंग का न हो जाए।

» अतिरिक्त तेल निकालकर एक प्लेट में रख लें।

» अब इस टिक्की के ऊपर दही, हरी चटनी, इमली की चटनी और उबला हुआ काबुलीचना डाल दीजिए।

» ऊपर से पापड़, लाल मिर्च पाउडर, चाट मसाला और नमक डालकर अच्छी तरह से मिलाएं। ऊपर से हरी धनिया से सजाकर सर्व करें।

## इस बार पनीर से बनाएं टेस्टी जलेबी



फुल क्रीम दूध डेढ़ लीटर
नींबू का रस डेढ़ चम्मच
मैदा 1 चम्मच
बेकिंग पाउडर आधा छोटा चम्मच
नमक चुटकी भर
पानी 3 कप
चीनी 2 कप
घी 2 कप

### विधि

एक गहरे पैन में दूध लें और मध्यम आंच पर उसे गैस पर चढ़ाकर उबाल आने दें। जब दूध में उबाल आ जाए तो उसमें नींबू का रस डाल दें। » नींबू का रस डालते ही दूध फटने लगेगा। जब दूध पूरी तरह से फट जाए तो उसे छान लें। उसका पानी हटा दें और पनीर को मलमल के कपड़े में रख लें।» इस कपड़े का मुंह बांधकर इसे 2 घंटे के लिए कहीं टांग दें ताकि उसका सारा पानी निकल जाए। » अब इस पनीर में मैदा, बेकिंग पाउडर और नमक मिलाकर अच्छे से मिश्रण को मिला लें। » सारे मिश्रण को मिलाकर अच्छी तरह से गूंथ लें और करीब 20 मिनट के लिए फ्रिज में रख दें।» गूंथे हुए मिश्रण को बाहर निकालें और उससे लंबी-लंबी रस्सी की तरह बनाकर जलेबी का शेप दें। इस मिश्रण से 8-10 जलेबी बन जाएगी। » अब एक कढ़ाई में घी गर्म करें। जब घी अच्छी तरह से गर्म हो जाए तो उसमें जलेबी को डालें और अच्छी तरह से फ्राई कर लें। » इस बीच चीनी की चासनी तैयार करें। इसके लिए गहरे पैन में चीनी और पानी और इसे तब तक उबालें जब तक वह गाढ़ा न हो जाए। ध्यान रखें कि चासनी न ज्यादा गाढ़ी होनी चाहिए और न ज्यादा पतली।

## ध्यान नहीं दिया तो ये आदतें बिगाड़ सकती हैं आपकी सेहत

**यूं तो** लोग अपने खाने के मैन्यू का बेहद ख्याल रखते हैं। अच्छी सेहत और फिट रहने के लिए जिम, डाइटिंग और योगा करते हैं। लेकिन अमूमन खाने के बाद की गई कुछ गलत आदतों पर ध्यान नहीं दिया जाता। जिससे हमारी सारी मेहनत पर पानी फिर जाता है। सही जानकारी ना होने के कारण इन आदतों से आपके शरीर को काफी नुकसान पहुंचता है। जितना जरूरी अच्छा भोजन करना है, उतना ही पोषक तत्वों का शरीर को लगना और खाने का सही तरह से पाचन है। अनजाने में की गई तमाम गलतियों का असर स्वास्थ्य पर पड़ता है। जो दबे पांव कई बीमारियों को साथ लाता है। तो आइए जानते हैं कुछ ऐसी आदतें जो आपके स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हैं-

### खाते समय पानी को कहें ना

कभी भी खाना खाते वक्त और खाने के तुरंत बाद पानी ना पिएं। अगर आप खाने के दौरान या बाद में पानी पीते हैं, तो अपनी आदत तुरंत बदलें। ऐसा करने से पाचन तंत्र कमजोर होता है और कब्ज की शिकायत संभव है। सही मायनों में, खाने से आधा घंटे पहले और खाने के एक घंटे बाद ही पानी पीना चाहिए। ध्यान रखें कि खाने से तुरंत पहले भी पानी पीने से पाचन शक्ति कमजोर होती है।

### खाने के बाद नहाने को नो-नो

कुछ लोगों की आदत होती है खाने के बाद नहाने की। अगर आप भी ऐसा करने वालों में शामिल हैं तो सावधान हो जाएं। क्योंकि खाने के बाद खून का संचार पेट की तरफ ज्यादा होता है। ऐसे में नहाने पर शरीर का तापमान तुरंत बदल जाता है। हाथों-पैरों में खून का प्रवाह बढ़ता है और पेट के आसपास रक्त प्रवाह कम हो जाता है। लगातार ऐसा करने से आपका पाचन तंत्र कमजोर पड़ सकता है।

### खाने के बाद आराम को कहें बाय-बाय

अक्सर लोग ओवरईटिंग के शिकार होने के बाद लेट जाते हैं, आराम फरमाते हैं।



लेकिन मालूम हो यह आदत आपके शरीर को बहुत नुकसान पहुंचा सकती है। क्योंकि भोजन को पचने में समय लगता है, ऐसे में खाने के तुरंत बाद बिल्कुल नहीं सोएं। इससे आपकी पाचन क्रिया पर गलत प्रभाव पड़ता है, साथ ही मोटापा भी बढ़ता है।

### चाय और कॉफी पर ब्रेक लगाएं

कई लोगों को खाने के बाद चाय, कॉफी पीना बेहद पसंद होता है। अगर यह आपकी भी आदत में शुमार है तो तुरंत इसे बदलें। खाने के बाद चाय पीना शरीर के लिए बहुत ज्यादा हानिकारक है। चाय शरीर में खाने के द्वारा लिए गए पोषक तत्वों को खत्म करता है। वहीं कॉफी में कैफीन होता है, जो आयरन खत्म करता है। खाने के तुरंत बाद चाय, कॉफी पीने से खाने को पचने में परेशानी होती है। इसलिए, कोशिश करें कि खाने के एक घंटे तक चाय की चुस्की पर ब्रेक लगाएं।

### खाने के बाद तुरंत ना टहलें

लोगों में मिथ्या है कि खाने के बाद टहलना सेहत के लिहाज से फायदेमंद है। इसलिए लोग फैट घटाने और भोजन पचाने की एवज में मीलों वॉक के लिए निकल पड़ते हैं। लेकिन जरा संभलकर... खाने के तुरंत बाद वॉक करने से पाचन क्रिया धीमी हो जाती है। क्योंकि शरीर को खाने के पोषक तत्व लेने में समय लगता है। टहलना ही है तो खाने के आधे घंटे बाद जाएं। लंच के बाद आराम करें और डिनर के आधे घंटे बाद हल्की सी वॉक पर निकलें। वॉक के समय तेज गति से चलने की बजाय धीरे-धीरे घूमें। साथ ही 20 मिनट से ज्यादा ना टहलें।

### खाने के तुरंत बाद ना खाएं फल

अमूमन सभी घरों में खाने के बाद कुछ मीठा खाने का चलन है। मीठा खाने के लिए लोग फलों का सेवन बेहतर मानते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कभी भी खाने के तुरंत बाद फल नहीं खाने चाहिए। खाने के बाद शरीर को खाना पचाने में समय लगता है। अगर इसी दौरान आप फल भी खा लेते हैं तो वो पेट में ही चिपक जाते हैं। फिर ना तो फल और ना भोजन के पोषक तत्व शरीर को मिलते हैं। इसलिए या तो खाने से दो घंटे पहले फल खाएं या खाने के दो घंटे बाद। सबसे बेहतर है सुबह के समय खाली पेट फल खाना।

### खाने के बाद सिगरेट से करें तौबा

सिगरेट पीना वैसे तो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है ही। कुछ लोगों का खाना तब तक नहीं पचता जब तक वह सिगरेट ना सुलगा लें। अगर आप भी इस फेहरिस्त में शामिल हैं तो जान लें कि खाने के तुरंत बाद धूम्रपान दस गुना ज्यादा खतरनाक होता है। मतलब खाने के बाद एक सिगरेट पीना दस सिगरेट के बराबर है। जिससे पाचन क्रिया, किडनी, दिल को नुकसान पहुंचता है।

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए पी.जी. इंडिया लिमिटेड एमआईई, कालापहाड़, गुवाहाटी-16 से मुद्रित एवं गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।
संपादक : राकेश शर्मा, मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 • कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम • फोन : 0361-2960054 ( संपादकीय ) e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, ( सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन )